Page 11

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09



खेल

## हार्दिक पांड्या को वर्ल्ड कप खेलना है तो करना होगा ये काम, सिलेक्टर्स ने कहा गेंदबाजी...

देश

## पूर्व आईपीएस अधिकारी के. अन्नामलाई को भाजपा ने नहीं बनाया उम्मीदवार?



मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, विशाखा, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • रविवार • 05 अप्रैल 2026 • वर्ष 28 • अंक 123 • पृष्ठ 12

### सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,38,350 | ₹ 2,50,000 |

### आज का इतिहास

**2002 :** भारत, म्यांमार व थाइलैंड के बीच मोरे-कलावा-मांडले सड़क परियोजना पूरी करने हेतु सहमति हुई।

**1961 :** भारत सरकार की ओर से प्रायोजित पहली "इंडियन ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल लिमिटेड कंपनी "की स्थापना हुई।

### न्यूज बाइट्स

#### प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. शत्रुघ्न प्रसाद सिंह का आकस्मिक निधन

**नवादा (नि.सं.)।** नवादा जिले के सुप्रसिद्ध चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. शत्रुघ्न प्रसाद सिंह का आकस्मिक निधन हो गया है। उनके निधन की खबर मिलते ही पुर नवादा में शोक की लहर दौड़ गई। पुरानी जेल रोड स्थित उनके आवास पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, चिकित्सक समुदाय, पूर्व राज्य मंत्री, पूर्व विधायक और आम जनता बड़ी संख्या में पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।

#### 12 अप्रैल को नीतीश का इस्तीफा, 14 को नए सीएम की शपथ

**पटना (नि.सं.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा चुनाव जीतने के बाद बिहार में नई सरकार के गठन पर अटकलें तेज हैं। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि नीतीश अगले सप्ताह दिल्ली जाएंगे और राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। इसके बाद वे पटना लौटकर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। इसके बाद बिहार में नई सरकार का गठन होगा और राज्य को नया मुख्यमंत्री मिलेगा। 14 अप्रैल तक नए सीएम की शपथ होने की चर्चा भी चल रही है। हालांकि, इस बारे में किसी तरह की आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से दावा किया जा रहा है कि नीतीश कुमार के 9 अप्रैल को दिल्ली जाने का कार्यक्रम है। 10 अप्रैल को राज्यसभा सांसद के रूप में उनका शपथ ग्रहण होने की संभावना है। इसके अगले दिन 11 अप्रैल को वे पटना लौट सकते हैं। फिर 12 अप्रैल को नीतीश मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र देकर राज्यपाल को सौंप सकते हैं।

#### बिहार में भीषण गर्मी के साथ आंधी-बारिश का अलर्ट

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है और इस बार स्थिति दोहरी चुनौती लेकर आई है। एक ओर जहां तापमान तेजी से बढ़कर 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच रहा है और लू जैसे हालात बन रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मौसम विभाग ने 6 अप्रैल को राज्य के कई जिलों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। ऐसे में लोगों को अगले कुछ दिनों तक गर्मी और खराब मौसम, दोनों से सतर्क रहने की जरूरत है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, राज्य में अगले पांच दिनों तक मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रह सकता है। दिन में तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है, जबकि शाम या अगले दिनों में अचानक मौसम बदलने की संभावना जताई गई है।

बिहटा एयरपोर्ट-एलिवेटेड कॉरिडोर पर सीएम नीतीश कुमार का फोकस, काम में तेजी और गुणवत्ता पर जोर

# हवाई कनेक्टिविटी होगी मजबूत, रोजगार के नए अवसर होंगे उत्पन्न : मुख्यमंत्री



**निज संवाददाता | पटना**

बिहार में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को गति देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को दानापुर-बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर और बिहटा एयरपोर्ट परियोजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने के साथ-साथ गुणवत्ता बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने बिहटा एयरपोर्ट परिसर में चल रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। अधिकारियों ने उन्हें साइट मैप के माध्यम से रनवे, यात्री सुविधाओं और कनेक्टिविटी से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं और निर्माण में सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन हो। उन्होंने दानापुर-बिहटा एलिवेटेड पथ का भी जायजा लिया और कहा कि इस कॉरिडोर के बनने से पटना से बिहटा तक आवागमन तेज और सुगम होगा। यह परियोजना राजधानी की ट्रैफिक समस्या को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहटा एयरपोर्ट के शुरू होने से जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर बढ़ते दबाव को कम किया जा सकेगा। इससे यात्रियों को बेहतर और आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी, साथ ही हवाई यात्रा अधिक सुविधाजनक होगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस परियोजना से राज्य में हवाई कनेक्टिविटी मजबूत होगी और व्यापार, निवेश तथा रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे, जिससे क्षेत्रीय विकास को नई दिशा मिलेगी। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए परियोजनाओं को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।

सीएम ने वन सेवा प्रशिक्षुओं से की मुलाकात

## हरित आवरण बढ़ाने पर दिया विशेष जोर



**निज संवाददाता | पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को वर्ष 2024 बैच के बिहार कैडर के भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्य में हरित आवरण बढ़ाने की दिशा में अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु अधिकारियों हिमांशु द्विवेदी, प्रिंस कुमार सिंह, रविन्दर कुमार वर्मा और योगेश बोरकर से संवाद करते हुए कहा कि वे वर्तमान में प्रशिक्षण अवधि में हैं, लेकिन भविष्य में उनकी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिहार में एक समय हरित आवरण मात्र 9 प्रतिशत था, जिसे राज्य सरकार के प्रयासों से बढ़ाकर 17 प्रतिशत तक पहुंचाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरत है और इसमें वन सेवा अधिकारियों की भूमिका बेहद अहम है।

उन्होंने प्रशिक्षुओं से अपील की कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन संवेदनशीलता, ईमानदारी और अनुशासन के साथ करें तथा राज्य के हरित क्षेत्र को और विस्तार देने में सक्रिय भागीदारी निभाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों में बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए जनजागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लोगों के बीच पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने में भी सक्रिय भूमिका निभाएं।

#### जल संकट और वर्षा में कमी पर चिंता

नीतीश कुमार ने राज्य में घटते वर्षापात पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जल संचयन को प्राथमिकता देना आवश्यक है। उन्होंने जोर दिया कि यदि समय रहते जल संरक्षण पर ध्यान नहीं दिया गया, तो भविष्य में भूजल स्तर पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

# यात्रियों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता : अश्विनी वैष्णव

**एजेंसी | नई दिल्ली**



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली स्थित रेल भवन में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ देशव्यापी समीक्षा बैठक कर स्पष्ट किया कि यात्रियों, विशेषकर गरीब और मध्यम वर्ग को आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा अनुभव उपलब्ध कराना भारतीय रेलवेकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में उन्होंने अधिकारियों से सामूहिक प्रयास के जरिए यात्री अनुभव को बेहतर बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन देश की छवि का प्रतिनिधित्व करते हैं, इसलिए उनकी स्वच्छता, सुव्यवस्था और सुविधाओं पर विशेष ध्यान देना जरूरी है।

रेल मंत्री ने सुरक्षा, प्रदर्शन और भीड़ प्रबंधन के क्षेत्र में हुए सुधारों पर संतोष जताते हुए बताया कि पिछले वर्ष दुर्घटनाओं में ऐतिहासिक कमी आई है और माल ढुलाई में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है। त्योहारों के दौरान विशेष ट्रेनों के सफल संचालन की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इससे यात्रियों की बढ़ती मांग को प्रभावी ढंग से पूरा किया गया। साथ ही पीक सीजन में बेहतर भीड़ प्रबंधन और सुगम बोर्डिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

रेलवे के आधुनिकीकरण और बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में मिले रिकॉर्ड बजट का सही उपयोग करते हुए स्टेशनों का उन्नयन और यात्री सुविधाओं में व्यापक सुधार किया जाना चाहिए। भूमि अधिग्रहण से जुड़े लंबित मामलों को तेजी से निपटाने के निर्देश भी दिए गए। रेलवे ट्रैक के आसपास अतिक्रमण के मुद्दे पर मंत्री ने संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी की आजीविका प्रभावित न हो, इसके लिए राज्य सरकारों के साथ समन्वय बनाकर मानवीय तरीके से समाधान निकाला जाए।

एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए रेल मंत्रालय ने कहा कि जहां संभव हो, वहां फुट ओवरब्रिज के बजाय अंडरपास को प्राथमिकता दी जाएगी। ये अंडरपास पैदल यात्रियों के साथ-साथ साइकिल, दोपहिया और कुछ मामलों में छोटे वाहनों के लिए भी उपयोगी होंगे। इसके लिए देश के विभिन्न हिस्सों में पायलट प्रोजेक्ट शुरू किए जाएंगे। इसके अलावा मंत्री ने 85 प्रतिशत से अधिक समयपालन बनाए रखने वाले रेलवे जोनों की सराहना करते हुए कहा कि सुरक्षा, सेवा गुणवत्ता और बुनियादी ढांचे के निरंतर विकास के जरिए यात्रियों को बेहतर और भरोसेमंद यात्रा अनुभव प्रदान किया जाएगा।

## 9वीं के छात्रों को एनसीईआरटी पुस्तकों का इंतजार



**पटना (नि.सं.)।** नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत के साथ जहां आमतौर पर छात्रों के चेहरों पर नई किताबों और नए सपनों की चमक दिखाई देती है, वहीं इस बार कक्षा 9वीं में जाने वाले विद्यार्थियों के लिए स्थिति बिल्कुल उलट है। स्कूल खुलने की तैयारी में हैं, शिक्षक नए सिलेबस के अनुरूप पढ़ाई शुरू करने को तैयार हैं, लेकिन छात्रों के हाथों में अब तक किताबें नहीं पहुंच पाई हैं, जिससे उनकी उत्सुकता अब चिंता में बदल गई है। नई शिक्षा नीति के तहत इस सत्र में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की 9वीं कक्षा की पुस्तकों में बड़े बदलाव किए गए हैं। साइंस, सोशल साइंस, इंग्लिश और मैथ्स जैसे प्रमुख विषयों में कई अध्याय जोड़े और हटाए गए हैं, वहीं कई टॉपिक्स को नए स्वरूप में शामिल किया गया है। ऐसे में पुरानी किताबें अब उपयोगी नहीं रह गई हैं और छात्रों को नई किताबों से ही पढ़ाई करनी है। लेकिन समस्या यह है कि ये नई किताबें अभी तक बाजार में उपलब्ध ही नहीं हैं। पटना सहित राज्य के कई हिस्सों में छात्र और अभिभावक किताबों की तलाश में भटक रहे हैं। पटना के कदमकुआं स्थित ज्ञान गंगा पुस्तक दुकान, जो एनसीआरटी पुस्तकों की बड़ी सप्लाई के लिए जानी जाती है, वहां भी 9वीं की नई किताबें नहीं पहुंची हैं। दुकान से जुड़े अमित कुमार सिंह ने बताया कि रोज बड़ी संख्या में लोग किताबें लेने आ रहे हैं, लेकिन स्टॉक नहीं होने के कारण सभी को निराश होकर लौटना पड़ रहा है।

# पर्यावरण मंजूरी में अटका खनन 24 बालू घाटों पर काम शुरू नहीं

**निज संवाददाता | पटना**

राज्य के छह जिलों में 24 बालू घाटों से खनन शुरू नहीं हो सका है। पर्यावरणीय मंजूरी की कमी के कारण खनन में देरी हो रही है। खान निदेशक ने संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। 463 बालू घाटों में से 306 की नीलामी हो चुकी है, लेकिन कई घाटों पर खनन शुरू नहीं हो सका है। खान एवं भूतत्व विभाग के स्तर पर कार्यादेश निर्गत होने के बाद भी राज्य के छह जिलों में 24 बालू घाटों से खनन शुरू नहीं हो सका है। पर्यावरणीय मंजूरी को लेकर यहां पर मामला अटका है। विभागीय समीक्षा में इसकी जानकारी मिलने पर विभाग ने इसे गंभीरता से लिया है। खान निदेशक मनेश कुमार मीणा ने संबंधित जिलों के पदाधिकारियों को बंदोबस्तधारियों से सक्षम प्राधिकार के समक्ष आवेदन कराने के साथ ही प्रथम किश्त का भुगतान लेने के निर्देश दिए हैं। विभागीय समीक्षा में पाया गया है कि राज्यभर के 463 बालू घाटों में से 306 बालूघाटों की नीलामी हो चुकी है, जबकि 157 अनिलामित हैं। नीलाम हो चुके 180 बालू घाटों पर खनन शुरू करने के लिए कार्यादेश निर्गत किया जा चुका है, लेकिन, सिया और बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद की स्वीकृति के अभाव में कई घाटों पर खनन का कार्य शुरू नहीं हो सका है।

#### औरंगाबाद में सबसे अधिक 57 बालू घाट अनिलामित

जिन बालू घाटों की नीलामी नहीं हो सकी है, उनमें सर्वाधिक 57 औरंगाबाद में है। इसके साथ ही गया के 20, जहानाबाद के 12, पटना और नवादा के 11-11, भोजपुर के 10, रोहतास-नालंदा के आठ-आठ, जमुई के सात, लखीसराय और भागलपुर के पांच-पांच तथा अरवल के तीन बालूघाट अब भी अनिलामित हैं।

बांका में भीषण सड़क हादसा

# चाचा-भतीजा समेत तीन की हुई मौत, चार गंभीर घायल



**निज संवाददाता | बांका**

बांका जिले के बेलहर थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा देवघर-सुल्तानगंज मुख्य मार्ग पर जिलेबिया मोड़ के पास उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार कार और बाइक के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन सड़क किनारे खाई में जा गिरे, जिससे घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। मृतकों की पहचान ओढ़नी डेम थाना क्षेत्र के वनरझोप गांव निवासी रूपेश कुमार साह उर्फ भगत शाह (28), सुरेंद्र साह (40) और बालेश्वर साह (59) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि तीनों आपस में चाचा-भतीजा थे, जबकि रूपेश और सुरेंद्र चचेरे भाई थे। इस हादसे ने एक ही परिवार को गहरा सदमा दे दिया है। परिजनों के अनुसार, रूपेश के नवजात बेटे की दो दिन पहले ही मौत हो गई थी। परिवार को आशंका थी कि किसी प्रकार का जादू-टोना हुआ है, इसी वजह से तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर बेलहर क्षेत्र में झाड़-फूंक कराने जा रहे थे।

## राजस्व कार्य ठप : हड़ताल से बढ़ा लंबित मामलों का बोझ

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार में पिछले करीब एक महीने से जारी अंचलाधिकारी (सीओ) और राजस्व अधिकारियों की हड़ताल का असर अब साफ तौर पर प्रशासनिक कामकाज पर दिखने लगा है। 9 मार्च से शुरू हुई इस हड़ताल के कारण राज्य में राजस्व से जुड़े अधिकांश कार्य ठप हो गए हैं, जिससे आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हड़ताली संघ के अनुसार 9 मार्च से 4 अप्रैल के बीच कुल 15,849 मामले सामने आए, लेकिन इनमें से केवल 604 मामलों का ही निपटारा हो सका है। यानी महज लगभग 4 प्रतिशत मामलों का निष्पादन हुआ, जबकि 15,220 से अधिक मामले अब भी लंबित हैं। यह स्थिति पिछले वर्ष की तुलना में बेहद चिंताजनक है। वर्ष 2025 में इसी अवधि के दौरान 92,763 मामले आए थे, जिनमें से 81,313 मामलों का समाधान कर लिया गया था। संघ के प्रतिनिधियों का कहना है कि वे सरकार से टकराव नहीं चाहते, लेकिन समस्याओं का समाधान सम्मानजनक संवाद के माध्यम से ही संभव है। बिरसा यूनाइटेड के अध्यक्ष सह संयुक्त मोर्चा के प्रवक्ता आदित्य शिवम शंकर ने कहा कि सरकार द्वारा हड़ताली कर्मियों के प्रति इस्तेमाल की जा रही भाषा से स्थिति और जटिल हो रही है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि संघ की मुख्य मांग है कि 5 फरवरी 2026 को उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा द्वारा किए गए वादों को पूरा किया जाए।




सत्यमेव जयते

राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

बिहार लोक भवन
पटना–800022
BIHAR LOK BHAVAN
PATNA-800022

**संदेश**

ईस्टर के पावन अवसर पर मैं समस्त बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ।

ईस्टर प्रभु ईसा मसीह का पुनरुत्थान तथा मृत्यु पर जीवन की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें आशा, नवजीवन, प्रेम और क्षमा का संदेश देता है।

आइए, इस अवसर पर हम सब करुणा, मैत्री, सेवा और सहिष्णुता जैसे मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लें तथा एक शांतिपूर्ण, समरस और समावेशी समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।

ले.ज.सय्यद अता हसनैन (से.नि.)

PR No.- 027202 (Governor Secretariat)D. 2025-26



UDISE: 10330813006 E-mail: gyandeepteha@gmail.com

School Reg. No - 23915402021829184447

GYANDEEP VIDYALAYA

CBSE CURRICULUM, CO-EDUCATIONAL Proposed to be upgraded upto Sr Secondary

TEHTA, SAREN (JEHANABAD)



REQUIRES

1. PGT - Physics, Chemistry, Math, English, Geography Qual: MA/MSc, B.Ed
2. TGT - English, Social Science, Hindi, Science Qual: BA / B. Sc, B.Ed
3. PRT - General Subjects Qual: BA/B.Sc, DEIEd

1. Preference for candidates with TET Qualified/ Experienced.
2. Salary as per mutual negotiations
3. Walk-In-Interviews from 3rd to 8th April, 2026 Time: 10 to 02 PM With Educational Qualification documents.





Harivansh Narayan Sinha
Director
9934464328

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### लेंगुरा से पुलिस ने शराब लदे बाइक को किया जब्त, धंधेबाज भागने में रहा सफल,प्राथमिकी दर्ज

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के लेंगुरा पंचायत के छठ घाट के समीप से शनिवार को पुलिस बलों ने एक शराब लदी बाइक को जब्त किया है,जबकि शराब धंधेबाज पुलिस के गिरफ्त से बाहर रहा। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र को शराबमुक्त बनाए जाने को लेकर शराब निर्माण,भंडारण,परिवहन,बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान किया जा रहा है। शनिवार को लेंगुरा गांव में शराब की खेप को लेकर गुप्त सूचना मिली। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर थाने में पदस्थापित पीटीसी उपेंद्र कुमार को सशस्त्र पुलिस बलों के साथ भेजा गया। पुलिस लेंगुरा गांव के रस्ते में ही थे कि शराब लादकर ला रहा धंधेबाज दूर से देखकर बाइक पर लदे शराब को सड़क के किनारे पटककर खेत-खलिहानों के रस्ते भाग खड़ा हुआ। पुलिस बलों ने लंगूर के छठ घाट के समीप से स्प्लेंडर बाइक संख्या बीआर27डी4272 पर लदे प्लास्टिक के बोरे में बंद लगभग 20 लीटर शराब को जब्त किया है। जब्त शराब व बाइक के अलावे शराब धंधेबाज के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस शराब धंधेबाज की गिरफ्तारी को लेकर अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

### शराब मामले में कार मालिक को पुलिस ने किया गिरफ्तार,भेजे गए जेल

#### बिना ट्रांसफर के गाड़ी दूसरे को देना पड़ा महंगा

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के बभनटोली से जब्त शराब लदी कार मामले में पुलिस बलों ने कार मालिक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार बीते वर्ष 2025 के 12 मार्च की रात्रि को तत्कालीन थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के द्वारा रजौली के बभनटोली से शराब लदी एक कार को जब्त करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। साथ ही रजौली थाना कांड संख्या 121/25 में प्राथमिकी दर्ज किया गया था। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि कांड के अनुसंधानकर्ता एसआई नूर आलम ने जब्त कार ऑल्टो संख्या जेएच01एए9242 के मालिक को बीते शुक्रवार की रात्रि को गुप्त सूचना के आलोक में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कार मालिक की पहचान झारखंड के कोडरमा जिले के पारहो सपही गांव निवासी राजो साव के पुत्र निरंजन साव के रूप में हुई है। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि वह अपनी ऑल्टो कार एग्रीमेंट कर दूसरे के यहां बेच दिया था,जिसका नाम ट्रांसफर नहीं हुआ था और वह कार रजौली पुलिस द्वारा शराब के साथ पकड़ा गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त से जरूरी पूछताछ के बाद उसे शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### प्रख्यात चिकित्सक डॉ. शत्रुघ्न बाबू का निधन पर हम के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्याम सुंदर शरण ने जताया शोक

**नरहट (नवादा)**। जिले के सुप्रसिद्ध चिकित्सक और समाजसेवी डॉ. शत्रुघ्न बाबू के निधन से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन को सामाजिक और सार्वजनिक जीवन के लिए एक बड़ी क्षति माना जा रहा है। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता श्याम सुन्दर शरण ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. शत्रुघ्न बाबू का निधन केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि एक युग के अंत के समान है। उन्होंने कहा कि डॉ. बाबू का जीवन समाजसेवा, सरलता और समर्पण का प्रतीक रहा और उन्होंने वर्षों तक हर वर्ग के लोगों की सेवा कर अपनी अलग पहचान बनाई। श्याम सुन्दर शरण ने बताया कि स्वर्गीय डॉ. शत्रुघ्न बाबू का उनके परिवार से भी आत्मीय संबंध रहा है। वर्ष 1995 में समता पार्टी के बैनर तले उन्होंने उनके पिता स्वर्गीय अखिलेश्वर बाबू के साथ चुनावी मैदान में उतरकर संगठन और विचारधारा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि डॉ. शत्रुघ्न बाबू के निधन से जो शून्य उत्पन्न हुआ है, उसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति दें।

### कौआकोल में 10 अप्रैल को होगा भव्य दुगोला सांस्कृतिक कार्यक्रम

**कौआकोल**। कौआकोल थाना के खेल मैदान परिसर में 10 अप्रैल को श्री संकट मोचन मंदिर थाना गेट कौआकोल के सौजन्य से भव्य दुगोला सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है।आयोजनकर्ता एवं मंदिर कमिटी के अध्यक्ष अजय कुमार उर्फ छोटू मालाकार ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। इस सांस्कृतिक आयोजन में झरिया (झारखंड) के प्रसिद्ध कलाकार शिवशंकर व्यास तथा बक्सर (बिहार) के चर्चित कलाकार बूढ़ा व्यास के बीच दुगोला महामुकाबला होगा, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की है। कमिटी के सदस्य अजीत वर्मा,शम्भू यादव,कपिल डीलर आदि कार्यक्रम को सफल बनाने में जोर-शोर से लगे हुए हैं।

# निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में मरीजों को चश्मे और आई ड्रॉप के लिए जा रहे 200 रुपए

## नेत्र सहायक के भरोसे चल रहा अनुमंडलीय अस्पताल, नेत्र रोग विशेषज्ञ नदारद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**रजौली**। रजौली मुख्यालय स्थित इंटर विद्यालय के प्रांगण में गया के लोक नायक जय प्रकाश आंख अस्पताल के द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर सुबह 10 बजे से शुरू हुआ और दोपहर 3 बजे समाप्त होगा। शिविर में अस्पताल की ओर से ऑर्गनाइजर उपेंद्र सिंह,कॉर्डिनेटर उदय प्रताप सिंह,नेत्र जांच विशेषज्ञ मुस्कान कुमारी,ओसीए कल्पना कुमारी व आरती कुमारी मौजूद रहे। शिविर पहुंचने वाले मरीजों का आंख जांच कर एक चश्मे और आई ड्रॉप दिया जा रहा है,जिसके लिए मरीजों से 200 रुपए लिए जा रहे हैं। इस मौके पर सिरदला के बैरियाटांड़ गांव निवासी सुरेश चौधरी की पत्नी गुलाबी देवी व किशुन मिस्त्री के पुत्र दयानंद मिस्त्री,राधे बिगहा निवासी दुखन घटवार की पत्नी पुनिया देवी,चौथा गांव निवासी सुरेश सिंह की पत्नी मंजू देवी,पुरानी बस स्टैंड निवासी मुरारी प्रसाद,इंटर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य आशुतोष प्रधान एवं शिक्षक सुबोध कुमार के अलावे दर्जनों लोगों ने अपने नेत्र की जांच करवाई। प्रभारी प्रधानाचार्य आशुतोष प्रधान ने बताया कि निःशुल्क नेत्र जांच के बाद एक आई ड्रॉप और चश्मे दिए गए,जिसके लिए 200 रुपए लिए गए। वहीं पुरानी बस स्टैंड के मुरारी प्रसाद ने बताया कि शुक्रवार को बाजार क्षेत्र में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर के बारे में माइकिंग की गई थी,किंतु शिविर में आने के बाद पैसे लेकर सुविधा मुहैया कराया जा रहा है। वहीं अन्य लोगों ने कहा कि निःशुल्क जांच शिविर के नामपर वे घर से की धूप में रजौली आए थे,किंतु पैसे नहीं होने के कारण वे बिना चश्मा और आई ड्रॉप लिए वापस घर लौट रहे हैं।

**नेत्र सहायक के भरोसे चल रहा है अनुमंडलीय अस्पताल :-** रजौली मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल सह ट्रामा सेंटर के बहु मंजिला भवन करोड़ों रुपए की लागत से बना हुआ है,किंतु स्वास्थ्य सुविधाएं शून्य है। अस्पताल में नेत्र रोग विशेषज्ञ के पद बीते कई वर्षों से खाली रहा था। वहीं बीते माह मार्च में नेत्र रोग विशेषज्ञ के रूप में डॉ. प्रियंका शर्मा की पदस्थापना हुई थी,किंतु उनके लंबे छुट्टी पर चले जाने से व्यवस्था पूर्ववत बन गया है। अस्पताल में नेत्र सहायक के रूप में बीते 16 वर्षों से सुमन सौरभ पदस्थापित हैं,जो मरीजों के नेत्र की जांच कर चश्मा आदि का रिपोर्ट तैयार करते हैं। नेत्र सहायक द्वारा तैयार किया गया रिपोर्ट राज्य स्वास्थ्य समिति के पास भेजा जाता है,तब वहां से कुरियर के माध्यम से आवंटन हेतु चश्मा अस्पताल में आता है। अस्पताल में नेत्र संबंधित व्यवस्था नहीं रहने के कारण लोग निजी अस्पतालों द्वारा लगाए जा रहे शिविर में पहुंचते हैं, जहां उनका आर्थिक दोहन किया जाता है।

**क्या कहते हैं प्रभारी डीएस :-** अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार ने बताया कि अस्पताल में बीते माह डॉ. प्रियंका शर्मा का पदस्थापना नेत्र रोग विशेषज्ञ के रूप हुई थी,जो चाइल्ड केयर लीव पर चली गई है। उन्होंने बताया कि विभाग से चिकित्सक के पदस्थापना के बाद नेत्र संबंधी व्यवस्था सुदृढ़ की जाएगी,ताकि आसपास के जरूरतमंद लोगों को लाभ दिया जा सके।

### बीईओ ने मध्य विद्यालय बेरौटा का किया निरीक्षण, शिक्षा व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश



विद्यालय का निरीक्षण करते बीईओ

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नरहट (नवादा)**: प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) निशांत प्रियदर्शी ने शनिवार को प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेरौटा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, छात्र उपस्थिति एवं संसाधनों की स्थिति का जायजा लिया।

इस दौरान उपस्थित प्रधानाध्यापक सुरेंद्र प्रसाद को शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कई आवश्यक निर्देश दिए गए। बीईओ ने स्पष्ट रूप से कहा कि विद्यालय के पोषक क्षेत्र के बच्चों का नामांकन अन्य स्कूलों में न हो, इस पर विशेष ध्यान रखा जाए तथा अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया जाए। विद्यालय में शिक्षकों की संख्या प्रधानाध्यापक सहित कुल सात है। नामांकन की स्थिति की समीक्षा करते हुए बताया गया कि कक्षा 1 से 5 तक 101 तथा कक्षा 6 से 8 तक 56 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। बीईओ ने बच्चों की नियमित उपस्थिति बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में खेलकूद सामग्री एवं शैक्षणिक उपकरणों (मैजिकल इंस्ट्रूमेंट्स) की भी जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि सरकारी विद्यालयों के शिक्षक निजी कोचिंग संस्थानों से अधिक योग्य हैं। यदि शिक्षक विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेंगे, तो छात्र निजी कोचिंग की ओर आकर्षित नहीं होंगे। अंत में बीईओ ने सभी शिक्षकों को अनुशासन, गुणवत्ता और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया।

### आंगनबाड़ी के चार बच्चों को ढोल बाजे के साथ प्राथमिक विद्यालय में कराया गया दाखिला



स्कूल में दाखिला के लिए जाते बच्चे

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नरहट (नवादा)**। नवादा से एक सकारात्मक और प्रेरणादायक खबर सामने आई है। समाजसेवी एवं भीम आर्मी नवादा के महामंत्री राजेश दास ने शिक्षा के उत्थान और जागरूकता को लेकर एक सराहनीय पहल की। इस अवसर पर उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र नरहट चौबटिया कोड संख्या 45 के चार बच्चों का नामांकन मोहन नगर प्राथमिक विद्यालय में कराया। नामांकन को उत्सव का रूप देते हुए बच्चों को ढोल-नगाड़ों के साथ विद्यालय तक लाया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में एक सकारात्मक संदेश गया। बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए उन्हें ड्रेस, किताबें और स्कूल बैग भी वितरित किए गए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि जगाना और उनका मनोबल बढ़ाना था, ताकि वे आगे चलकर पढ़-लिखकर समाज और देश की सेवा कर सकें। कार्यक्रम के दौरान बच्चों और उनके अभिभावकों में खासा उत्साह और खुशी देखने को मिली।

इस मौके पर राजेश दास ने कहा कि "शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जिसके जरिए समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।" उन्होंने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों को जारी रखने का संकल्प दोहराया। इस मौके पर आंगनबाड़ी सेविका गीता कुमारी एवं सहायिका अनिता कुमारी मौजूद थे।

# मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को विधायक ने किया सम्मानित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली**। रजौली प्रखंड क्षेत्र के अमावां गांव के इंटर विद्यालय में आयोजित 'कल के भविष्य का आज अभिनंदन' कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में रजौली विधानसभा के लोकप्रिय विधायक विमल राजवंशी उपस्थित रहे। उनके साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष गुड्डू राय, मृत्युंजय सिंह और रुद्र प्रताप सिंह भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिला और राज्य में अमावां स्कूल का नाम रौशन करने वाले सभी टॉपर विद्यार्थियों में मैट्रिक की संस्कृति कुमारी,विक्रम कुमार व खुशी कुमारी, इंटरमीडिएट के विज्ञान संकाय में जिगर कुमार,नीरज कुमार व रोहित कुमार एवं कला संकाय में सुनीता कुमारी,नीलम कुमारी व सुनैना कुमारी को मेडल पहनाकर और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।



छात्र छात्राओं को पुरस्कृत करते विधायक व प्रधानाचार्य

विधायक विमल राजवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों में एक अलग ऊर्जा का संचार होता है, जिससे उन्हें भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का जज्बा जागृत हो जाता है।विधायक ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अमावां इंटर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक शशि भूषण कुमार और स्कूल के सभी शिक्षकगण को आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह प्रयास समाज में शिक्षा के क्षेत्र में अलख की ज्योति जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक कामना की गई और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विधायक विमल राजवंशी ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे समाज और देश का विकास हो सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपनी शिक्षा को पूरी तरह से समर्पित करें और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें।इस कार्यक्रम में अमावां इंटर विद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षकों ने किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में वरीय शिक्षक सुनील कुमार, अखिलेश कुमार,मो. तस्लीम, प्रभात कुमार ललन, आकिब जावेद, प्रेम कुमार भारती, अनुराग कुमार, अलका पंडित, वंदना कुमारी, संगीता कुमारी, दीपमाला कुमारी के साथ अमावां के अभिभावक और स्थानीय निवासी शामिल थे। सभी ने कार्यक्रम की सराहना की और इसे एक सफल आयोजन बताया।

# जिंदल प्रोजेक्ट को पीएचईडी से दो वर्षों से नहीं हुआ राशि का भुगतान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



- राशि के अभाव में जिंदल कंपनी चल रही है जैसे-तैसे काम
- लगभग 3 महीना पूर्व ही मेंटेनेंस का टेन्योर हो चुका है पूरा, अब तक नहीं हुआ नवीनीकरण

**रजौली**। प्रधानमंत्री शुद्ध पेयजलापूर्ति योजना के तहत नवादा जिले के रजौली प्रखंड के 10 पंचायत में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति करने वाली जिंदल प्रोजेक्ट को लगभग दो वर्षों से पीएचईडी के द्वारा उनकी मेंटेनेंस राशि का भुगतान नहीं किया गया है,जिससे जिंदल प्रोजेक्ट के समक्ष कंपनी के समक्ष काफी मुश्किल खड़ी हो गई है।

पीएचईडी के द्वारा राशि का भुगतान नहीं किए जाने पर जिंदल कंपनी जैसे-तैसे अपना प्रोजेक्ट चला रही है। सूत्रों के मुताबिक प्रोजेक्ट के तहत काम करने वाले अधिकारियों व कर्मियों को जिंदल कंपनी के द्वारा आपसी व्यवस्था कर जैसे-तैसे उनके वेतन का भुगतान किया जा रहा है। समय पर वेतन भुगतान नहीं होने से अधिकारियों व कर्मियों को भी दिक्कतें हो रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक लगभग डेढ़ महीने पूर्व 14 जनवरी 2026 को ही मेंटेनेंस कार्य का टेन्योर पूरा हो गया है। ऐसे में पीएचईडी के द्वारा डेढ़ वर्षो से बकाया राशि का भुगतान नहीं किए जाने और मेंटेनेंस के लिए टेन्योर का नवीनीकरण नहीं किए जाने से रजौली प्रखंड के 10 पंचायतों के 90 गांवों में ग्रामीणों को शुद्ध पेयजलापूर्ति करने की योजना पर ग्रहण लगता दिख रहा है। पीएचईडी विभाग की लापरवाही ने जिंदल कंपनी द्वारा रजौली के हरदिया में स्थापित किए गए वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट व इंटक वेल के नियमित रूप से काम करने पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है।

**क्या कहते हैं अधिकारी :-** इस संबंध में पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता सुजीत कुमार ने बताया कि टेक्निकल कारणों से जिंदल कम्पनी को बीते दो वर्षों से बकाया भुगतान नहीं हुआ है,किंतु क्षेत्र में मेंटेनेंस कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि इसी वर्ष के जनवरी माह जिंदल का कार्यकाल पूरा हुआ था,किंतु दूसरे कंपनी को अबतक आवंटित नहीं किए जाने के कारण जिंदल को तीन माह का एक्सटेंशन दिया गया है। उन्होंने बताया कि बकाए पैसे एवं अगले पांच साल के देख-रेख के लिए भी टेंडर हेतु प्रस्ताव कैबिनेट में भेजा गया है। उन्होंने विभागीय निर्देश मिलने के बाद जिंदल को बकाया पैसे एवं नए टेंडर से संबंधित कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही है।

### विधान सभा अध्यक्ष ने शोकाकुल विधायक परिवार से किया भेंट



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा**। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने नवादा सदर की विधायिका श्रीमती विभा देवी जी के छोटे सुपुत्र स्वर्गीय अखिलेश यादव जी के असामयिक निधन पर गहरा शोक एवं संवेदना व्यक्त की है। इस दुखद अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने उनके निजी आवास पर पहुंचकर पूर्व मंत्री श्री राजबल्लभ यादव एवं माननीय विधायक श्रीमती विभा देवी से मुलाकात की तथा शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने परिजनों को इस अपार दुःख की घड़ी में धैर्य एवं संबल बनाए रखने का आग्रह करते हुए कहा कि यह क्षति अत्यंत पीड़ादायक है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है।

डॉ. प्रेम कुमार ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में वे एवं पूरा समाज शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है। वहीं मौके पर मनोज चंद्रवंशी,भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता, राजू यादव डॉ रामविलास समीराक सिंह सनोज चंद्रवंशी मोहन सिंह चंद्रवंशी, लवकुश चंद्रवंशी, रणविजय चंद्रवंशी सहित अन्य मौजूद रहे।

### ड्रीम लाइट कोचिंग में मैट्रिक टॉपर विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित




मंचासीन सम्मानित छात्र-छात्राएं एवं अतिथि

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नरहट (नवादा)**। शनिवार को ड्रीम लाइट कोचिंग सेंटर, शेखपुरा (नरहट) में मैट्रिक परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्थान की निदेशक उषा कुमारी ने किया। समारोह में सफल छात्रों को मेडल, प्रमाण पत्र, पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे विद्यार्थियों में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) निशांत प्रियदर्शी रहे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में एसआई पूजा कुमारी भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत के साथ हुई। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए सोशल मीडिया से दूरी बनाकर पढ़ाई पर अधिक ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने अनुशासन, समर्पण और कड़ी मेहनत को सफलता की कुंजी बताया। वहीं एसआई पूजा कुमारी ने भी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और निरंतर प्रयास करते रहने की सलाह दी।

समारोह में कोचिंग संस्थान के मेधावी छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। छात्र मनीष कुमार ने 484 अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया, जिन्हें 5100 रुपये की नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। वहीं मनीष कुशवाहा ने 489 अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, उन्हें 3100 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अलावा मनीष चौधरी एवं उजमा फरहत, दोनों ने 478-478 अंक प्राप्त किए, जिन्हें 2100-2100 रुपये की नगद राशि, फूल-माला, पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने अभिभावकों एवं शिक्षकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और सहयोग से ही छात्र इस मुकाम तक पहुंचे हैं।कार्यक्रम की एक खास आकर्षण बच्चों द्वारा लगाए गए विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल रहे, जहां अतिथियों ने व्यंजनों का स्वाद चखकर विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों और अभिभावकों को दिया। समारोह में संस्थान के शिक्षकगण, अभिभावक एवं स्थानीय गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# विधान पार्षद ने किया महिला महाविद्यालय के संस्थापक सचिव की प्रतिमा का अनावरण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता






**वारिसलीगंज (नवादा)**: प्रखंड मुख्यालय स्थित महिला महाविद्यालय परिसर में रविवार को एक भावुक और गौरवपूर्ण क्षण देखने को मिला, जब महाविद्यालय के संस्थापक सचिव स्वर्गीय कृष्ण बल्लभ प्रसाद सिंह उर्फ 'कप्तान साहब' की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधान पार्षद *डॉ. नवल किशोर यादव* एवं जदयू प्रवक्ता सह विधान पार्षद *नीरज कुमार* ने संयुक्त रूप से प्रतिमा का अनावरण किया। समारोह में उपस्थित लोगों ने तालियों की गूंज के साथ इस ऐतिहासिक पल का स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि स्व. सिंह का योगदान केवल एक संस्थान की स्थापना तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने पूरे क्षेत्र में महिला शिक्षा की अलख जगाने का कार्य किया। उनके अथक प्रयासों से वारिसलीगंज और आसपास के इलाकों में बेटियों को उच्च शिक्षा का अवसर मिला, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। वक्ताओं ने महाविद्यालय के वर्तमान प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार सिंह द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर है। साथ ही स्व. सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें एक दूरदर्शी शिक्षाविद् और समाजसेवी बताया गया।

समारोह में पूर्व विधायक अरुणा देवी, पूर्व प्राचार्य गोविंद जी तिवारी, स्व. सिंह के पुत्र विकास कुमार, परिवार के सदस्य विनय सिंह, प्रखंड 20 सूत्री सदस्य आल्हा बहादुर सिंह, अजय सिंह सहित नगर के अनेक गणमान्य लोगों ने भाग लिया। सभी ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का समापन सामूहिक संकल्प के साथ हुआ, जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में स्व. कप्तान साहब के अधूरे सपनों को साकार करने और संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता जताई गई। मौके पर बाला कांत सिंह, अंजनी कुमार पप्पू, माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष परशुराम सिंह सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी भी मौजूद रहे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### दवा लाने जा रहे शख्स की सड़क हादसे में मौत, गयाजी में बेटा जख्मी



**गयाजी।** गयाजी में अपनी मां की दवा लाने जा रहे शख्स सत्येंद्र यादव की सड़क हादसे में मौत हो गई। जबकि उनका बेटा अमित जख्मी है। उसका मगध मेडिकल कालेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतक के परिजनों का आरोप है कि नगर परिषद की सफाई गाड़ी से आमने सामने टक्कर हो गई। इससे वे जख्मी हो गए, लेकिन इलाज के दौरान लापरवाही की वजह से मरीज की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि सत्येंद्र यादव के घुटने में महज चोट थी। घुटने की चोट की वजह से किसी की मौत हो जाये यह समझ से परे है। पीड़ित पक्ष ने मेडिकल थाने में बयान दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। मृतक के परिजन गुड्डू यादव ने बताया कि सत्येंद्र यादव औरंगाबाद के सलैया थाना क्षेत्र के बेलों के रहने वाले थे। उनकी मां का इलाज गया स्थित एम्स से चल रहा था। उनकी मां की दवा खत्म हो गई थी। वह दवा लाने के लिए अपने बेटे अमित यादव के साथ बाइक से गया आ रहे थे। रास्ते मे मस्तपुरा के निकट नगर परिषद की सफाई गाड़ी से आमने सामने टक्कर हो गई। इससे बाप बेटे दोनों ही जख्मी हो गए। दोनों को मस्तपुरा गांव वालों गया निजी नर्सिंग होम विजय आर्थो में शुक्रवार की दोपहर भर्ती कराया। उस समय उनके साथ उनका कोई परिवार नहीं था। देर रात में नर्सिंग होम वालों ने सत्येंद्र यादव की स्थिति बिगड़ने पर मगध मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया कर भाग गए। घटना की सूचना पर हम परिजन औरंगाबाद से यहां पहुंचे, तो पता चला कि रात में सत्येंद्र यादव की मौत हो गई थी। अब डेड बॉडी का पोस्टमार्टम कराया गया है। मृतक के दूसरे परिजन प्रिंस कुमार ने बताया कि सत्येंद्र यादव की मोत के पीछे नर्सिंग होम के डॉक्टरों की घोर लापवाही है। घुटने के मामूली जख्म से किसी की मोत हो जाए। यह सम्भव नहीं है। उन्होंने बताया कि इस मामले केस दर्ज कराया जा रहा है।

### शीतला मंदिर हादसे के बाद एक्शन में बिहारशरीफ नगर निगम, जेसीबी से हटाया अवैध कब्जा



**नालंदा।** बिहार शरीफ नगर निगम शीतला मंदिर में मची भगदड़ और आठ महिला श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत के बाद एक्शन मोड में हैं। शनिवार को मंदिर परिसर और उसके आसपास के इलाकों में अतिक्रमण हटाया गया। उप नगर आयुक्त शम्स रजा के नेतृत्व में निगम कर्मियों और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अवैध कब्जों को बुलडोजर-हथौड़ों से ध्वस्त किया गया। उप नगर आयुक्त ने बताया कि मघड़ा मंदिर के मुख्य प्रवेश और निकास द्वारों पर अतिक्रमण के कारण आवाजाही में काफी बाधा हो रही थी। जिसे देखते हुए यह एंटी-एनक्रोचमेंट ड्राइव चलाई जा रही है। इस कार्रवाई से पहले इलाके में माइकिंग कराकर लोगों को सूचना दी गई थी। कार्रवाई के दौरान न केवल अवैध ढांचों को तोड़ा गया, बल्कि सड़क और अप्रोच एरिया में सामान रखने वालों पर भारी जुर्माना भी लगाया गया। मौके से सामानों को भी जब्त किया गया है। नगर निगम ने साफ कर दिया है कि अतिक्रमण के खिलाफ यह अभियान अब रुकने वाला नहीं है। प्रशासन की योजना अब शहर की तमाम मुख्य सड़कों, व्यस्त चौराहों, मुख्य बाजारों और उन जगहों तक पहुंचने की है, जहां अवैध रूप से पार्किंग बनाई गई है या जबरन अप्रोच मार्ग निकाले गए हैं। उप नगर आयुक्त ने कड़े लहजे में कहा कि शहर को व्यवस्थित करने और सुरक्षा के मद्देनजर यह ड्राइव निरंतर जारी रहेगी। मंदिर के आसपास हुई इस सख्त कार्रवाई से स्थानीय दुकानदारों और कब्जाधारियों में हड़कंप व्याप्त है। वहीं आम जनता इसे भविष्य के हादसों को रोकने की दिशा में एक जरूरी कदम मान रही है।

### माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय पथरवार में सम्मान समारोह आयोजित

**कटिहार।** माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय पथरवार में शनिवार को प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय मुखिया प्रमोद मेहता थे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक संजय कुमार मंडल ने किया। मुख्य अतिथि स्थानीय मुखिया ने माध्यमिक में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं बिनती कुमारी,सोनू कुमार, रवि मुर्मू, राजा शर्मा, रिया कुमारी एवं उच्चतर माध्यमिक में आर्यन कुमार,उजमा बानू एवं दीपक कुमार को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय पथरवार के प्रधानाध्यापक मुस्ताक अहमद नदवी ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय के विद्वान शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की मेहनत का परिणाम से पूरा पथरवार पंचायत गौरवान्वित है। विद्यालय में पठन-पाठन करने वाले बच्चों में उत्साह चरम पर है।आगामी परीक्षा में भी अच्छे परिणाम आने की उम्मीद है। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय के केहटा बालूगंज के प्रधानाध्यापक मधुकर कुमार ने उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय पथरवार सह उत्क्रमित मध्य विद्यालय केहटा बालूगंज के सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को स्थानीय उप मुखिया राजू शर्मा,डॉक्टर श्रीनिवास गुप्ता,शिक्षक सुनील कुमार,पीतांबर कुमार मंडल,सबा कलाम, खुशबू कुमार,श्वेता कुमारी,संजय कुमार मंडल,परवेज आलम,निलेश कुमार,रंजना भारद्वाज,कमल कुमार,जीवन कुमार, नीतू कुमारी ने संबोधित किया। इस मौके पर विद्यालय पोषक क्षेत्र के अभिभावक गण एवं छात्र-छात्रा काफी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम में मैट्रिक एवं इंटर में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र छात्राओं के माता-पिता को भी सम्मानित किया गया।

### कटिहार पुलिस हिरासत मौत मामला में सांसद पप्पू यादव की पहल पर बड़ी कार्रवाई

**कटिहार।** जिले के फलका थाना क्षेत्र में पुलिस हिरासत में एक युवक की संदिग्ध मौत के मामले ने गंभीर रूप ले लिया है।जिसकी जानकारी मिलने के बाद पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने आईजी और जिले के एसपी से बातचीत की। इसके उपरांत मामले की गंभीरता को ध्यान में रख कर फलका थानाध्यक्ष रवि कुमार राय तथा जांच अधिकारी कुंदन कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। सांसद पप्पू यादव ने इस घटना को बेहद दुखद और चिंताजनक बताते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सांसद पप्पू यादव ने वरीय पुलिस अधिकारियों से बातचीत के दौरान थानाध्यक्ष रवि कुमार राय के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें सेवा से बर्खास्त करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि संबंधित थानाध्यक्ष पर पहले भी अररिया जिले के ताराबाड़ी थाना में इसी प्रकार के मामले में दोषी पाए जाने के बाद निलंबित की जा चुकी है।इसलिए इस बार सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मृतक की पहचान गोपालपट्टी गांव निवासी फालो यादव के पुत्र राकेश यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने दो दिन पूर्व छिनतई के एक मामले में संदिग्ध मानते हुए राकेश यादव को हिरासत में लिया था और फलका थाना में रखा गया था।जहां कथित तौर पर पिटाई के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों में आक्रोश व्याप्त है।

# बाराचट्टी में बालू उठाव को लेकर बवाल, सैकड़ों ग्रामीणों ने किया विरोध

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**प्रशासन से कार्रवाई की मांग**



**गया।** बाराचट्टी प्रखंड की बिंदा पंचायत स्थित मंझौली नदी घाट पर अवैध और मनमाने बालू उठाव को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। शनिवार को सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण प्रखंड कार्यालय और बाराचट्टी थाना पहुंचे तथा ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए आवेदन सौंपा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मंझौली बालू घाट के ऊपरी हिस्से में, जहां मनरेगा के तहत बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया गया है, वहां से भी बालू निकाला जा रहा है। इसी इलाके में श्मशान घाट, छठ घाट और कचरा गोदाम जैसे संवेदनशील स्थल भी मौजूद हैं, जिससे इन स्थानों की सुरक्षा पर खतरा मंडराने लगा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, गांगुवार, मंझौली और कुंडील समेत आसपास के गांवों से यह बालू उठाव स्थल महज 50 मीटर की दूरी पर है। इस रास्ते से बच्चों, बुजुर्गों और मवेशियों का रोजाना आवागमन होता है। ठेकेदार द्वारा गहरी खुदाई किए जाने से बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे हादसे की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले वर्ष इसी स्थान पर एक व्यक्ति की मौत भी हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीण अरविंद कुमार ने कहा कि संवेदक नियमों की अनदेखी कर मनमाने तरीके से बालू का उठाव कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो बरसात के मौसम में गांव में पानी घुसने का खतरा बढ़ जाएगा, जिससे व्यापक नुकसान हो सकता है। इस मामले पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिषेक कुमार आशीष ने बताया कि ग्रामीणों का आवेदन प्राप्त हो गया है और यह मामला अंचल तथा खनन विभाग से जुड़ा हुआ है।

उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण को अनुमंडल पदाधिकारी को अग्रसारित किया जा रहा है, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके। वहीं, बालू घाट के संवेदक बीके इंटरप्राइजेज के अधिकृत कर्मी रविशंकर सिंह ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उन्हें 20 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए वैध टेंडर मिला है और बालू उठाव पूरी तरह नियमों के तहत किया जा रहा है। फिलहाल मामले को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है और सभी की नजर प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई है।

# नालंदा में पार्सल अपडेट के नाम पर वॉट्सअप हैक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**नालंदा।** नालंदा पुलिस को साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बिहार थाना क्षेत्र के गुफापर स्थित एक दो मंजिला मकान में छापेमारी कर किराये के कमरे में रह रहे पांच शातिर साइबर ठगों को धर दबोचा। इन अपराधियों के पास से ठगी में इस्तेमाल किए जा रहे 13 मोबाइल फोन, जिनमें 11 स्क्रीन टच और 2 की-पैड फोन शामिल हैं, तथा 9 एटीएम कार्ड बरामद किए गए हैं। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान मानपुर निवासी (34) नवल कुमार, शेखपुरा निवासी (37) कुमार आर्यन, अस्थावां निवासी (22) प्रिंस कुमार, शेखपुरा निवासी (26) राजेश कुमार और कतरीसराय निवासी (18) मोनू कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान अपराधियों ने स्वीकार किया कि वे लोगों को पार्सल के लिए एड्रेस अपडेट करने का झांसा देकर उनका व्हाट्सएप हैक कर लेते थे। इसके बाद वे उसी व्हाट्सएप से पीड़ित के रिश्तेदारों को संदेश भेजकर पैसों की मांग करते थे। इस मामले में नालंदा साइबर थाना में मामला दर्ज कर के तहत भारतीय न्याय संहिता और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सभी अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। इस सफल उद्भेदन टीम में इंस्पेक्टर धर्मेन्द्र कुमार, संजय पासवान और जिला आसूचना इकाई के सदस्य शामिल थे। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे फोन कॉल या एसएमएस से प्राप्त किसी भी सूचना का पहले सत्यापन जरूर करें।

# कोंच में पैक्स गोदामों पर प्रशासन का औचक निरीक्षण, स्टॉक की हुई सघन जांच

**किसानों के भुगतान पर जोर**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**गया।** कोंच प्रखंड में शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने धान अधिप्राप्ति और भंडारण व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेने के लिए विभिन्न पैक्स गोदामों का औचक निरीक्षण किया। इस संयुक्त जांच अभियान से पैक्स संचालकों में हड़कंप मच गया और पूरे दिन हलचल बनी रही। प्रखंड विकास पदाधिकारी विपुल भारद्वाज के नेतृत्व में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुमन शेखर और प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी अमित कुमार ने कोंच, कावर और कोराप पैक्स गोदामों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गोदामों में रखे धान और चावल के स्टॉक का बारीकी से भौतिक सत्यापन किया। जांच के क्रम में अधिकारियों ने पैक्सों के अभिलेखों और वास्तविक स्टॉक का मिलान किया। धान की बोरियों की गिनती कर रजिस्टर में दर्ज आंकड़ों से तुलना की गई, ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी या अनियमितता को तुरंत पकड़ा जा सके। अधिकारियों ने साफ कहा कि भंडारण और अधिप्राप्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखना अनिवार्य है।

निरीक्षण के दौरान पैक्स अध्यक्षों को सख्त निर्देश दिए गए कि किसानों को उनकी उपज का भुगतान समय पर किया जाए। अधिकारियों ने कहा कि भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शिकायत मिलने पर संबंधित जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी। इस दौरान पैक्स प्रतिनिधि विवेक कुमार, कावर पैक्स अध्यक्ष बिरेंद्र कुमार और कोराप पैक्स अध्यक्ष कौशल शर्मा मौजूद रहे। अधिकारियों ने उनसे गेहूं अधिप्राप्ति के दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली और समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद पैक्स संचालकों में सक्रियता बढ़ गई है। अधिकारियों ने संकेत दिया कि आगे भी इस तरह के औचक निरीक्षण जारी रहेंगे, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ सही तरीके से किसानों तक पहुंच सके और किसी प्रकार की गड़बड़ी पर तत्काल रोक लगाई जा सके।

# गया खेल परिसर में तीरंदाजी ट्रायल, सैकड़ों खिलाड़ियों ने दिखाया दम; प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**गया।** गया खेल परिसर में तीरंदाजी को लेकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। एकलव्य राज्य आवासीय तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र के लिए आयोजित चयन ट्रायल में जिले के विभिन्न प्रखंडों और गांवों से सैकड़ों खिलाड़ी पहुंचे। हर खिलाड़ी के चेहरे पर चयन की उम्मीद और कुछ कर दिखाने का जज्बा साफ नजर आ रहा था। यह ट्रायल मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के तहत आयोजित किया गया, जिसमें 12 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बालक और बालिकाओं ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया की शुरुआत खिलाड़ियों की उम्र के अनुसार ऊंचाई और वजन मापने से हुई, जिसके बाद शारीरिक दक्षता की कड़ी परीक्षा ली गई। ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों को बैटरी टेस्ट से गुजरना पड़ा, जिसमें दौड़, लंबी कूद और गोला फेंक जैसे कई शारीरिक परीक्षण शामिल थे। मैदान में हर प्रतिभागी ने खुद को बेहतर साबित करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी। कोई दौड़ में तेज दिखा तो कोई लंबी कूद में अपनी क्षमता का प्रदर्शन करता नजर आया। तीरंदाजी कोच जय प्रकाश ने बताया कि पूरी चयन प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई जा रही है। ट्रायल का संचालन शिवम भगत और आशुतोष कुमार सिंह की देखरेख में हुआ, जहां हर खिलाड़ी के प्रदर्शन का सूक्ष्म मूल्यांकन किया गया। उन्होंने बताया कि इस बार विशेष रूप से 30 बालिकाओं के चयन पर जोर दिया जा रहा है, ताकि महिला खिलाड़ियों को भी बेहतर अवसर मिल सके। चयनित खिलाड़ियों को एकलव्य राज्य आवासीय तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र में रहने, खाने, पढ़ाई और प्रशिक्षण की पूरी व्यवस्था मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही तीरंदाजी से जुड़े सभी आवश्यक उपकरण भी प्रदान किए जाएंगे, ताकि आर्थिक तंगी किसी भी प्रतिभा के रास्ते में बाधा न बन सके। अधिकारियों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की छुपी प्रतिभाओं को मंच देना है, ताकि वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। यह आयोजन बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी आईपीएस रविंद्रण शंकरण के निर्देश पर कराया गया। कुल मिलाकर, इस ट्रायल ने गया जिले में तीरंदाजी के प्रति नई उम्मीद जगाई है। अब सभी की नजर चयनित खिलाड़ियों पर टिकी है, जो आने वाले समय में खेल जगत में अपनी अलग पहचान बनाने की क्षमता रखते हैं।

# जंक्शन पर 40 लीटर शराब जब्त, बदमाश गिरफ्तार पुलिस ने यात्री को लौटाया खोया हुआ मोबाइल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**गयाजी।** गया जंक्शन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने “ऑपरेशन सतर्क” के तहत कार्रवाई की है। एक बदमाश को भारी मात्रा में शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई आज आरपीएफ पोस्ट गया, सीपीडीएस टीम, सीआईबी और जीआरपी के अधिकारियों और जवानों की एक संयुक्त टीम ने की। गश्ति के दौरान, टीम ने मध्य फुट ओवर ब्रिज के पूर्वी छोर पर एक युवक को संदिग्ध अवस्था में भारी ट्रॉली बैग के साथ देखा। तलाशी लेने पर उसके बैग से कुल 22 लीटर बीयर और 18 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। जब्त शराब झारखंड में बिक्री के लिए ले जाई जा रही थी, जिसकी अनुमानित कीमत 26,280 रुपये है। पूछताछ में युवक की पहचान बिहार के नवादा के निवासी कुंदन कुमार (26) के रूप में हुई। आरपीएफ अधिकारियों ने मौके पर ही शराब जब्त कर ली और आरोपी को आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपी गया को सौंप दिया।

**आगे की कार्रवाई में जुटी पुलिसः** इस संबंध में जीआरपी गया थाना में कांड संख्या 87/26 के तहत बिहार मद्य निषेध अधिनियम की धारा 30(ए) के अंतर्गत प्राथमिकी (FIR) दर्ज की गई है। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। इस गिरफ्तारी को रेलवे परिसर में अवैध गतिविधियों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। एक अन्य घटना में, आरपीएफ गया ने “ऑपरेशन अमानत” के तहत एक यात्री का खोया हुआ मोबाइल सुरक्षित वापस कर ईमानदारी का परिचय दिया। आज रेलवे की मदद से हासिल सूचना के अनुसार, ट्रेन संख्या 22812 भुवनेश्वर तेजस राजधानी एक्सप्रेस में एक यात्री का मोबाइल छूट गया था। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए, ट्रेन एस्कॉर्ट पार्टी ने कोच संख्या बी-6 की सीट संख्या 46 से मोबाइल बरामद किया। मोबाइल को सुरक्षित रूप से आरपीएफ पोस्ट गया में जमा कराया गया।

**13 हजार रूपए मोबाइल की कीमतः** मोबाइल के मालिक रवि राज (40), जो बेंगलुरु के निवासी हैं, को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलने पर वे गया पोस्ट पहुंचे, जहां ड्यूटी पर तैनात अधिकारी की ओर से आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन करने के बाद उनका मोबाइल उन्हें सौंप दिया गया। मोबाइल की अनुमानित कीमत 13,000 रुपये बताई गई है। अपना खोया हुआ मोबाइल सुरक्षित पाकर यात्री ने आरपीएफ गया की सराहना करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया। यह घटना दर्शाती है कि रेलवे सुरक्षा बल न केवल अपराध नियंत्रण में सक्रिय है, बल्कि यात्रियों की सहायता और सुरक्षा के लिए भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# गयाजी में महिला की ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**गयाजी।** गयाजी में एक महिला की ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका के मायका पक्ष का आरोप है कि उनकी बेटी की गला घोंटकर हत्या की गई है। उन्होंने कहा कि दामाद का उसकी भाभी के साथ अवैध संबंध है, जिसका बेटी विरोध करती थी। इसी कारण हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। घटना चाकंद थाना क्षेत्र के चमंडी गांव में है। पीड़ित पक्ष ने आरोपी दामाद समेत उसके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ मेडिकल थाना में लिखित बयान दर्ज कराया है। वहीं, घटना की सूचना के बाद चाकंद थाना की पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। फिलहाल, मृतका के ससुर को छोड़ ससुराल पक्ष के सभी लोग फरार हैं।

मृतका की पहचान 32 साल के प्रिंस कुमार की पत्नी 28 साल की शालिनी कुमारी के रूप में की गई है। मृतका दो बच्चों की मां है। बेटी ढाई साल, जबकि बेटा चार महीने का है।

औरंगाबाद के खंडिहा के रहने वाले मृतका शालिनी के चचरे भाई अंकेश कुमार सिंह ने बताया कि तीन साल पहले शालिनी की शादी चाकंद के चमंडी गांव के रहने वाले रविंदर सिंह के बेटे प्रिंस कुमार से हुई थी। अंकेश ने बताया कि शालिनी अपने पति प्रिंस और उसकी भाभी के बीच अवैध संबंध का विरोध करती थी। इसी बात को लेकर प्रिंस और शालिनी के बीच कई बार झगड़ा भी हुआ था। आखिरकार प्रिंस ने अपने भाई, भाभी के साथ मिलकर शालिनी की हत्या कर दी।

अंकेश कुमार सिंह ने बताया कि शालिनी की हत्या शुक्रवार की रात गला घोंटकर की गई। लेकिन आधी अधूरी जानकारी शनिवार की सुबह दी गई। बताया गया कि शालिनी की तबियत खराब है। उसे मगध मेडिकल थाने में भर्ती कराया गया है। शालिनी के ससुराल वालों से पूछा गया कि क्या तबियत खराब हुई है तो उनलोगों ने कुछ नहीं बताया। सुबह जब मेडिकल पहुंचे तो डेड बॉडी पोस्टमार्टम हाउस में पड़ा मिला और ससुराल वाले मौके से फरार मिले।

अंकेश ने बताया कि शालिनी की शादी के पहले हमलोगों को पता नहीं था कि उसके पति का अवैध संबंध उसकी भाभी से है। इस बात की जानकारी शालिनी को हुई तो उसने मायके को बताया था। इस बात को लेकर अक्सर दोनों के बीच कहासुनी मारपीट होती थी। शालिनी को फोन पर मायके वालों से बातचीत भी नहीं करने दिया जाता था।

शालिनी के पिता ने जब मोबाइल खरीद कर दिया था तो प्रिंस ने उसे तोड़ दिया था ताकि शालिनी अपने मायके को कुछ भी नहीं बता सके। हालांकि मायके वालों ससुराल पक्ष से भी इस बात की शिकायत की थी लेकिन किसी प्रकार का कोई सुधार नहीं आया।

अंकेश से जब यह पूछा गया कि मृतका के ससुर का क्या कहना है तो उन्होंने बताया कि अस्पताल में शालिनी के शव के साथ उसके ससुर हैं। ससुर ने बताया कि शुक्रवार को शालिनी की बेटी बिस्किट मांग रही थी, प्रिंस की भाभी ने जब बिस्किट नहीं दिया तो दोनों के बीच झगड़ा हुआ। इसके बाद शालिनी ने शुक्रवार की देर रात आत्महत्या कर ली। इधर, थानाध्यक्ष शिवम कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिली तो मृतका के गांव पुलिस टीम को भेजा गया लेकिन डेड बॉडी को लेकर उसके परिजन मेडिकल कालेज चले गए थे। पुलिस अब दिनों पक्षों को थाने पर बुलाकर पूछताछ करने की कोशिश में जुटी है। आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई व गिरफ्तारी की जाएगी।

# फोटोग्राफरों का जुटान, डिजिटल के दौर में चुनौती पर चर्चा, गयाजी में 150 नए सदस्य जुड़े

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**गयाजी।** गजा शहर में आज फोटोग्राफरों का जुटान देखने को मिला। बिहार फोटोग्राफर एसोसिएशन, गया इकाई की ओर से पहचान पत्र नवीकरण महोत्सव का आयोजन किया गया। हर साल होने वाले इस बड़े कार्यक्रम में इस बार रिकॉर्ड भागीदारी दिखी। करीब 200 फोटोग्राफरों ने इसमें हिस्सा लिया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि 150 नए सदस्यों को संगठन से जोड़ा गया। साथ ही पुराने सदस्यों के पहचान पत्र का नवीकरण भी किया गया। आयोजन के दौरान पूरे दिन रजिस्ट्रेशन और कार्ड अपडेट का काम चलता रहा। इस मौके पर संगठन के विस्तार को भी मजबूती दी गई। चार नए कोर कमेटी सदस्य जोड़े गए। इनमें विशाल कुमार, विकास कुमार, रवि कुमार और अखिलेश कुमार शामिल हैं। नए चेहरों के जुड़ने से संगठन को और मजबूत करने की रणनीति बनाई गई।

**समाज के भविष्य को लेकर भी गंभीर चर्चाः** कार्यक्रम सिर्फ औपचारिक नहीं रहा। फोटोग्राफर समाज के भविष्य को लेकर भी गंभीर चर्चा हुई। बैठक में इस बात पर मंथन हुआ कि बदलते दौर में फोटोग्राफी का व्यवसाय कैसे आगे बढ़े। डिजिटल दौर में नए मौके क्या हैं। युवाओं को कैसे जोड़ा जाए। मगध जोनल प्रभारी अमित कुमार उर्फ मुन्ना ने कहा कि संगठन का मकसद सिर्फ पहचान पत्र बनाना नहीं, बल्कि फोटोग्राफरों के हितों की लड़ाई लड़ना भी है। वहीं संरक्षक विजय कुमार और अध्यक्ष बैजू शर्मा ने सभी सदस्यों से एकजुट रहने की अपील की।

सचिव अवनीत कुमार उर्फ लंबू, कोषाध्यक्ष रोबिन कुमार, संयुक्त सचिव सुमित कुमार उर्फ गुड्डू और मीडिया प्रभारी मनीष ने आयोजन की जिम्मेदारी संभाली। उपाध्यक्ष गौतम समेत कोर कमेटी के सदस्य सुरेश, रवि, राजू, राकेश और पवन ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मौजूद सदस्यों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से आपसी जुड़ाव मजबूत होता है। साथ ही पेशे से जुड़ी समस्याओं पर खुलकर बात करने का मौका मिलता है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### 146 लीटर देशी विदेशी शराब बरामद, धंधेबाज फरार, घर का सदस्य गिरफ्तार

**राजपुर**। स्थानीय पुलिस द्वारा विगत शुक्रवार को गुप्त सूचना के अधार पर मिश्रवलिया गांव स्थित एक एक घर में छापेमारी किया गया. जहां से कुल 146 लीटर देशी बलू लाइम, ऐट पीएम, रायॅल स्टेग, सिग्नेचर आदी विदेशी शराब बरामद हुआ.मामले के संलिप्त धंधेबाज छापेमारी की भनक लगते हीं फरार हो गये.बरामदगी का स्थल संयुक्त परिवार का घर होने के कारण पुलिस ने उस घर के एक अन्य सदस्य सोहर सिंह यादव को गिरफ्तार कर लिया.जिसको जप्ति सूचि के साथ न्यायालय को सुपुर्द करते हुए जेल भेज दिया गया. सोहर सिंह यादव एक बहुत हीं सीधा साधा,सभी का आज्ञा मानने वाला समाजिक व्यक्ति हैं. जिस कारण उनकी गिरफ्तारी की खबर पाकर बगल के गांव पठखौलिया के स्कूल शिक्षक सुनिल दत पाठक, संजय पाठक,विजय पाठक,बैजनाथ पाठक, मिश्रवलिया गांव निवासी मोहर सिंह यादव, नथुनी सिंह यादव, शिवनाथ सिंह यादव, मालती देवी,प्रेमलता देवी,राजपुर मुखिया रंजू देवी के समाजसेवी पति सतिश कुमार सिंह समेत कई अन्य ने सोहर सिंह के बेगुनाह होने की पैरवी पुलिस के समक्ष रखा. मामले में थानाध्यक्ष उमुस सलमा ने बताया कि कुल 146 लीटर देशी विदेशी शराब बरामद हुआ है.शराब बरामदगी मामले में मिश्रवलिया गांव निवासी सोनू कुमार,अमित कुमार,पप्पु कुमार समेत सोहर सिंह यादव के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है.एक व्यक्ति सोहर सिंह को घटनास्थल से मामले में गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द करते हुए जेल भेज दिया गया है.शेष अन्य संलिप्त धंधेबाजो के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है.

### 24 घंटे बाद एक व्यक्ति की शव बराबर, परिजनों ने भरी चीत्कार

**बिक्रमगंज (रोहतास)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के नगर परिषद बिक्रमगंज क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 7 धनगाई निवासी विश्वनाथ साह के चौथे पुत्र का शव शनिवार की सुबह ढोढनडीह पुल के समीप से बरामद किया गया। शव की सूचना सुनते ही परिजन स्थल की ओर बेतहाशा भागे।शव को देखते ही चीत्कार भरने लगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार विश्वनाथ शाह के पांच पुत्र हैं। पांच पुत्रों में से चौथे नंबर का पुत्र राजू कुमार था। नटवार रोड स्थित रजिस्ट्री ऑफिस के समीप सब्जी बेचने का काम करता था। शुक्रवार की सुबह 7:00 बजे घर से निकाला था। पूरे दिन घर नहीं पहुंचने पर संध्या समय में उसकी पत्नी उसे ढूंढने का प्रयास की। परंतु कहीं उसका पता नहीं लगा। रात्रि में वह सो गई। सुबह उसे सूचना मिली कि राजू गुप्ता ढोढनडीह नहर पुल के समीप गिरा हुआ है। जब परिजन वहां पहुंचे तो शरीर को छूने पर पता चला कि उसकी निधन हो गई है। व्यक्ति की मौत को लेकर परिजनों में असमंजस बरकरार है। कुछ लोगों का मानना है कि वह शराब सेवन करता था। उसकी मृत्यु शराब सेवन के कारण हुई है।

### खेल-खेल में बच्चों ने लगाई आग, एक बीघा गेहूं की फसल व पुआल जलकर राख

**करगहर (रोहतास)**। थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव के समीप स्थित मध्य विद्यालय के पास शनिवार की सुबह बच्चों की शरारत से लगी आग ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। आग की चपेट में आकर एक बीघा गेहूं की खड़ी फसल और खलिहान में रखा पुआल व पराली जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 9:30 बजे हार्वेस्टिंग के बाद खेतों में बचे गेहूं के डंठलों में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के खेतों में तेजी से फैलने लगी। ग्रामीणों के अनुसार, मध्य विद्यालय के कुछ बच्चों ने खेल-खेल में डंठलों में आग लगा दी, जिसके बाद तेज हवा ने आग को और भड़का दिया। आग इतनी तेजी से फैली कि करीब 40 बीघे खेतों में फैले डंठल जलकर राख हो गए और लपटें आगे बढ़ते हुए विधवा शारदा देवी के खेत तक पहुंच गईं। आग की चपेट में आकर उनकी एक बीघा गेहूं की खड़ी फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। वहीं राधे यादव और रामसेवक सिंह के खलिहान में रखा धान का पुआल/पराली भी जलकर राख हो गया। आग पर काबू पाने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण लाठी-डंडा, हरी डालियां और पौधों के पत्तों से आग बुझाने में जुट गए। काफी मशक्कत के बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, जिससे बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो शिवपुर और सिरिसियां गांव के बधार में लगी सैकड़ों बीघे गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो सकती थी। ग्रामीणों ने बताया कि विधवा शारदा देवी ने अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए मात्र एक बीघा बंटाई की जमीन पर गेहूं की खेती की थी। फसल जल जाने से अब उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

### अष्टम वर्ग के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को परिणाम पत्रक एवं स्थानांतरण प्रमाण पत्र दिया गया



**काराकाट/ रोहतास**। कन्यामध्य विद्यालय मोथा काराकाट में अष्टम वर्ग के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को परिणाम पत्रक एवं स्थानांतरण प्रमाण पत्र दिया गया साथ ही मेधा छात्रवृत्ति में उत्तीर्ण कुल 9 छात्र-छात्राओं को को पुरस्कार वितरण किया गया । एवं सभी छात्र-छात्राओं को मिष्ठान भोजन कराकर शिक्षकों के द्वारा उज्जवल भविष्य की कामना की गई । मौके पर शिक्षक रविकांत तिवारी, संजय सिंह,अवनीश कुमार गुप्ता, अजय कुमार, इंदु कुमारी,कुमारी शारदा सिन्हा, एवं छात्र-छात्रा कृष कुमार, पार्थ कुमार, अनिशा कुमारी,सिमरन कुमारी,हिमांशु कुमार,शुभम कुमार,सुहेब आलम सहित विद्यालय परिवार शामिल हुआ।

### श्राद्ध कर्म पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**बिक्रमगंज (रोहतास)**। शहर के शिक्षक कॉलोनी निवासी मधुरामपुर के प्रचार्य स्वर्गीय अनिल कुमार सिंह के निधनोपरांत उनके पैतृक गाँव काराकाट प्रखंड के सोनबरसा में ब्रह्मभोज का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित समाजसेवियों शिक्षकों एवं संबंधियों द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न स्कूलों के प्रधानाध्यापकों और अध्यापकों सहित समीपवर्ती जिलों से भी प्रधानाध्यापकों,अध्यापकों और आम लोगों का हुजूम अपने प्रिय की श्रद्धांजलि सभा में उमड़ पड़ी। बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला सचिव सतीश कुमार पाण्डेय ने अपने प्रिय मित्र को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि -'बिछड़ा कुछ इस अदा से कि रुत हीं बदल गयी, एक शख्स सारे शहर को वीरान कर गया। उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए लोगों की आंखें नम हो गई। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित होकर जिला उपाध्यक्ष नेशार अहमद, पूर्व राज्य कार्यकारिणी सदस्य अशोक राय, प्रमंडल कार्य समिति सदस्य विभाष कुमार, जिला मूल्यांकन सचिव धर्मराज सिंह, जिला कार्य समिति सदस्य मदन सिंह, बिक्रमगंज अनुमंडल अध्यक्ष नवीन कुमार नवीन, अनुमंडल सचिव अविनाश कुमार, प्रखंड सचिव कुश त्रिपाठी, आरा के प्रचार्य राजीव चतुर्वेदी, शैलेश तिवारी, अरुण कुमार, अवधेश सिंह, बलिराम सिंह,कृष्णा सिंह, श्याम जी एवं सुरजीत चौहान सहित सैकड़ों शिक्षक और समाजसेवियों ने विनम्र श्रद्धांजलि दी।

# तेज रफ्तार बालू लदे ट्रक ने एक वृद्ध महिला को रौंद डाला, मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नासरीगंज**। नासरीगंज थाना क्षेत्र के बलियां कोठी काली मां की मन्दिर के समीप डेहरी बिक्रमगंज मुख्य पथ पर शनिवार को एक तेज रफ्तार बालू लदे ट्रक ने एक व्रिध महिला को रौंद डाला जिससे उसकी मौत हो गई। मृतका धुस स्थित जीना टोला गांव निवासी स्वर्गीय मोती चौधरी की 60 वर्षीय ज्योति कुंवर हैं। घटना के सम्बंध में मृतका के परिजनों ने बताया कि वह इटिम्हाँ स्थित पंजाब नैशनल बैंक में किसी कार्य को से जा रही थी कि तेज रफतार बालू लदे ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दिया जिससे वह सड़क पर गिर गई और ट्रक उन्हें रौंदते हुए आगे बढ़ गया, जिससे व क्षत विक्षत स्थिति में गम्भीर रूप से घायल हो गईं। आनन फानन में प्रत्यक्षदर्शियों व परिजनों के द्वारा उन्हें घायलावस्था में पीएचसी सह रेफ़रल अस्पताल इलाज के लिए ले गये जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गुस्साए, ग्रामीणों व परिजनों ने डेहरी बिक्रमगंज मुख्य सड़क को घण्टो जाम कर वरीय अधिकारियों के आगमन व मृतका के परिजनों को मुआबजा देने की मांग कर रहे थे। टक्कर मार कर फरार हो रहे ट्रक को ग्रामीणों की सहायता से रोक लिया गया, ग्रामीणों की भीड़ को देख ट्रक छोड़ कर चालक फरार होने में सफल रहा। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष अविनाश कुमार, एसआई वैधनाथ कुमार, भूषण पासवान, राहुल कुमार,सागर कुमार, मुखिया शशि कुमार, सरपंच अजय प्रसाद ने समझा बुझाकर सड़क जाम कर रहे लोगों को सड़क से हटाया। मृतका के दो पुत्र रितेश चौधरी व जवाहर चौधरी हैं। मृतका के निधन से परिजनों में दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। सभी का रोरो कर बुरा हाल है। मुखिया, सरपंच समेत परिजनों ने मृतका के आश्रित को यथाशीघ्र मुआबजा देने की मांग किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया है, बालू लदे ट्रक को जब्त कर लिया गया है। परिजनों के आवेदन पर आगे की कारवाई की जा रही है।

## चोरी के चार ट्रैक्टर बरामद, छापेमारी जारी



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**करगहर (रोहतास)**। कोचस एवं परसथुआं थाना क्षेत्रों से करीब छह माह पूर्व किसानों के घरों के बाहर से चोरी हुए चार महिंद्रा ट्रैक्टरों को पुलिस ने बरामद कर लिया है। यह बरामदगी करगहर एवं शिवसागर थाना क्षेत्रों के विभिन्न गांवों में की गई है। थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने करगहर और शिवसागर थाना क्षेत्रों के अलग-अलग गांवों में छापेमारी की। इस दौरान चोरी के चार ट्रैक्टर जब्त किए गए। उन्होंने बताया कि कोचस थाना क्षेत्र के बहटुटिया गांव से चोरी गया ट्रैक्टर भी बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार, जांच में यह भी सामने आया है कि उत्तर प्रदेश से चोरी किए गए ट्रैक्टरों को गिरोह के सदस्य फर्जी कागजात के आधार पर कोचस क्षेत्र में बेच रहे थे। ऐसे ट्रैक्टरों को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। हालांकि, थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तारी प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए फिलहाल मामले में विस्तृत जानकारी नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि इस मामले में संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस की कार्रवाई जारी थी। एक गांव में ट्रैक्टर खड़ा किए जाने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी।

## सासाराम: मीना बाजार के सामने बना पिंक टॉयलेट बंद, लोगों को हो रही परेशानी

- जिला पदाधिकारी उदिता सिंह द्वारा कुछ माह पहले ही भव्य तरिके से किया गया था उद्घाटन
- महिला सशक्तिकरण के दिशा में डीएम द्वारा बताया गया था उल्लेखनीय कार्य
- नगर निगम के बारे में पढ़े गये थे कसीदे




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**सासाराम**। शहर के मीना बाजार के सामने बना पिंक टॉयलेट आज बंद पाया गया, जिससे स्थानीय लोगों और बाजार आने-जाने वाले राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि यह शौचालय लंबे समय से ठीक से संचालित नहीं हो रहा है और आज पूरी तरह बंद मिला। खासकर महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है, क्योंकि बाजार क्षेत्र में वैकल्पिक व्यवस्था की कमी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए इस तरह के सार्वजनिक शौचालय अगर बंद पड़े रहें, तो इसका कोई फायदा नहीं है। उन्होंने नगर प्रशासन से जल्द से जल्द इसे चालू कराने की मांग की है। गौरतलब है कि बिहार के कई इलाकों में सार्वजनिक शौचालय बंद रहने या खराब स्थिति में होने की समस्या सामने आती रहती है, जिससे आम लोगों को कठिनाई होती है। लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द व्यवस्था बहाल नहीं की गई, तो वे इस मुद्दे को लेकर प्रशासन के खिलाफ आवाज उठाएंगे।

## प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय में टॉपर्स का सम्मान, विधायक ने दिए मेडल-उपहार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**काराकाट/रोहतास**। गोडारी स्थित प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में शनिवार को इंटरमीडिएट और मैट्रिक परीक्षा में टॉप करने वाली छात्राओं को भव्य समारोह में सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि वर्तमान विधायक अरुण कुमार सिंह ने सभी टॉपर्स को मेडल और उपहार भेंट कर पुरस्कृत किया। मैट्रिक परीक्षा में प्रखंड में द्वितीय और विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त काजल कुमारी ने 478 अंक हासिल किए। काजल कुमारी इटवां निवासी संग्राम पांडे और माता पूनम देवी के पुत्री है। उनके संघर्षपूर्ण सफर में कड़ी मेहनत झलकती है। प्रखंड स्तर पर द्वितीय स्थान वाली प्रीति कुमारी ने 457 अंक लाए, जबकि स्कूल में तृतीय स्थान पर रागिनी कुमारी 455 अंकों के साथ रहीं। इंटरमीडिएट साइंस में प्रथम स्वीटी कुमारी (कांड बहुआरा, महेश्वर गिरी की पुत्री) ने 420 अंक प्राप्त किए। आर्ट्स में प्रथम अंजली कुमारी (करो पर गांव, हरेंद्र कुमार गुप्ता की पुत्री) ने 398 अंकों से विद्यालय का नाम रोशन किया।

विधायक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि लड़कियां हमारा भविष्य हैं। आज वे गांव, समाज और परिवार का मान बढ़ा रही हैं। टॉपर काजल कुमारी ने बताया कि विद्यालय का सबसे बड़ा योगदान रहा। प्रतिदिन की पढ़ाई से सहयोग मिला। स्वीटी कुमारी ने बोलीं कि अंतिम दिनों के नोट्स बेहद कारगर साबित हुए। समारोह में प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार सिंह, शिक्षक विनीता कुमारी, उपेंद्र कुमार, मोहम्मद जुनेद, हेमलता कुमारी, संतोष कुमार, पवन कुमार, चंदन कुमार, दीपक कुमार, सोनाली कुमारी व रामनाथ सिंह मौजूद रहे। इन पांचों टॉपर्स ने प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय का परचम लहराया।

## पेन्शन योजना में भूमिगत आन्दोलनकारियों को भी शामिल करने की मांग को लेकर गोलबंद हो रहे हैं जेपी सेनानी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



बैठक में शामिल लोग

- स्कूली शिक्षा छोड़ भूमिगत रह छात्र आन्दोलन का किया था संचालन
- सरकार की तरफ से हो रही उपेक्षा से गोलबंद होने को हुए विवश

**रजौली**। भूमिगत रहकर 1974 के छात्र आन्दोलन को सक्रिय रखनेवाले आन्दोलनकारी अब गोलबंद होने लगे हैं। यह गोलबंदी पेन्शन योजना में भूमिगत आन्दोलनकारियों को भी शामिल करने की मांग को राज्य सरकार द्वारा अमल में लाने की पहल करने हेतु उनपर दबाव बनाने के लिए हो रही है। भूमिगत आन्दोलनकारियों का कहना है कि राज्य सरकार मीसा और डीआर के तहत कारावास की सजा काटनेवाले आन्दोलनकारियों की तरह भूमिगत आन्दोलनकारियों को भी पेंशन का लाभ दे। अनुमंडल मुख्यालय रजौली में इस बाबत भूमिगत जेपी सेनानियों की आज एक महत्वपूर्ण बैठक भी शनिवार को देर शाम हुई। बैठक की अध्यक्षता जेपी सेनानी प्रोफेसर नकुल लाल ने की और संचालन स्टीयरिंग कमिटी के सदस्य रहे आदित्य काश्यप ने किया।

जेपी सेनानी संगठन के अध्यक्ष जयप्रकाश यादव, उपाध्यक्ष नन्दकेश्वर प्रसाद सिंह, प्रोफेसर रामनाथ प्रसाद, विपलेन्द्र कुमार, तौकीर शहंशाह, उदयशंकर, वीरेन्द्र कुमार बरनवाल, दीनानाथ हलवाई, ब्रजमोहन प्रसाद, विपिन कुमार यादव, सोहन प्रसाद और राजेन्द्र विशाल ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार उन्हें सिर्फ आश्वासन की घुट्टी पिला रही है। सरकार जल्द से जल्द उनकी मांग को पूरा करे इसके लिए उन्हें गोलबंद होकर गोलबंद होकर सरकार पर दबाव बनाने का निर्णय लिया।

गोलबंद हो रहे भूमिगत जेपी सेनानियों में हताशा इस बात को लेकर है कि विभिन्न माध्यमों से सरकार तक अपनी मांग पहुंचाने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है, जबकि वे सब भी इस पेंशन के समान हकदार हैं। भूमिगत सेनानियों का मानना है कि वर्ष 1974 के दौरान लोकतंत्र की लड़ाई जब सड़कों से जेल की सलाखों तक पहुंची थी, तब जेपी आन्दोलन के इन भूमिगत सेनानियों ने अपना सबकुछ दांव पर लगाकर आन्दोलन को निरंतरता दी थी। भूमिगत जेपी सेनानियों ने सरकार से एक बार फिर इस मांग को गंभीरता से लेते हुए पेंशन योजना में उन्हें (भूमिगत जेपी सेनानियों को) भी शामिल किये जाने की मांग की है।

गौरतलब है कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण के आह्वान पर शुरू हुए छात्र आन्दोलन में युवाओं ने न केवल अहम भूमिका निभायी थी बल्कि तत्कालीन तानाशाह सरकारी तंत्र की नाक में दम कर दिया था। उस समय आदित्य काश्यप, अभय कुमार कश्यप, शिवशंकर सिंह, रवीन्द्र कुमार राबो, मोहम्मद रिजवान, ब्रह्मदेव प्रसाद आर्य, विनय कुमार, अनिल सिंह, सुरेश सिंह, प्रो. केबी यादव, इंजीनियर केबी यादव, बुद्धसेन, विपलेन्द्र प्रसाद यादव, राजेन्द्र प्रसाद सिंह, राधा आर्या, तौकीर शहंशाह, समेत सैकड़ों युवा इस आन्दोलन में अग्रणी भूमिका निभा रहे थे। भूमिगत जेपी सेनानियों के अनुसार, अग्रणी भूमिका निभानेवालों में कई छात्र नेताओं की गिरफ्तारी हुई और उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। इसके बावजूद आन्दोलन को कभी ब्रेक नहीं लगा। उन दिनों कुछ छात्र नेताओं की गिरफ्तारी के बाद आन्दोलन में शामिल अन्य युवाओं पर आन्दोलन के संचालन की जिम्मेदारी आ गयी थी, जिसे बखूबी निभाया गया। युवाओं ने भूमिगत रहकर आन्दोलन को शिथिल नहीं होने दिया। इस वजह से युवाओं को पढ़ाई का नुकसान हुआ, घरों में डांट-फटकार भी सहनी पड़ी।

**संघर्ष के नायक फिर भी पेंशन व सम्मान से वंचित**: भूमिगत जेपी सेनानियों का कहना है कि वे आपातकाल के ऐतिहासिक संघर्ष के नायक हैं। इसके बावजूद अबतक पेन्शन और सम्मान से वंचित हैं। आदित्य कश्यप कहते हैं कि सिर्फ पेन्शन की नहीं, बल्कि अपनी पहचान और कुर्बानी की कद्र की मांग की जा रही है, जिसके वे हकदार भी हैं. 18 मार्च 1974 से 21 मार्च 1977 तक चले जेपी आन्दोलन को सफल करने में भूमिगत सेनानियों की अग्रणी भूमिका रही है, पर जेपी सम्मान योजना के तहत इन्हें पेन्शन से वंचित कर दिया गया है। भूमिगत होकर इस आन्दोलन के क्रान्तिकारियों का सहयोग करनेवालों को भी पेन्शन मिलनी चाहिए। सरकार तक मांग पहुंचायी गयी है। उन्हें भरोसा भी दिलाया गया है, पर इस दिशा में सकारात्मक पहल नहीं हो रही है। इससे वे गोलबंदी को विवश हो रहे हैं।

## आग लगने से झोपड़ीनुमा घर समेत डेढ बीघा गेहूँ की फसल जलकर राख



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**राजपुर**। विगत शुक्रवार की शाम थाना क्षेत्र के कपसिया गांव निवासी बिनोद राम के एक झोपड़ीनुमा घर में आग लग गई.इस दौरान घर में रखा चौकी कुर्स टेबल,ओढना बिछौना समेत दैनिक जीवन उपयोग के लिए रखा कई समाज जलकर राख हो गया.वहीं तेज हवा के कारण आग उडकर गेंहू के खेत में जा गिरा.देखते हीं देखते गांव निवासी सुनिल सिंह, राजेन्द्र सिंह, लोही सिंह, तारकेश्वर सिंह के खेत का डेढ बीघा फसल जलकर राख हो गया.घटना की सूचना मिलने पर राजपुर पुलिस की अग्निशमन गाड़ी दलबल समेत घटनास्थल पर पहुंच आग को बुझाते हुए आगे बढ़ने से रोककर आग पर काबु पाया.

मामले में थानाध्यक्ष उमुस सलमा ने बताया कि आग लगी की घटना की सूचना पर दमकल टीम को घटनास्थल पर भेजा गया.घटनास्थल पर पहुंचें पुलिस की टीम ने बताया कि बिनोद राम की झोपड़ीनुमा घर ,उसमें रखा समान एवं गांव के चार किसानों के कुल डेढ बीघा गेंहू की फसल जलने की रिपोर्ट पटना कार्यालय को भेज दिया गया है.

## 10+2 उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बैंदा में प्रबंध समिति की बैठक आयोजित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता





**कदवा (कटिहार)**। प्रखंड के भोगांव पंचायत अंतर्गत स्थित 10+2 उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बैंदा में प्रबंध समिति की बैठक आयोजित किया गया।बैठक की अध्यक्षता विधायक सह प्रबंध समिति के अध्यक्ष दुलाल चंद्र गोस्वामी ने किया। बैठक का संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हैया लाल दास ने किया। बैठक पूर्व निर्धारित समय के अनुसार 11:00 बजे प्रारंभ हुई। डेढ़ घंटे बैठक चलने के पश्चात लगभग 12:30 बजे बैठक समाप्त हुई।

बैठक में सर्व समिति से नई प्रबंध प्रबंध समिति का गठन किया गया। प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष-जदयू विधायक दुलाल चंद्र गोस्वामी,पदेन सदस्य प्रधानाध्यापक कन्हैयालाल दास,सदस्य वरीय शिक्षक राजीव रंजन यादव,पदेन सदस्य प्रखंड विकास पदाधिकारी,सदस्य चंदन कुमार भगत (शिक्षा प्रेमी) एवं अनुसूचित जाति की महिला सदस्य बेली देवी का चयन किया गया।

प्रधानाध्यापक कन्हैया लाल दास ने बताया कि बिहार सरकार शिक्षा विभाग की अधिसूचना संचिका संख्या माध्यमिक शिक्षा का अधिसूचना/ 99 / 93/ खंड 389, दिनांक 3 मार्च 2022 माध्यमिक उच्च विद्यालय अधिनियम 1981 की धारा 8 एवं संशोधित अधिनियम 1993 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए विद्यालय प्रबंध समिति के गठन हेतु पूर्व आवश्यक प्रावधान के अनुसार किया गया। प्रधानाध्यापक कन्हैया लाल दास ने बताया कि आज समय अनुसार कदवा विधानसभा क्षेत्र के विधायक दुलाल चंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। जिसमें शिक्षा विभाग अधि सूचना के अनुसार विद्यालय प्रबंध समिति के पदेन अध्यक्ष पद पर आसीन होने का विनम्र निवेदन किया गया।

विधायक दुलाल चंद्र गोस्वामी निवेदन स्वीकार करते हुए अध्यक्ष पद ग्रहण किया। इस प्रकार प्रबंध समिति के पुनर्गठन के लिए पदेन अध्यक्ष का गठन का कार्य पूर्ण हुआ। बैठक में संकुल संचालक निर्मल कुमार मंडल, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बैदा के प्रधानाध्यापक हिदायतुल्लाह,विद्यालय के शिक्षक पीतांबर कुमार राय,कौशल कुमार रमन,राजीव रंजन यादव,प्रियंका कुमारी, ओबेदूर रहमान,लिपिक रिंपा कुमारी सहित भाजपा के नेता पप्पू सिंह,शोभन दास, जदयू के प्रखंड अध्यक्ष विजय दास, जदयू नेता चंदन भगत, विश्व हिंदू परिषद के प्रणव कुमार, जदयू महिला प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष माला देवी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक ड्राइवर की मौत

**बांका।** बांका जिले के अमरपुर थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक सड़क हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना कासपुर-भरको ग्रामीण पथ पर गोरगम्मा मोड़ के पास हुई। मृतक की पहचान शंभुगंज थाना क्षेत्र के चोतरा गांव निवासी कारू यादव के 30 वर्षीय पुत्र विभाष कुमार यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, विभाष कुमार यादव अपने भाई हिमांशु यादव के साथ अमरपुर इलाज कराने गए थे। डॉक्टर से परामर्श लेने के बाद दोनों भाई बाइक से अपने गांव लौट रहे थे।

**एम्बुलेंस से अमरपुर रेफरल अस्पताल पहुंचाया:** गोरगम्मा मोड़ के पास सामने से आ रहे मिट्टी लदे एक ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर बाइक से टकराया। हादसे के बाद, मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने घायल विभाष को एम्बुलेंस से अमरपुर रेफरल अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अपूर्व अमन सिंह ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंचे।मृतक की मां फुलन देवी और पत्नी खुशबू देवी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

**पांच दिन पहले ही अपने घर लौटे थे विभाष:** ग्रामीणों ने बताया कि विभाष कुमार यादव मिलनसार और शांत स्वभाव के व्यक्ति थे। उनका विवाह वर्ष 2010 में मुंगेर थाना क्षेत्र के कौरिया गांव निवासी खुशबू देवी से हुआ था। उनके परिवार में दो पुत्र सुमीत कुमार (9 वर्ष),विपिन कुमार (5 वर्ष) और एक पुत्री आकांक्षा कुमारी (7 वर्ष) हैं।विभाष दिल्ली में रहकर मजदूरी करते थे और परिवार का भरण-पोषण करते थे। वह लगभग पांच दिन पहले ही अपने घर लौटे थे। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। तीन मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ जाने से गांव में भी शोक का माहौल है। उधर घटना की सूचना मिलते ही अमरपुर पुलिस अस्पताल पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी थाना थाना अध्यक्ष ने बताया कि सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पुलिस द्वारा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### तीन थानाध्यक्ष, एक अपर थानाध्यक्ष निलंबित

**अररिया।** अररिया जिले में पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार ने पुलिस व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने तीन थानाध्यक्षों और एक अपर थानाध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एसपी ने स्पष्ट किया कि जिले के सभी थानों के पुलिस पदाधिकारियों के प्रदर्शन की लगातार निगरानी की जा रही है। लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**थानाध्यक्ष की तस्करों के साथ थी मिलीभगत:** पहली कार्रवाई जोगबनी थाने में हुई। यह थाना सीमावर्ती क्षेत्र में होने के बावजूद वहां से मादक पदार्थों की बरामदगी नहीं हो रही थी। थानाध्यक्ष को कांडों के निपटान, वारंट और कुर्की के निष्पादन में तेजी लाने के निर्देश दिए गए थे। आरोप है कि थानाध्यक्ष ने मादक पदार्थ तस्करों के साथ मिलीभगत की। इस गंभीर आरोप के बाद जोगबनी थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया गया। उसी थाने के अपर थानाध्यक्ष को भी निलंबित किया गया है।

**समय पर कार्रवाई नहीं से शख्स की मौत:** दूसरी बड़ी कार्रवाई फारबिसगंज थाने में की गई। 1 जनवरी को एक व्यक्ति शिकायत लेकर थाने पहुंचा था, लेकिन उसकी प्राथमिकी तुरंत दर्ज नहीं की गई। वरीय अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद 3 जनवरी को मामला दर्ज हुआ। इसके बाद 4 जनवरी को उस व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। एसपी जितेंद्र कुमार ने मामले की समीक्षा में पाया कि यदि समय पर कार्रवाई होती तो पीड़ित की जान बच सकती थी। थाना स्तर पर गंभीर लापरवाही सामने आने के बाद फारबिसगंज थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया गया। तीसरे मामले में कुआरी थानाध्यक्ष को निलंबित किया गया। उनकी अपनी ही महिला सिपाही की तस्वीर वायरल होने के बाद पुलिस की छवि को नुकसान पहुंचा था।

**जनता की शिकायतों पर होगी त्वरित कार्रवाई:** एसपी जितेंद्र कुमार ने कहा कि पुलिस की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए ऐसे कदम आवश्यक हैं। उन्होंने जनता की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। इस सख्ती के बाद जिले के अन्य थानाध्यक्षों में भी सतर्कता बढ़ गई है, जिससे पुलिस विभाग अधिक जवाबदेह तरीके से काम करेगा और नागरिकों को न्याय मिल सकेगा।

### पीएम योजना से सशक्त होगी नारी शक्ति

**भागलपुर|** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. प्रीति शेखर ने बिहार सरकार द्वारा जीविका दीदियों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से जोड़ने के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह पहल ग्रामीण महिलाओं को विश्वकर्मा बना कर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनाएगी। इस योजना के तहत हस्तशिल्प और 18 पारंपरिक कार्यों से जुड़ी महिलाओं को प्रशिक्षण और कम ब्याज पर ऋण मिलेगा।

### डीप्टी सीएम से की क्षेत्र के विकास की मांग

**भागलपुर|** जिला पार्षद गौरव राय ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर खरीक क्षेत्र के विकास के लिए ज्ञापन सौंपा। मुख्य मांगों में खरीक में डिग्री कॉलेज का निर्माण, लोकमानपुर से सिंहकुंड तक सड़क निर्माण और कोशी नदी पर बने जमींदारी बांध का जीर्णोद्धार शामिल है। साथ ही, उन्होंने खरीक में केला एवं मक्का आधारित उद्योग की स्थापना की भी मांग की। उपमुख्यमंत्री ने सभी मांगों पर विस्तार से चर्चा कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### शारीरिक शिक्षक व स्वास्थ्य अनुदेशकों की रिक्ति 8 को

**भागलपुर|** शिक्षा विभाग ने मध्य विद्यालयों में शारीरिक शिक्षक एवं स्वास्थ्य अनुदेशकों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह बहाली बिहार राज्य विद्यालय अध्यापक नियमावली-2023 के तहत पंचायती राज एवं नगर निकायों के मध्य विद्यालयों में की जाएगी। निर्देश के अनुसार, पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए समय-सारणी तय कर दी गई है। इसके तहत डीईओ 8 अप्रैल को रिक्त पदों की सूचना एनआईसी पोर्टल पर अपलोड करेंगे। 11 अप्रैल को रिक्तियों का प्रकाशन होगा। अभ्यर्थी 11 से 26 अप्रैल तक आवेदन कर सकेंगे। 29 अप्रैल को औपबंधिक मेधा सूची जारी होगी। आपत्तियों के निष्पादन के बाद 9 मई को अंतिम मेधा सूची प्रकाशित की जाएगी, जबकि 13 मई को चयन सूची जारी होगी।

# शुल्क वापस करने की मांग, 200 छात्रों का प्रोटेस्ट

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर के टी.एन.बी. महाविद्यालय में आज छात्र हितों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) के नेतृत्व में आंदोलन हुआ। सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने अपनी मांगों के समर्थन में धरना-प्रदर्शन किया। करीब तीन घंटे तक चले इस आंदोलन के बाद कॉलेज प्रशासन को वार्ता के लिए आगे आना पड़ा। आंदोलन की मुख्य मांग सभी वर्ग की छात्राओं (ऑल कैटेगरी गर्ल्स) और अनुसूचित जाति/जनजाति (SC/ST) वर्ग के छात्रों का नामांकन पूरी तरह से मुफ्त करने की थी। इसके साथ ही, नोटिस जारी होने के बाद जिन छात्रों से नामांकन शुल्क लिया गया है, उनका शुल्क वापस करने की भी मांग उठाई गई। धरने में 200 से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हुए, जिन्होंने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के दौरान कॉलेज परिसर में काफी देर तक गहमागहमी का माहौल रहा। स्थिति को देखते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य स्वयं धरना स्थल पर पहुंचे और छात्रों से सीधा संवाद किया।

**हेड मास्टर से बातचीत के बाद लेटर जारी:** वार्ता के दौरान हेड मास्टर ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए सभी वर्ग की छात्राओं और SC/ST छात्रों के मुफ्त नामांकन को लेकर शीघ्र नोटिस जारी करने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय से दिशा-निर्देश प्राप्त होते ही जिन छात्रों से शुल्क लिया गया है, उनकी राशि वापस की जाएगी। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि अगले दो दिनों के भीतर रिफंड की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। हेड मास्टर के आश्वासन के बाद छात्रों ने शांतिपूर्ण तरीके से धरना खत्म कर दिया। इस मौके पर कॉलेज अध्यक्ष सुमित सिंह और लक्ष्मण कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि यह आंदोलन छात्र एकता और अधिकारों की जीत है। ABVP हमेशा से छात्र हितों के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी।

**शुक्ल करना पड़ेगा वापस:** प्रदेश सह मंत्री कुनाल पांडेय ने कहा कि यह जीत सिर्फ शुरुआत है। साल 2016 के बाद जिन भी छात्रों से नामांकन शुल्क लिया गया है, उन सभी का पैसा वापस कराने के लिए संगठन लगातार प्रयास करेगा। जरूरत पड़ी तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# अनियंत्रित कार पुलिया से गिरी



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बांका।** बांका के कटोरिया प्रखंड अंतर्गत के चंदुवारी गांव के टोला तरगांव के पास शनिवार को एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पुलिया के नीचे पानी में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हालांकि इस घटना में कार सवार दोनों युवक बाल-बाल बच गए। घटना के बाद आसपास के इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मिली जानकारी के अनुसार कार सवार दोनों युवक राहुल,मुकेश आनंदपुर थाना क्षेत्र के भोरसार गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। बताया जाता है कि दोनों युवक कार चलाना सीखने के लिए घर से वाहन लेकर निकले थे। इसी दौरान तरगांव टोला के पास कार तेज रफ्तार में अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे बनी पुलिया के नीचे पानी में जा गिरी। दुर्घटना के समय कार में सवार दोनों युवक किसी तरह समय रहते वाहन से बाहर निकलने में सफल रहे, जिससे उनकी जान बच गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के गांवों के सैकड़ों लोग मौके पर जुट गए। लोगों की मदद से ट्रैक्टर की सहायता से काफी मशक्कत के बाद पानी में डूबी कार को बाहर निकाला गया। घटना के बाद मौके पर काफी देर तक लोगों की भीड़ लगी रही। सूचना मिलने पर कटोरिया थाना की पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। थाना अध्यक्ष ने बताया कि दुर्घटना में कार सवार दोनों युवक सुरक्षित हैं और किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# उमस और गर्मी से लोग परेशान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में गर्मी ने अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है। शनिवार को सुबह से ही तेज धूप और चिलचिलाती गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस के आसपास रिकॉर्ड किय गया, जबकि न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस है। उमस और तेज गर्मी का असर अब आम जनजीवन पर साफ दिखने लगा है। दोपहर के समय लोग घर से कम ही निकल रहे हैं। बाजारों में भी भीड़ कम हो गई है। स्कूली बच्चों और कामकाजी लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। गर्म हवाओं के कारण बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।

**फिलहाल राहत की उम्मीद नहीं:** मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों तक कोई खास बदलाव नहीं होगा। तापमान 39 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहेगा। आसमान साफ रहने और हवा की गति धीमी होने के कारण लू जैसे हालात बने रहेंगे। BAU के मौसम वैज्ञानिक रोहित अमन ने बताया फिलहाल क्षेत्र में शुष्क पश्चिमी हवा का प्रभाव बना हुआ है। हवा की गति धीमी और आर्द्रता लगभग 50-55 प्रतिशत रहने के कारण गर्मी ज्यादा महसूस हो रही है। अगले 48 घंटों तक तापमान में गिरावट की संभावना नहीं है।

**अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या:** अस्पतालों में भी सिरदर्द, चक्कर और डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। भीषण गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सावधानी बरतने की सलाह दी है। सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच घर से बाहर निकलने से बचें। लगातार नींबू, पानी और ORS का सेवन करें। हल्के और सूती कपड़े पहनें, सिर को ढंककर बाहर निकलें। बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें।

# सदर अस्पताल को मिले 3 करोड़ के मेडिकल इक्विपमेंट

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बेगूसराय।** बेगूसराय सदर अस्पताल को ONGC के सीएसआर फंड से 3 करोड़ के मेडिकल इक्विपमेंट मिले हैं। जिसमें लेप्रोस्कोपिक, ईएनटी उपकरण, नियोनेटल वेंटिलेटर, डिफ्रिब्रिलेटर, ए-स्कैन, फिजियोथैरेपी, आर्टेरियल ब्लड गैस उपकरण, लेबर डिलीवरी, रिकवरी बेड और फुल फाइलर बेड शामिल है। उद्घाटन केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने किया। मौके पर ओएनजीसी के नीरज कुमार बंसल, डीएम श्रीकांत शास्त्री, सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार और मटिहानी के पूर्व विधायक राजकुमार सिंह मौजूद रहे।

**मुस्लिम संगठन सरिया कानून चाहते हैं, जो संभव नहीं है:** मीडिया से बात करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा है कि सभी राज्यों को यूसीसी लागू करना होगा। कुछ राज्य मुस्लिम प्रेम में इसे लागू नहीं करना चाहते हैं, लेकिन ऐसा नहीं चलेगा। मुस्लिम संगठन के दिमाग में भारत को इस्लामिक कंट्री बनाना है। यह संभव नहीं है। एक देश एक कानून ही यूसीसी है। यह नरेंद्र मोदी की सरकार रहते हुए देश में लागू होगा। हिंदू-मुस्लिम का सवाल नहीं है, सवाल एक देश एक कानून का है। एक देश एक कानून को मुस्लिम संगठन सरिया कानून से भारत को बदलना चाहते हैं, जो संभव नहीं है।

**आधुनिक सुविधाओं से लैस:** वहीं, उद्घाटन के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि आज केंद्र और राज्य सरकार की ओर से चिकित्सा व्यवस्था को काफी मजबूत कर दिया गया है। पहले सरकारी अस्पतालों में मरीज इलाज कराने नहीं आते थे, लेकिन अब लोगों की भीड़ लगी हुई है। अस्पताल में सभी प्रकार के आधुनिक उपकरणों से इलाज हो रहा है। आयुष्मान भारत लोगों की जिंदगी बदल रहा है। अब बेगूसराय सदर अस्पताल में कीमोथेरेपी और लेप्रोस्कोपिक ऑपरेशन तक की सुविधा है।

# कार-बाइक की टक्कर में तीन की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बांका।** बांका के बेलहर थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह तेज रफ्तार कार और बाइक की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कार में सवार चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बांका सदर अस्पताल रेफर किया गया है। मृतकों की पहचान ओढ़नी डेम थाना क्षेत्र के वनरझोप गांव निवासी तुलसी साह के बेटे रूपेश कुमार साह उर्फ भगत शाह (28), सुरेंद्र साह (40) और अकलू साह के बेटे बालेश्वर साह (59) के रूप में हुई है। तीनों रिश्ते में चाचा-भतीजा लगते थे, रूपेश और सुरेंद्र चचेरे भाई थे।

**झाड़-फूंक कराने जा रहे थे चाचा-भतीजा:** रूपेश को 10 दिन पहले बेटा हुआ था, हालांकि जन्म के बाद से ही वो बिमार था। इलाज के दौरान 2 दिन पहले नवजात शिशु की मौत हो गई थी। घर वालों को लग रहा था कि किसी ने जादू टोना कर दिया है। इसलिए एक ही बाइक से तीनों चाचा-भतीजा बेलहर क्षेत्र में झाड़-फूंक कराने जा रहे थे। दूसरी ओर, झारखंड के गरवा निवासी प्रवीण गुप्ता, खुशबू कुमारी, पुष्पा देवी और प्रिया कुमारी एक कार से सुल्तानगंज से जल भरकर देवघर स्थित बाबा धाम पूजा-अर्चना के लिए जा रहे थे। इसी क्रम में बेलहर के जिलेबिया मोड़ स्थित देवघर-सुल्तानगंज मुख्य सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार कार और बाइक के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन सड़क किनारे खाई में जा गिरे। दुर्घटना की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

**कार में फंसे घायलों को स्थानीय ने निकाला:** बाइक सवार तीनों व्यक्तियों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं, कार में फंसे चारों घायलों को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया और इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बांका सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।इस हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में दुख का माहौल है। थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार वर्मा ने बताया कि कार और बाइक की टक्कर में तीन लोगों की मौत हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामले की जांच की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस-अपराधियों के बीच मुठभेड़, एक को गोली लगने की सूचना

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**बेगूसराय।** बेगूसराय में बिहार पुलिस के स्पेशल टास्क फोर्स (STF) और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई है। एक अपराधी के गोली लगने की सूचना है। फिलहाल तेघड़ा डीएसपी सहित बड़ी संख्या में पुलिस मौके पर मौजूद है। घटनास्थल पर चारों ओर से नाकाबंदी कर दी गई है। किसी को भी उधर जाने की अनुमति नहीं है। पुलिस की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। घटना बेगूसराय और समस्तीपुर जिला के सीमावर्ती मंसूरचक थाना क्षेत्र के नारायणपुर चौक के पास की है। एक प्रत्यक्षदर्शी चंद्रदेव पासवान ने बताया कि 2 लोगों ने खाने का ऑर्डर दिया। जिसने पहले ऑर्डर दिया था, उसे कुछ शक हुआ। फिर वो भागने लगा। इतमें में ही तीसरा व्यक्ति भी भागने वाले का पीछा करने लगा। वो सादे कपड़े में था। अचानक से दोनों तरफ से फायरिंग होने लगी। इन लोगों में से कोई भी लोकल नहीं था।

**ज्वेलरी शॉप में लूटकांड में शामिल था अपराधी:** शुक्रवार को दरभंगा के प्रेम ज्वेलर्स में दिनदहाड़े 2 करोड़ के जेवरात की लूट हुई। साथ ही बदमाश 25 लाख कैश लेकर भागे थे। इसके बाद पुलिस बदमाशों के पीछे पड़ी हुई है। इसी दौरान स्पेशल टास्क फोर्स को इनपुट मिली कि बदमाश बेगूसराय के मंसूरचक थाना क्षेत्र में छिपे है। इसके बाद सादी वर्दी में एसटीएफ की टीम करीब 10 बजे नारायणपुर चौक पर पहुंची और एक दुकान पर नाश्ता करने लगी। उसी दुकान में पहले से सात- अपराधी बैठकर नाश्ता कर रहे थे। नाश्ता खत्म होने से पहले ही अपराधियों को शक हो गया। शंका होते ही अपराधी भागे तो एसटीएफ ने पीछा शुरू कर दिया। बदमाशों ने गोली चला दी, एसटीएफ को की आत्मरक्षा में गोली चलानी पड़ी।

# दिलीप जायसवाल ने मालदा को बताया 'घुसपैठ का गढ़'

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**अररिया।** बिहार सरकार के उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने पश्चिम बंगाल सरकार पर तीखा हमला बोला है। अररिया में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मालदा जिले में हुई घटना को निंदनीय बताते हुए ममता बनर्जी सरकार की कड़ी आलोचना की। मंत्री जायसवाल ने कहा कि मालदा में हुई घटना बेहद निंदनीय है और इस पर सुप्रीम कोर्ट ने भी बंगाल सरकार को फटकार लगाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की उदासीनता और लापरवाही के कारण ही राज्य में ऐसी घटनाएं हो रही हैं। दिलीप जायसवाल ने मालदा को "घुसपैठ का गढ़" करार देते हुए कहा कि वहां लगाम लगाना बेहद जरूरी है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि देश विरोधी ताकतें मालदा के रास्ते पूरे देश में फैल रही हैं।

**देश के प्रति निभाना चाहिए अपना कर्तव्य:** मंत्री ने राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति पर जोर देते हुए कहा कि जो इस देश का नागरिक है, उसे देश के प्रति अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। उन्होंने भारत की वैश्विक भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि देश पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध और वैश्विक संकट के बावजूद मजबूती से अपनी बात रख रहा है और किसी भी संकट से निपटने के लिए तैयार है। अररिया में दिए गए दिलीप जायसवाल के इस बयान से राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। बिहार सरकार के मंत्री के रूप में उन्होंने सीमा सुरक्षा, घुसपैठ और राष्ट्रीय एकता पर बल दिया। यह बयान 2026 के बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक बहस को और तेज कर सकता है, खासकर बिहार-बंगाल सीमा से सटे इलाकों में घुसपैठ और सुरक्षा मुद्दों को लेकर। मंत्री ने केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वय की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
Email Id- eengbcdgarhwa-jhr@nic.in

ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस
*e-Tender reference no. 03/2026-27/EE/BCD/GARHWA*

1. कार्य का विस्तृत विवरणी

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | वेबसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथ | ई–निविदा खोलने की तिथि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा खोलने का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Renovation of Industria Training Institute at Garhwa. | ₹ 2,11,27,200.00 | ₹ 2,11,300.00 | ₹ 10,000.00 | 15.04.2026 | 21.04.2026 | 22.04.2026 | 11 माह | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची, लिंकटेंक रोड, पिन कोड–834001 |

नोटः– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी। 3. परिमाण विपत्र एवं EMD की राशि केवल ऑनलाईन माध्यम से हीस्वीकार होगा। ऑनलाईन माध्यम से किये गये भुगतान की पावति वेबसाइट पर आवश्यक रूप से अपलोड करेंगे। 4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही संबंधित निविदाता की होगी। 5. विस्तृत जानकारी के लिए http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

PR 376666 (Building) 26-27 (D)

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### मैट्रिक में राज्य की पांचवीं टॉपर नसरीन को पार्षद प्रतिनिधि ने किया सम्मानित

**गड़हनी**। नगर पंचायत गड़हनी वार्ड 2 शांतिनगर के नसरीन प्रवीण को मैट्रिक परीक्षा में बिहार में 5 वां रैंक और जिला में टॉप स्थान लाने पर गड़हनी नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि तस्लीम आरिफ उर्फ गुड्डु व राजद नेता श्रीनिवास यादव ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित के बाद कहा कि हम पूरे नगर पंचायत वासी को गर्व है कि नगर पंचायत गड़हनी की एक लड़की बिहार के टॉप टेन में जगह बनाकर अपने जिला व नगर पंचायत का नाम रौशन की है। साथ ही कहा कि आपको जहां भी पढ़ाई संबंधित जरूरत पड़े मुझे याद करना मै अवश्य मदद करूंगा।वहीं कहा कि आर्थिक कमजोरी के चलते पढ़ाई बाधित नहीं होना चाहिए, जहां जरूरत पड़ेगा मैं खड़ा रहूंगा। तस्लीम आरिफ ने कहा कि जब तक नसरीन डॉक्टर नहीं बन जाती मै आर्थिक मदद करता रहेगे।

### प्रो. राजेन्द्र प्रसाद को मिलेगा रामवृक्ष बेनीपुरी सम्मान

**आरा**। आरा साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में सक्रिय अंतरराष्ट्रीय संस्था काव्य हिन्दुस्तान द्वारा आगामी 19 अप्रैल 2026 को मुजफ्फरपुर (बिहार) की धरती पर 9वां ऑफलाइन कवि सम्मेलन सह सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस भव्य आयोजन में देश-विदेश के प्रतिष्ठित साहित्यकारों की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध साहित्यकार एवं महान स्वतंत्रता सेनानी रामवृक्ष बेनीपुरी के नाती डॉ. राजीव रंजन दास (सीतामढ़ी) करेंगे, जो विशेष रूप से इस अवसर पर शिरकत करेंगे। संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापिका डॉ. रेखा शर्मा ने विभिन्न राज्यों एवं देशों के साहित्यकारों को इस आयोजन में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया है। इस अवसर पर शाहाबाद बुद्धिजीवी मंच के संचालक सह सुप्रसिद्ध साहित्यकार प्रो. (डॉ.) राजेन्द्र प्रसाद 'विद्यासागर' को उनके साहित्यिक योगदान के लिए प्रतिष्ठित रामवृक्ष बेनीपुरी सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। गौरतलब है कि प्रो.राजेन्द्र प्रसाद विद्यासागर की हाल ही में प्रकाशित पुस्तक भगवान हनुमान के विमोचन के बाद उन्हें कई राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। उनके द्वारा लिखित अनेक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, वहीं दो दर्जन से अधिक शोध आलेख भी विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हैं। प्रो. (डॉ.) राजेन्द्र प्रसाद

### श्रीराम ओझा मेमोरियल ट्रस्ट ने किया सम्मानित

**ब्रह्मपुर**| मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रखंड में पहला स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा लक्ष्मी कुमारी को श्रीराम ओझा मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के संयोजक शैलेश ओझा ने छात्रा को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। श्री गणपति चकनी प्लस टू विद्यालय की छात्रा लक्ष्मी कुमारी ने पूरे प्रदेश में 483 अंक लाकर आठवां स्थान, जिले में तीसरा स्थान तथा ब्रह्मपुर प्रखंड में प्रथम स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है। लक्ष्मी कुमारी के पिता रविन्द्र प्रसाद घुरुहपुर प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक हैं तथा माता सुमन कुमारी गृहिणी है।

### सतर्क रहकर ही आग से कर सकते हैं बचाव

**बक्सर**। जिला समादेष्टा सह जिला अग्निशमन पदाधिकारी, सुबास सिंह के निर्देश पर आग से बचाव को लेकर व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान आग से बचाव और बरते जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया गया। शुक्रवार को अनुमंडल अग्निशमालय पदाधिकारी सुनंदा कुमारी एवं अन्य कर्मियों में सब ऑफिसर भानु प्रताप अग्निक चालक संतोष कुमार अग्निक लवली कुमारी अग्निक फंटूश कुमार के द्वारा विभिन्न संस्थानों में अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से निरीक्षण एवं मॉक ड्रिल जनजागरुकता कार्यक्रम कराया गया। शहर के सत्यदेवगंज और सेण्डिगेट स्थित कई व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में आग से बचाव को लेकर मॉक ड्रिल किया गया। सभी संस्थाओं के मालिक को सुझाव दिया गया अपने संस्थान में अग्नि सुरक्षा बनाए रखें एवं पोर्टेबल अग्निशमन यंत्र को चलाने का तरीके को समझाया गया। आग लगने की स्थिति में डायल 101, 112 एवं सरकारी नंबर 74858 05930, 74858 05931 पर फोन कर अपना बचाव कर सकते हैं। आग से बचाव को लेकर शहर में पंपलेट का वितरण किया गया। अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से निरीक्षण व मॉक ड्रिल जन जागरूकता कार्यक्रम कराया गया।

### छह किसानों से 28.900 एमटी गेहूं की हुई खरीदारी

**बक्सर**| जिले में रबी सीजन की प्रमुख फसल गेहूं अब पूरी तरह तैयार हो चुकी है और कई इलाकों में कटाई का काम भी शुरू हो गया है। इसी बीच प्रशासन ने गेहूं खरीद की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से जिले में कुल 46 पैक्स और 4 व्यापार मंडलों का चयन किया गया है, जहां सरकारी दर पर गेहूं की खरीद की जा रही है। जिला सहकारिता विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 2 अप्रैल को दोपहर 3:30 बजे तक 6 किसानों सेकुल 28.900 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में खरीद की रफ्तार और तेज होगी, क्योंकि बड़ी संख्या में किसान अब अपनी फसल की कटाई और मड़ाई में जुटे हुए हैं। वर्तमान में जिले के कई क्षेत्रों में गेहूं की फसल अभी भी खेतों में खड़ी है। किसान कटाई के लिए मजदूरों और कृषि उपकरणों की व्यवस्था करने में लगे हुए हैं। प्रशासन द्वारा किसानों से अपील की गई है कि वे नजदीकी पैक्स या व्यापार मंडल में पंजीकरण कराकर अपनी उपज बेचें।

### सड़क के अतिक्रमण से परेशानी

**बक्सर**| नगर के मेन रोड में हर शाम सब्जी विक्रेताओं के द्वारा सड़क पर ही ठेला लगाकर सब्जी बेच जाने की वजह से जाम की स्थिति बनी रह रही है। ऐसे में आम लोगों के आवागमन के साथ-साथ एंबुलेंस आदि के भी आने-जाने में परेशानी होती है। सामाजिक कार्यकर्ता आयुष्मान शर्मा का कहना है कि आश्चर्य की बात यह है कि प्रशासनिक अधिकारियों के उधर से गुजरने के बावजूद इस स्थिति को ठीक करने का कोई प्रयास नहीं किया जाता।

### सदर अस्पताल में सुरक्षाकर्मियों का अभाव

**बक्सर**| सदर अस्पताल में सुरक्षाकर्मियों का अभाव आगंतुकों की परेशानी का कारण बना हुआ है। साथ ही यहां दलालों की सक्रियता भी लगातार बनी रह रही है। यहां पहुंचने वाले लोगों का कहना है कि कई बार यहां से बाइक आदि चोरी हो जाती है साथ ही यहां स्थानीय अल्ट्रासाउंड तथा लैब संचालकों के दलाल चक्कर लगाते रहते हैं।

### "स्नेक सेवक' की मदद से दो सांपों का रेस्क्यू

**बक्सर**। जिले में स्नेक सेवर के नाम से मशहूर हरिओम चौबे ने शुक्रवार को एक बार फिर खलिहान में रखे पुआल के बीच छिपे एक सांप के साथ ही एक घर में छिपे सांप को रेस्क्यू किया है। उन्होंने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी की कुल्हाड़िया गांव में पुआल के बीच एक सांप छिपा हुआ है। सूचना पर वह अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे और उन्होंने नाग प्रजाति के उस सांप को रेस्क्यू किया। उन्होंने कहा कि यह बेहद खतरनाक सांप होता है और इसके काटने से हर वर्ष हजारों लोगों की मौत होती है। हरिओम ने बताया इसके बाद पांडेयपट्टी गांव में एक सांप देखे जाने की सूचना मिली। लोगों की सूचना पर वह घर में पहुंचे जहां एक धामिन सांप को रेस्क्यू किया। उन्होंने बताया कि यह सब बिल्कुल भी जहरीला नहीं होता है और एक तरह से किसानों का मददगार भी होता है। उन्होंने बताया कि खेत में जो चूहे होते हैं उन्हें यह अपना शिकार बनाते हैं जिससे कि किसानों के फसल की रक्षा हो जाती है। हरिओम ने कहा कि सांप काटने के बाद लोग तंत्र-मंत्र और पूजा-पाठ तो कराने लगते हैं, लेकिन उचित इलाज नहीं कराते। जबकि सांप काटने पर तुरंत एंटी वेनम का इंजेक्शन लेने की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि यदि सांप जहरीला नहीं भी हो तो भी चिकित्सकीय परामर्श आवश्यक होता है और टेटनस का इंजेक्शन लेना ही होता है। 7 हजार से ज्यादा सांपों का रेस्क्यू कर चुके हैं जिले के सदर प्रखंड के दलसागर निवासी हरिओम ने अब तक 7000 से ज्यादा सांपों का रेस्क्यू किया है।

# 32.790 लीटर शराब के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। रेलवे सुरक्षा बल (RPF) बक्सर ने ट्रेन में शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 3 अप्रैल 2026 को ट्रेन संख्या 12370 में नियमित चेकिंग के दौरान की गई। टीम ने कुल 32.790 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की। आरपीएफ टीम को तलाशी के दौरान संदिग्ध गतिविधि दिखी, जिसके बाद सघन जांच शुरू की गई। इस जांच में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद हुई। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 12,660 रुपये बताई जा रही है। बरामदगी के बाद चारों आरोपियों को मौके पर ही हिरासत में ले लिया गया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान भोजपुर और पटना जिले के रहने वाले युवकों के रूप में हुई है। इनमें भोजपुर जिले के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के नरगदा निवासी प्रिंस कुमार गिरी (23 वर्ष, पिता प्रमोद गिरी) शामिल हैं। पटना जिले से नीरज कुमार (21 वर्ष, पिता अरुण चौधरी, निवासी सालिमपुर), प्रिंस कुमार (19 वर्ष, पिता संतोष कुमार, निवासी मनेर) और मुन्ना कुमार (26 वर्ष, पिता उमेश महतो, निवासी सब्बलपुर) को गिरफ्तार किया गया है।

**ट्रेन में शराब की तस्करी की सूचना पर अभियान जारी**: आरपीएफ अधिकारियों के अनुसार, ट्रेन में शराब की तस्करी की सूचना के आधार पर यह अभियान चलाया गया था। जांच के दौरान चारों युवक संदिग्ध स्थिति में पाए गए, जिनके पास से बैग में छुपाकर रखी गई शराब बरामद हुई। प्रारंभिक पूछताछ में संकेत मिले हैं कि ये लोग शराब को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने का काम कर रहे थे। कार्रवाई के बाद आरपीएफ ने सभी आरोपियों को आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए जीआरपी बक्सर के हवाले कर दिया है। जीआरपी द्वारा अब मामले की विस्तृत जांच की जा रही है, ताकि इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा सके।

**संलिप्त लोगों के खिलाफ होगी कार्रवाई**: रेलवे और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से कहा है कि शराब तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे अवैध कार्यों में संलिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यात्रियों से भी अपील की गई है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत सुरक्षा बलों को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## जहर खाने से युवक की मौत



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर के पसौर गांव में पत्नी से झगड़े के बाद पति ने जहर खा लिया। इलाज के दौरान सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान भूखन मुसहर के पुत्र गोलू राम(25) के तौर पर हुई है। घटना चरपोखरी थाना क्षेत्र की है। पत्नी मोती देवी ने बताया कि मेरा पति बहुत ज्यादा नशा करता था। शुक्रवार शाम को पति से कहा कि ज्यादा नशा मत करो। इसी बात को लेकर उनके बीच झगड़ा हुआ। उसके बाद लकड़ी लाने के लिए बाहर चली। पति बधार की ओर चले गए, जहां गुस्से में आकर उसने जहर खा लिया। सूचना मिलने पर परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। इलाज के लिए अस्पताल लाया गया, लेकिन जान नहीं बची।

**घर में मचा कोहराम**: मृतक अपने तीन भाई और एक बहन में दूसरे स्थान पर था। परिवार में मां मनोरमा देवी, पत्नी मोती देवी है। इस घटना के बाद मृतक की मां मनोरमा देवी, पत्नी मोती और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## ट्रकों की टक्कर, शॉर्ट सर्किट से इंजन में लगी आग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर में शनिवार सुबह सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से आ रहे गिट्टी लदे ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों ट्रकों में शॉर्ट सर्किट हुआ और एक ट्रक के इंजन में आग लग गई। टक्कर के बाद लगी आग तेजी से फैलने लगी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सोनवर्षा थाना क्षेत्र में तैनात एक छोटी अग्निशमन वाहन तुरंत मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-319 पर टिक पोखर के पास हुआ।

**दमकल कर्मियों ने आग पर पाया काबू**: अग्निशमन पदाधिकारी शिखा कुमारी के अनुसार, शुरुआती प्रयासों के बावजूद आग पर काबू नहीं पाया जा सका। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जगदीशपुर और डुमरांव अग्निशमालय से बड़ी दमकल गाड़ियां बुलाई गईं। दमकल कर्मियों ने मिलकर लगातार पानी की बौछार कर आग को नियंत्रित करने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। इस घटना के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा, जिसे बाद में सामान्य कर दिया गया। इस हादसे में दोनों ट्रकों के चालक और सहचालक पूरी तरह सुरक्षित हैं। दमकल विभाग की तत्परता और स्थानीय लोगों की समय पर सूचना से एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## अफरोज हत्याकांड में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। आरा के सिंगही क्षेत्र से पुलिस ने अफरोज हत्याकांड में फरार चल रहे मुख्य आरोपी शिवम कुमार को गिरफ्तार किया है। बड़हरा के केशोपुर गांव का रहने वाला है। फिलहाल शहर के तरी मोहल्ला में रह रहा था। टाउन थाना क्षेत्र के पश्चिम टोला बाइक मैकेनिक मो. अफरोज की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सदर एएसपी राजकुमार साह ने बताया कि हत्या के पीछे आपसी विवाद और गाली-गलौज की मुख्य वजह रही। घटना की रात सीके रोड स्थित एक चाय दुकान पर आरोपी शिवम सिंह, उसके पिता सरोज सिंह और मृतक अफरोज के बीच तीखी नोकझोंक और गाली-गलौज हुई थी।

**सोनू ने हथियार उपलब्ध कराई थी**: पूछताछ में शिवम ने स्वीकार किया कि उसके पिता को गाली दिए जाने से वह आक्रोशित हो गया और इसी गुस्से में उसने अफरोज को गोली मार दी। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल देसी पिस्टल भी बरामद कर ली है। हथियार के स्रोत के बारे में पूछे जाने पर आरोपी ने बताया कि यह पिस्टल उसे बामपाली इलाके के उसके एक साथी सोनू ने उपलब्ध कराई थी। इससे पहले पुलिस ने इस मामले में सहयोग करने के आरोप में सत्यम कुमार को भी गिरफ्तार किया था, जो आरोपी का ममेरा भाई बताया जा रहा है। इंस्पेक्टर देवराज राय ने बताया कि वारदात के दौरान आरोपी द्वारा पहने गए कपड़े भी बरामद कर लिए गए हैं और सीसीटीवी फुटेज में उसका हुलिया भी स्पष्ट रूप से सामने आया है। आरोपी के पिता सरोज सिंह की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

**अब जानिए क्या है पूरा मामला**: एक अप्रैल की रात करीब 9:20 बजे सीके रोड पर चाय दुकान के पास आरोपियों ने अफरोज के साथ गाली-गलौज की थी। सूचना मिलने पर जब उनके भाई मौके पर पहुंचे, तब सरोज सिंह के उकसावे पर शिवम ने पिस्टल से अफरोज के सीने में गोली मार दी। गोली लगने के बाद जान बचाने के लिए पश्चिम टोला की ओर भागा। सीसीटीवी में दिख रहा है कि सत्यम कुमार ने उनका पीछा कर पूर्व वार्ड पार्षद के घर के पास उनके हाथ में दूसरी गोली मार दी, जिससे मौके पर ही गिर पड़े। इसके बाद गंभीर हालत में परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल से एक खोखा भी बरामद हुआ है।

## छेड़खानी का विरोध करने पर महिला की पिटाई

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। भोजपुर जिले के चांदी थाना क्षेत्र के कोसीहान गांव में छेड़खानी का विरोध करने पर एक महिला की पिटाई कर दी गई। इस दौरान उक्त बदमाश ने महिला को साड़ी खींचकर एक सुनसान इलाके में जबरन ले जाने की कोशिश भी की गई। इस घटना में महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जानकारी के अनुसार, जख्मी महिला चांदी थाना क्षेत्र के कोसीहान गांव निवासी राजेश पासवान की 25 वर्षीया पत्नी शिल्पी कुमारी है। महिला के सिर पर हमला किया गया, जिससे उसकी सर फट गई है। परिजनों ने उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया है।

**सिर पर हमला, साड़ी खींचकर घसीटने की कोशिश**: महिला के अनुसार, वह अपनी भतीजी के साथ शौच के लिए बधार की ओर गई थी। लौटने के दौरान गांव के ही एक नकाबपोश युवक ने गमछे में ईंट लपेटकर उसके सिर पर हमला कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया। इसके बाद आरोपियों ने खून से लथपथ हालत में उसकी साड़ी खींचकर उसे सुनसान खेत की ओर जबरन ले जाने की कोशिश की।

**भतीजी के शोर से बची महिला**: इधर, शिल्पी कुमारी ने बताया कि, वह अपनी भतीजी के साथ शौच करने के लिए घर से बधार की तरफ गई थी। जब वापस लौट रही थी तभी गांव के ही एक नाकाबपोश युवक वहां आया और पहले गमछा में ईंट लपेटकर उसके सिर पर हमला कर दिया। उसके बाद खून से लथपथ हालत में उसे जबरन खेत में सुनसान जगह पर ले जाने लगे। तभी उसकी भतीजी ने शोर मचाना शुरू कर दिया। उसके शोर मचाने पर वह दोनों युवक भाग गए।

**दो युवकों पर आरोप, जांच में जुटी पुलिस**: घायल महिला ने गांव के ही दो युवकों पर मारपीट और छेड़खानी का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की तैयारी कर रही है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं महिला की स्थिति को देखते हुए पुलिस मामले को गंभीरता से ले रही है।

## ऑटो की भिड़ंत में चालक समेत 6 घायल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। आरा उदवंतनगर थाना क्षेत्र के आरा-पीरो मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को दुलारपुर गांव के समीप दो सवारी ऑटो के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में एक ऑटो चालक समेत कुल छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ऑटो के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय ग्रामीणो और राहगीरो की तत्परता से सभी घायलो को तत्काल वाहनो से निकालकर आरा सदर अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर एक ऑटो सवारी लेकर चौरी थाना क्षेत्र के बेरथ गांव से आरा की ओर आ रही थी। वही दूसरी ऑटो आरा से सवारी भरकर पीरो की दिशा में जा रही थी। जैसे ही दोनो वाहन उदवंतनगर थाना क्षेत्र के दुलारपुर गांव के समीप पहुंचे, तभी अनियंत्रित होकर दोनो के बीच सीधी भिड़ंत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियो ने बताया कि रफ्तार तेज होने के कारण चालको को संभलने का मौका नही मिला। भिड़ंत के बाद एक ऑटो सड़क किनारे पलट गई, जबकि दूसरी का अगला हिस्सा बुरी तरह पिचक गया। राहगीरो ने तुरंत घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी और घायलो की मदद में जुट गए।घायलो की पहचान चौरी थाना क्षेत्र के बेरथ गांव निवासी प्रमोद सिंह की 50 वर्षीय पत्नी सोनामति देवी, शिवगंज निवासी जंगबहादुर सिंह के 40 वर्षीय पुत्र अजय कुमार सिंह, जगदेवनगर निवासी छोटू सिंह का 40 वर्षीय पुत्र ऑटो चालक प्रद्युम्न कुमार सिंह, देवनती देवी 60, प्रतिमा देवी 25, उर्मिला देवी 50 के रूप में हुई है। उदवंतनगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची।

## गैस संकट के कारण बदला रेस्टोरेंट का स्वाद



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। जिले में रसोई गैस संकट का असर अब आम लोगों की थाली तक साफ तौर पर दिखाई देने लगा है। शहर के विभिन्न रेस्टोरेंटों में मेनू बदल गए हैं और ग्राहकों को उनके पसंदीदा व्यंजन नहीं मिल पा रहे हैं। संचालकों का कहना है कि रसोई गैस की कमी के कारण उन्हें मजबूरी में कोयला और लकड़ी के चूल्हे का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे कई व्यंजन बनाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में जब तक गैस संकट बरकरार रहेगा, तब तक मेनू में बदलाव जारी रहेगा। देशभर में जारी गैस संकट का असर बक्सर में भी देखने को मिल रहा है। एक तरफ प्रशासन लगातार यह दावा कर रहा है कि जिले में घरेलू रसोई गैस की कोई कमी नहीं है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, वहीं दूसरी तरफ कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित होने की बात भी स्वीकार की जा रही है। इसका सीधा असर होटल और रेस्टोरेंट व्यवसाय पर पड़ रहा है, जहां गैस की अनुपलब्धता के कारण कामकाज प्रभावित हो गया है।

## अभिमान रहित भक्ति से ही मिलती है ईश्वरीय कृपा : देवराहा शिवनाथ जी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में परमपूज्य त्रिकालदर्शी परमसिद्ध विदेह संत श्रीदेवराहाशिवनाथ दासजी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि अभिमान रहित भक्ति ही ईश्वरीय कृपा प्राप्त करने का सबसे सरल मार्ग है। उन्होंने श्री हनुमानजी के जीवन को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करते हुए बताया कि सच्ची भक्ति वही है जिसमें अहंकार का लेशमात्र भी स्थान नहीं होता। संतश्री ने अपने प्रवचन में कहा, "काया गढ़ जीत जोगी तब हम जानी, ऐसी काया गढ़वा में धोबीन रानी।" उन्होंने समझाया कि श्री हनुमानजी ने अपनी इसी काया रूपी गढ़ को भगवान श्रीराम की भक्ति के माध्यम से जीत लिया था। वे इतने अधिक भक्ति में लीन हो गए थे कि उन्हें अपने बल, बुद्धि और विद्या का भी कोई अभिमान नहीं रहा। संतश्री ने कहा कि श्री हनुमानजी केवल स्वयं को भगवान राम का दास मानते थे और इसी भाव ने उन्हें महान बनाया। कार्यक्रम के तहत एक भव्य शोभायात्रा का भी आयोजन किया गया, जो शुभ लगन रिसोर्ट रामचंदा से प्रारंभ होकर विद्याधार, बड़ी दुर्गा स्थान, प्रकाश टाकीज रोड, सागरमल चौक, मील रोड, स्टेशन रोड, राजेन्द्र चौक, थाना चौक, मेन रोड, लोहा पट्टी रोड और विश्वनाथ गंज होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। इसके पश्चात सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और संकीर्तन के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में हनुमान जन्मोत्सव समिति के धुर्व कुमार, प्रह्लादजी, ललित सिंह, मुकेश , अनिरुद्ध जालान, संजीव कुमार, दिनेश, मुन्ना, गौतम, अरविन्द वर्मा, संजीव कुमार सिंह सिसौदिया आदि मौजूद थे।

### ऑटिज्म जागरुकता दिवस पर विशेष कार्यक्रम, थेरेपी कराने पर दिया जोर

**आरा**। संसाधन सह पुनर्वास केंद्र, नवादा आरा के प्रांगण में विश्व ऑटिज्म अवेयरनेस डे 2026 के अवसर पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजकीय कन्या प्लस टू उच्च विद्यालय, नवादा आरा की प्रभारी प्राचार्य एवं समावेशी शिक्षा की जिला समन्वयक की उपस्थिति रही।इस अवसर पर बच्चों एवं उनके अभिभावकों के साथ संसाधन शिक्षकों द्वारा केक काटकर दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला समावेशी शिक्षा विभाग के समन्वयक नंदकिशोर रजक ने ऑटिज्म पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए अभिभावकों को बच्चों की दिनचर्या एवं समय-सारणी पर विशेष ध्यान देने के लिए जागरूक किया। वहीं, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वीना कुमारी ने अभिभावकों को बच्चों को नियमित रूप से संसाधन केंद्र लाने तथा उन्हें आवश्यक थेरेपी दिलाने पर जोर दिया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### उस्मानचक में आग से तबाह हुई गेहूं की फसल, पांच किसानों का चार-पांच बीघा खेत जलकर राख

**मसौढ़ी।** लहसुना थाना क्षेत्र के उस्मानचक गांव में शनिवार दोपहर अचानक लगी भीषण आग ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। आग की चपेट में आकर करीब चार से पांच बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। इस हादसे में पांच किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीण तत्काल खेतों की ओर दौड़े और अपने स्तर पर आग बुझाने में जुट गए। इसी बीच फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई। दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया था। बताया जा रहा है कि प्रभावित खेतों में दो-तीन दिनों के भीतर गेहूं की कटाई शुरू होने वाली थी। ऐसे में इस घटना ने किसानों की उम्मीदों को बड़ा झटका दिया है। आग से जिन किसानों की फसल प्रभावित हुई है, उनमें उपेंद्र नारायण सिंह, शैलेन्द्र नारायण सिंह, राजेश्वर सिंह, महेश सिंह और भोला सिंह शामिल हैं। ग्रामीणों और किसानों के अनुसार, आग लगने की वजह बिजली के तार में शॉर्ट सर्किट हो सकती है। हालांकि, प्रशासनिक स्तर पर इसकी जांच की जा रही है।

### वैशाली में दो ट्रकों की टक्कर, एक की मौत, तीन घायल हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर, जांच जारी

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के हाजीपुर-जंदाहा मुख्य मार्ग पर सलहा चौक के पास शनिवार दोपहर दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना जंदाहा प्रखंड के चखुरदी गांव में दोपहर करीब 1:30 बजे हुई। जंदाहा से हाजीपुर जाने वाले मुख्य मार्ग पर हुई इस टक्कर की चपेट में एक मोटरसाइकिल भी आ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक ट्रक सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गया। दूसरा ट्रक उसके पिछले हिस्से में जा घुसा। हादसे में गौसपुर इजरा निवासी विश्वकर्मा कुमार (उम्र करीब 22 वर्ष), पिता सिंधेश्वर राय की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को तुरंत जंदाहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जंदाहा थाना प्रभारी मनोज कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### रेड करने गई पुलिस की वज्र गाड़ी खराब, शराब माफिया के खिलाफ होनी थी छापेमारी

**हाजीपुर।** वैशाली में शराब माफिया के खिलाफ छापेमारी के दौरान पुलिस की वज्र वाहन खराब हो गई। महनार थाना क्षेत्र के दियारा इलाके में यह घटना हुई, जहां पुलिस को वाहन को धक्का लगाकर स्टार्ट करना पड़ा। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह कार्रवाई वैशाली पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग के निर्देश पर की जा रही थी। पुलिस टीम शराब कारोबारियों को पकड़ने और अवैध शराब के अड्डों को ध्वस्त करने के लिए दियारा क्षेत्र में पहुंची थी। दियारा इलाका बड़े पैमाने पर देसी शराब के अवैध उत्पादन के लिए जाना जाता है। यहां शराब कारोबारी बड़े-बड़े भट्ठे लगाकर शराब बनाते हैं। पुलिस का उद्देश्य इन अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाना था। वैशाली में शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में महनार थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दियारा क्षेत्र में शराब माफिया बड़े पैमाने पर अवैध देसी शराब का निर्माण कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और सभी अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। मौके पर मौजूद करीब 1500 लीटर देसी शराब को नष्ट किया गया। इसके साथ ही शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जा रहे उपकरणों को भी पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। हालांकि, पुलिस की गाड़ी को दूर से आता देख शराब माफिया मौके से फरार होने में सफल रहे। इस घटना के बाद वैशाली पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं, खासकर खराब वाहन के इस्तेमाल को लेकर। इस संबंध में पुलिस ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। वज्र वाहन का उपयोग मुख्य रूप से दंगा नियंत्रण के लिए किया जाता है। इसमें आंसू गैस के गोले दागने की क्षमता होती है और इसका इस्तेमाल दंगाइयों को तितर-बितर करने के लिए किया जाता है।

### सूखा नशा करने से रोका तो युवकों ने पीटा, पुलिस पर पीड़ित से रिश्वत लेने का आरोप, परिजन गाड़ी के सामने लेटे

**हाजीपुर।** वैशाली के महनार थाना क्षेत्र में नशा सेवन रोकने पर एक व्यक्ति की पिटाई कर दी गई। आरोप है कि सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने पीड़ित को ही पीटा, उससे एक हजार रुपये की रिश्वत ली और धमकी देकर छोड़ दिया। पुलिस के इस रवैये से नाराज परिजनों ने देर रात पुलिस का घेराव कर हंगामा किया। यह घटना देशराजपुर बजरंगबली चौक के पास बीते देर रात करीब 10 बजे हुई। 45 वर्षीय धर्मेंद्र राम (निवासी देशराजपुर बजरंगबली चौक, गणेश राम के पुत्र) ने कुछ लड़कों को सूखा नशा करने से रोका था। इसी बात पर लड़कों ने धर्मेंद्र राम की पिटाई कर दी। मारपीट के बाद धर्मेंद्र राम ने तत्काल डायल 112 पर महनार थाने की पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी लड़के भाग चुके थे। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के बजाय धर्मेंद्र राम को ही अपनी गाड़ी में बैठा लिया। पीड़ित के अनुसार, पुलिस उसे अस्पताल ले जाकर इलाज कराने के बजाय करीब 5 किलोमीटर तक घुमाती रही। महनार स्टेशन के पास ले जाकर पुलिसकर्मियों ने धर्मेंद्र राम की पिटाई की और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली-गलौज भी की। धर्मेंद्र राम ने बताया कि पुलिसकर्मियों ने उसे होश में रहने की चेतावनी दी और धमकी दी कि अगर उसने आगे से नशा करने वालों की सूचना दी तो उसका जीवन बर्बाद कर देंगे। इसके बाद पुलिस ने उससे एक हजार रुपये की मांग की। धर्मेंद्र के पास नकद रुपये न होने पर, पुलिस ने स्टेशन स्थित दुकानदारों से यूपीआई ट्रांजेक्शन करवाकर नकद रुपये मंगवाए और रिश्वत लेकर उसे छोड़ दिया। जब पुलिस धर्मेंद्र राम को घर छोड़ने आई, तो परिजनों ने पुलिस का घेराव कर हंगामा शुरू कर दिया। परिवार के लोग पुलिस की गाड़ी के सामने लेट गए। थाना अध्यक्ष के घंटों मशक्कत के बाद मामला शांत हो सका।

### सीएसपी लूटकर भाग रहे तीन अपराधियों को पकड़ा, 2 घंटे पहले 29,300 रुपए कैश लेकर भागे थे

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर के सरैया थाना क्षेत्र में शनिवार को एक सीएसपी (CSP) से दिनदहाड़े लूट के तीन आरोपियों को 2 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया गया। बदमाशों ने बहिलबारा मलंग चौक स्थित ग्रामीण बैंक के सीएसपी केंद्र को निशाना बनाया था। पकड़े गए अपराधियों ने दोपहर 12.25 के आसपास लूट की वारदात को अंजाम दिया था। मामले की सूचना के बाद पुलिस ने करीब 2 बजकर 25 मिनट पर तीनों अपराधियों को सरैया थाना क्षेत्र से ही गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, तीन नकाबपोश बदमाश एक बुलेट बाइक पर सवार होकर सीएसपी केंद्र पहुंचे थे। उन्होंने हथियार के बल पर कर्मियों को बंधक बनाकर 29,300 नकद लूट लिए। लूट के बाद अपराधियों ने दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग भी की और बुलेट से भाग निकले। लूट की सूचना मिलते ही मुजफ्फरपुर के एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने तत्काल घेराबंदी के निर्देश दिए। उनके निर्देश पर सरैया कोतवाल और प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी प्रसन्ना वी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने वायरलेस पर सूचना मिलते ही अपराधियों का पीछा करना शुरू कर दिया। पुलिस से घिरता देख बुलेट सवार तीनों अपराधी अलग-अलग सड़क से कभी तुर्की थाना क्षेत्र तो कभी सरैया थाना क्षेत्र की ओर भागे। करीब 12 किलोमीटर दूर पुलिस की टीम ने तीनों को दबोच लिया। पकड़े गए बदमाशों के पास से लूटी गई 29,300 की रकम, वारदात में इस्तेमाल की गई बुलेट बाइक और हथियार बरामद किए गए हैं। लुटेरों ने सीएसपी संचालक धीरेंद्र कुमार को हथियार के बल पर धमकाया और नकदी व मोबाइल लेकर तुर्की की ओर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही जब दुकानदार सक्रिय हुए, तो बुलेट पर पीछे बैठे एक अपराधी ने हवा में एक गोली चलाई। अपराधी सरैया की ओर से आए थे। सीएसपी संचालक धीरेंद्र कुमार ने घटना का विवरण देते हुए बताया कि मैं काउंटर पर बैठा था तभी बुलेट से तीन लोग उतरे। तीनों ने मेरी कनपटी पर बंदूक तान दी और धमकी देते हुए सारा पैसा और मेरा मोबाइल फोन छीन लिया। तीनों के चेहरे ढके हुए थे।

# फुलवारीशरीफ में अंतरराज्यीय शराब तस्करी गिरोह का पर्दाफाश

## 8 तस्कर गिरफ्तार, लाखों की शराब जब्त

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** राजधानी के फुलवारीशरीफ इलाके में मद्य निषेध विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय शराब तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गौरीचक थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर स्थित एक वेयरहाउस में छापेमारी कर टीम ने 8 तस्करों को गिरफ्तार किया, जबकि मौके से करीब साढ़े 8 लाख रुपये मूल्य की विदेशी शराब जब्त की गई। मद्य निषेध विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त वेयरहाउस में भारी मात्रा में शराब की खेप उतारी जा रही है। सूचना के आधार पर टीम गठित कर त्वरित छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान एक ट्रक से विदेशी शराब उतारकर उसे पिकअप वैन में लोड किया जा रहा था, तभी टीम ने मौके पर दबिश देकर सभी आरोपियों को पकड़ लिया। मद्य निषेध विभाग के अधिकारी प्रेम कुमार ने बताया कि गिरफ्तार गिरोह पिछले करीब तीन महीनों से बिहार में बड़े पैमाने पर शराब की तस्करी कर रहा था। प्राथमिक जांच में यह भी सामने आया है कि तस्करी के लिए संगठित नेटवर्क का इस्तेमाल किया जा रहा था।



विभाग अब इस पूरे मामले में वेयरहाउस की भूमिका की भी जांच कर रहा है। संलिप्तता साबित होने पर संबंधित लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तार तस्करों में कमलेश कुमार, राजकरण कुमार, शिवकरण कुमार, रामसूरत कुमार, नीरज कुमार, श्रवण कुमार और रामेश्वर शर्मा शामिल हैं, जो उत्तर प्रदेश के सुल्तानगंज, अमेठी और आगरा क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं।

वहीं आठवां आरोपी पंकज कुमार हरियाणा का रहने वाला है। अधिकारियों के अनुसार, इस गिरोह के मुख्य सरगना पंकज कुमार और रविंद्र हैं। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि जब्त की गई शराब बिहार में किसके द्वारा मंगाई गई थी और इस नेटवर्क के तार राज्य के अन्य तस्कर गिरोहों से कैसे जुड़े हुए हैं। इस कार्रवाई को मद्य निषेध विभाग की बड़ी सफलता माना जा रहा है, वहीं पुलिस अब फरार आरोपियों और पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने में जुटी हुई है।

## पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष संजीव कुमार पांडेय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा, प्रतिमा स्थापना का निर्णय



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रहे संजीव कुमार पांडेय की 11वीं पुण्यतिथि शनिवार को पुरानी बाजार स्थित उनके आवास पर श्रद्धा और भावनाओं के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित शोक सभा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने संजीव कुमार पांडेय के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए उनके सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने हमेशा आमजन की सेवा को प्राथमिकता दी और समाज के कमजोर वर्गों के लिए निरंतर काम किया। उनके कार्य और विचार आज भी लोगों को प्रेरित करते हैं।

माल्यार्पण के बाद सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। पूरे कार्यक्रम में भावुक माहौल देखने को मिला। सभा में यह महत्वपूर्ण निर्णय भी लिया गया कि संघतपर चौराहे के पास संजीव कुमार पांडेय की प्रतिमा स्थापित की जाएगी, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके योगदान को याद रख सकें। इस मौके पर उनकी माता इंद्रमणि देवी, पिता अलख नारायण पांडेय, डॉ. रामजयपाल सिंह, मूर्तियुंजय पेरियार, मोहम्मद अफराज, साहिल, पूर्व प्रमुख रमाकांत रंजन, किशोर, अबोध कुमार उर्फ शेरा चंद्रवंशी, शिवपूजन सिंह, अमित कुमार, उपेंद्र कुमार, अजय कुमार, कांग्रेस नेता रविंद्रधारी बिंद, राजकुमार गिरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## आर्म्स एक्ट के फरार आरोपी के घर इश्तेहार चस्पा

### आत्मसमर्पण की चेतावनी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी।** थाना क्षेत्र के रेवां गांव में शनिवार को पुलिस ने आर्म्स एक्ट के एक फरार अभियुक्त के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उसके घर इश्तेहार चस्पा किया। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश के बाद की गई, जिसमें आरोपी को निर्धारित समय में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया है।

थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि वर्ष 2025 में दर्ज आर्म्स एक्ट और मारपीट के एक मामले में अवधेश प्रसाद के पुत्र सुबोध कुमार को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। मामले के बाद से ही वह फरार चल रहा है और लगातार पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

पुलिस टीम ने गांव में माइकिंग कर लोगों को आरोपी के बारे में जानकारी दी और उसे जल्द



आत्मसमर्पण करने की अपील की। इसके बाद उसके घर पर विधिवत इश्तेहार चिपकाया गया, जिसमें स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि तय समय के भीतर कोर्ट में हाजिर नहीं होने पर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि फरार अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून से बचने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## वैशाली में जमीन मापी के दौरान खूनी संघर्ष, 15 घायल, प्रशासनिक लापरवाही पर उठे सवाल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**वैशाली।** जिले के रुस्तमपुर थाना क्षेत्र में जमीन मापी के दौरान शनिवार को दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई, जिसमें 2 महिलाओं समेत कुल 15 लोग घायल हो गए। अंचलाधिकारी और पुलिस बल की मौजूदगी में हुई इस घटना ने कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक तैयारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, रुस्तमपुर निवासी काशी राय और उमेश साह के बीच करीब एक कट्ठा जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। जमीन की खरीद-फरोख्त और सड़क से सटी लोकेशन को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने थे। शनिवार को चौथी बार जमीन की मापी के लिए अंचल प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची थी। जैसे ही मापी की प्रक्रिया शुरू हुई, दोनों पक्षों के बीच



कहासुनी बढ़ते-बढ़ते हिंसक झड़प में बदल गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों ने लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से एक-दूसरे पर हमला शुरू कर दिया, जिससे पूरा इलाका रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हालात इतने बिगड़ गए कि मौके पर मौजूद अंचलाधिकारी दीपक कुमार और पुलिसकर्मियों को भी खुद को बचाने के लिए पीछे हटना पड़ा। घटना के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से एक पक्ष के गंभीर घायलों को पटना के पीएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां कुछ की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। वहीं दूसरे पक्ष के घायलों का इलाज राघोपुर-फतेहपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें पत्थरबाजी और अफरा-तफरी का दृश्य साफ नजर आ रहा है। वीडियो में एक व्यक्ति द्वारा यह आरोप लगाते हुए सुना जा रहा है कि "सीओ ने ही विवाद को हवा दी।" हालांकि इस आरोप की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इससे प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं। घटना के बाद इलाके में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। ग्रामीणों में अंचल प्रशासन और पुलिस की भूमिका को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि पहले भी मापी के प्रयास विफल हो चुके थे, इसके बावजूद पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## विद्यारंभ संस्कार से गोल इंटरनेशनल स्कूल में नए सत्र का शुभारंभ, संस्कार और आधुनिक शिक्षा के संगम का संदेश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** राजधानी स्थित गोल एजुकेशन विलेज परिसर में पारंपरिक विधि-विधान, वैदिक मंत्रोच्चारण और आध्यात्मिक वातावरण के बीच विद्यारंभ संस्कार का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर गोल इंटरनेशनल स्कूल के नवप्रवेशी विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लेकर अपनी शैक्षणिक यात्रा की औपचारिक शुरुआत की। कार्यक्रम में अभिभावकों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे माहौल और अधिक उत्साहपूर्ण बन गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुई। गुरुजनों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने अक्षरारंभ की प्रक्रिया पूरी की और शिक्षा के प्रति समर्पण, अनुशासन, परिश्रम और उत्कृष्टता का संकल्प लिया। इस दौरान पूरे परिसर में भारतीय संस्कृति, परंपरा और मूल्यों की झलक देखने को मिली, जिससे वातावरण अत्यंत प्रेरणादायक और सकारात्मक बना रहा।




इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष बिपिन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यारंभ संस्कार केवल शिक्षा की शुरुआत नहीं, बल्कि जीवन के निर्माण की पहली मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि गोल इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित शिक्षा नहीं दी जाती, बल्कि उन्हें संस्कार, नैतिक मूल्यों और वैश्विक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए तैयार किया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे संस्कार कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को ऐसा शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है, जहां वे ज्ञान के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास कर सकें। उन्होंने बताया कि विद्यारंभ संस्कार के माध्यम से बच्चों के भीतर शिक्षा के प्रति सम्मान, अनुशासन, आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति दृढ़ता विकसित करने का प्रयास किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने पहली बार औपचारिक रूप से अक्षर लेखन की शुरुआत की, जिसे अभिभावकों ने गर्व और भावुकता के साथ देखा। विद्यालय परिवार ने सभी नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह आयोजन न केवल नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत का प्रतीक बना, बल्कि इसने यह संदेश भी दिया कि आधुनिक शिक्षा के साथ भारतीय परंपरा और संस्कारों का संतुलित समन्वय ही बच्चों के सर्वांगीण विकास और उज्ज्वल भविष्य की सच्ची कुंजी है।

## पटना में 3 वर्षीय बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म दो गिरफ्तार, तीसरा आरोपी फरार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना के परसा बाजार थाना क्षेत्र में 22 वर्षीय चाचा पर अपनी तीन वर्षीय भतीजी के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। इस घटना में उसके दो दोस्त भी शामिल बताए जा रहे हैं। पुलिस ने फौरन कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, तीसरा आरोपी फरार बताया जा रहा है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

**मासूम के साथ गैंगरेप करने का आरोप:** बच्ची के मां के मुताबिक, यह घटना शुक्रवार देर रात की है। बच्ची का चाचा नशे का आदी है। उन्होंने आरोप लगाया कि बच्ची अपने घर में सो रही थी, तभी उसके चाचा ने उसे उठाया और घर से लगभग 500 मीटर दूर एक खेत में ले गया। वहां उसने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर बच्ची के साथ दुष्कर्म किया।

**चीखने चिल्लाने पर भागे तीनों आरोपी:** बच्ची के चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर लोगों को लगा कि कोई बच्चा चोर घुस आया है। जब उन्होंने शोर मचाना शुरू किया तो तीनों युवक बच्ची को




♦ चाचा घर से उठाकर ले गया था खेत

मौके पर छोड़कर फरार हो गए। इस बीच बच्ची के परिवार के लोग भी बच्ची को खोजते हुए मौके पर पहुंच गए। खून से लथपत हालत में देख उन्होंने इसकी सूचना परसा बाजार थाने को दी।

**पटना के एक अस्पताल में बच्ची को कराया भर्ती:** सूचना पाकर परसा बाजार थाने की पुलिस ने आनन-फानन में मौके पर पहुंची। परिजनों और पुलिस टीम ने बच्ची को इलाज के लिए पटना के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

## बिहार में मौसम का डबल अटैक, पारा 40° पार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** बिहार में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार राज्य में अगले 5 दिनों तक भीषण गर्मी और खराब मौसम का दोहरा असर देखने को मिलेगा। एक ओर जहां तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचकर लू जैसे हालात बना रहा है। वहीं, दूसरी ओर 6 अप्रैल को कई जिलों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की गई है। ऐसे में लोगों को गर्मी और मौसम की मार, दोनों से सतर्क रहने की जरूरत है।

**गर्मी का कहर: रोहतास सबसे गर्म:** पिछले 24 घंटों के दौरान पूरे बिहार में तापमान में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है। दक्षिण-पश्चिमी इलाकों में गर्मी ने सबसे ज्यादा असर दिखाया है। रोहतास के डेहरी में अधिकतम तापमान 40.0°C दर्ज किया गया, जो राज्य में सबसे अधिक रहा। गया में 39.8°C, पटना में 39.4°C और शेखपुरा में 39.9°C तापमान रिकॉर्ड किया गया।

लगभग सभी जिलों में तापमान 1 से 2.5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा है। मौसम विभाग के अनुसार, तेज धूप और पश्चिमी हवाओं के कारण अगले कुछ दिनों तक लू जैसे हालात बने रह सकते हैं, खासकर दोपहर के समय बाहर निकलना खतरनाक हो सकता है।

## आरपीएस रेसिडेंशियल स्कूल में नवागंतुक छात्रों के लिए भव्य परिचय कार्यक्रम, अभिभावकों में दिखा उत्साह

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना स्थित आरपीएस रेसिडेंशियल स्कूल के प्रांगण में शनिवार को नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ नवागंतुक छात्रों के लिए एक भव्य परिचय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को विद्यालय के शैक्षणिक माहौल, अनुशासन व्यवस्था, शिक्षण पद्धति और मूल्यों से अवगत कराना था।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें विद्यालय के प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह और उप-प्राचार्या उषा सिन्हा ने संयुक्त रूप से भाग लिया। इसके बाद स्वागत संबोधन में प्राचार्य ने सभी छात्रों और अभिभावकों का स्वागत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, अनुशासन प्रणाली और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति



संस्थान की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को जीवन में स्पष्ट लक्ष्य तय कर निरंतर मेहनत के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

परिचय कार्यक्रम के दौरान आयोजित विभिन्न सत्रों में विद्यार्थियों और अभिभावकों को विद्यालय की नियमावली, पाठ्यक्रम की संरचना, शिक्षकों का परिचय और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि विद्यालय में छात्रों के बौद्धिक, शारीरिक और नैतिक विकास के लिए किस प्रकार की सुविधाएं और अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं।

इस मौके पर 200 से अधिक अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। अभिभावकों ने विद्यालय की व्यवस्था और शिक्षा पद्धति पर संतोष व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर सकारात्मक उम्मीदें जताईं। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य और उप-प्राचार्या ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और छात्रों का आभार व्यक्त किया। पूरे आयोजन ने न केवल नए सत्र की सार्थक शुरुआत की, बल्कि विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय और विश्वास को भी मजबूत किया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### मां रक्षा काली की पूजा 16 अप्रैल को



**रांची।** रांची के मेसरा बस्ती में इस वर्ष भी 16 अप्रैल को मां रक्षा काली पूजा धूमधाम से मनाई जाएगी। शेखर परिवार की कुलदेवी के रूप में शुरू हुई यह परंपरा पिछले 163 वर्षों से निरंतर जारी है। शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार पूजा का शुभारंभ रात 12 बजे विधि-विधान के साथ होगा, जबकि 17 अप्रैल को शाम 7 बजे प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा। इस पूजा की ख्याति इतनी है कि अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। अध्यक्ष भगवान शेखर और रघुनंदन शेखर सहित पूरा परिवार इस आयोजन को सफल बनाने में जुटा है। साधकों के अनुसार, पूर्वजों की ओर से शुरू की गई इस आध्यात्मिक विरासत को आने वाली पीढ़ियां भी पूरी निष्ठा के साथ निभा रही हैं।

### गंगाराम कालुंडिया का मना 44 वां शहादत दिवस




**पश्चिमी सिंहभूम।** जिला स्थित तांतनगर में गंगाराम कालुंडिया के 44 वें शहादत दिवस पर शनिवार को ईचा खरकई बांध विरोधी संघ कोल्हान की ओर से उनके पैतृक गांव इलिगाड़ा में पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ के सदस्यों और ग्रामीणों ने शहीद स्थल पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके संघर्षों को याद किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने गंगाराम कालुंडिया के आंदोलन और उनके योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वर्ष 1978 से शुरू हुई स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना के तहत प्रस्तावित ईचा डैम के खिलाफ उन्होंने व्यापक जनआंदोलन चलाया था, जिससे आज तक डैम का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। बताया गया कि इस आंदोलन में उन्होंने 87 गांवों को पूर्ण रूप से और 39 गांवों को आंशिक रूप से एकजुट किया था। श्रद्धांजलि सभा के बाद संघ के अध्यक्ष बीर सिंह बिरुली ने कहा कि गंगाराम कालुंडिया के नेतृत्व और बलिदान की वजह से ही आज तक डैम का निर्माण नहीं हो पाया है। उनकी शहादत संघ को ईचा डैम को रद्द कराने के लिए लगातार संघर्ष करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए सभी को एकजुट रहना होगा। उन्होंने राज्य सरकार की नीतियों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि पहले ईचा डैम को रद्द करने की अनुशंसा की गई थी, लेकिन बाद में डूब क्षेत्र कम कर कुछ गांवों को प्रभावित बताते हुए निर्माण को सहमति दी गई, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है। संघ ने इसे आदिवासी और मूलवासी समुदाय के साथ अन्याय बताया। कार्यक्रम में सुरेश चंद्र सोय, रेयांस सामड, श्याम कुदादा, रविन्द्र अल्डा, गुलिया कालुंडिया, बिरसा गोडसोरा, गणेश बारी, सुभाष कालुंडिया, मनीला देवगम सहित कई लोग मौजूद थे।

### मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा की नई कार्यकारिणी गठित, शुभा अग्रवाल बनीं अध्यक्ष



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की सत्र 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन शनिवार को किया गया। इसकी जानकारी शाखा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई। नई कार्यकारिणी में शुभा अग्रवाल को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई गई है। पूर्व पदाधिकारियों और सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन में संस्था के कार्यों को नई दिशा मिलेगी और सेवा गतिविधियों में विस्तार होगा। कार्यकारिणी में रेखा रायका को सचिव, वेदिका सिंघानिया को मीडिया प्रभारी तथा स्मिता अग्रवाल को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस टीम का गठन अनुभवी सदस्यों के मार्गदर्शन और युवा ऊर्जा के संतुलन को ध्यान में रखते हुए किया गया है। नई कार्यकारिणी के गठन पर विप्र फेडरेशन एवं मंच परिवार के सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की और विश्वास जताया कि यह टीम समाजहित में नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। शाखा की ओर से बताया गया कि समर्पण शाखा पिछले 19 वर्षों से शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते हुए अपनी अलग पहचान बना चुकी है। नई कार्यकारिणी के गठन के साथ संस्था ने सेवा कार्यों को और व्यापक स्तर पर ले जाने का संकल्प लिया है।

### एचईसी में वेतन भुगतान में देरी पर उठी आवाज, यूनियन ने समय पर भुगतान की मांग दोहराई



**रांची।** हटिया कामगार यूनियन (एटक) के उपाध्यक्ष लालदेव सिंह ने एक बार फिर हेवी इंजीनियर्स कॉरपोरेशन लिमिटेड) (एचईसी) में मजदूरों के वेतन भुगतान में हो रही देरी का मुद्दा उठाया है। शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि एचईसी में उत्पादन की स्थिति बेहतर है, लेकिन उत्पादन की गति बनाए रखने के लिए कर्मचारियों को समय पर वेतन मिलना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में स्थायी और ठेका मजदूरों ने अच्छा प्रदर्शन किया है, जिससे कलेक्शन में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन की ओर से दो माह का वेतन भुगतान करने का आश्वासन दिया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद वेतन भुगतान में लगातार देरी हो रही है। इससे कर्मचारियों में निराशा बढ़ रही है और इसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ सकता है। लालदेव सिंह ने कहा कि नए श्रम कानून के तहत हर माह की 7 तारीख तक वेतन भुगतान का प्रावधान है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने 1 अप्रैल 2026 से इस नियम को लागू कर दिया है, लेकिन एचईसी में अभी तक इसका पालन नहीं हो रहा है। यूनियन ने प्रबंधन से मांग की है कि कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि उत्पादन प्रभावित न हो और कर्मचारियों का मनोबल बना रहे।

# झारखंड में गरज-चमक के साथ बारिश, कई जिलों में ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी

**एजेंसी। रांची**



झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में पिछले 24 घंटों के दौरान गर्जन के साथ बारिश दर्ज की गई, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली। राज्य में सबसे अधिक 11 मिलीमीटर बारिश रामगढ़ जिले के मांडू में रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग के अनुसार, रांची में 10.3 मिमी, पंचेत में 9.8 मिमी, कोलेबिरा में 8.8 मिमी, गोविंदपुर (डीवीसी) में 8.6 मिमी, पुटकी में 8 मिमी, पंचेत डीवीसी में 7.2 मिमी और बोकारो थर्मल में 4.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने 5, 6 और 7 अप्रैल को राज्य के विभिन्न हिस्सों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश और वज्रपात को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। इसके अलावा, 8 अप्रैल तक गर्जन, वज्रपात और ओलावृष्टि को लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया गया है, जिससे लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 40.3 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम तापमान गुमला में 19.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। शनिवार को राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में मौसम सामान्य रूप से साफ रहा, हालांकि बीच-बीच में बादल छाए रहे। शुक्रवार को हुई बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे मौसम सुहावना बना रहा। तापमान की बात करें तो रांची में अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री और न्यूनतम 20.6 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 39.4 और न्यूनतम 25.4 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 40.2 और न्यूनतम 22.3 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 37.2 और न्यूनतम 22.1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 40 डिग्री और न्यूनतम 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों पर जाने से बचें और विशेष रूप से वज्रपात के समय सावधानी बरतें।

## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में भाग लेकर लौटे लालू का स्वागत



**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**

प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में झारखंड का प्रतिनिधित्व कर लौटे तांतनगर प्रखंड के सीनी निवासी धावक लालू कालुंडिया का ईचा खरकई बांध विरोधी संघ ने शनिवार को स्वागत किया। यह प्रतियोगिता 25 मार्च से 83 अप्रैल तक छत्तीसगढ़ में खेल एवं युवा मंत्रालय, भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई थी। संघ के पदाधिकारियों ने लालू कालुंडिया का पारंपरिक तरीके से अंगवस्त्र देकर और मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया। इस प्रतियोगिता में जिले से लालू कालुंडिया एकमात्र खिलाड़ी थे, जिनका चयन झारखंड राज्य टीम में हुआ था। उन्होंने 5000 मीटर और 10000 मीटर दौड़ स्पर्धा में राज्य का प्रतिनिधित्व किया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष बीर सिंह बिरुली सहित अन्य सदस्यों ने खुशी जताई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में रेयान्स सामड, सुरेश चंद्र सोय, रवींद्र अल्डा, गुलिया कालुंडिया, बिरसा गोडसोरा, गणेश बारी, मनीला देवगम, संजीत देवगम, सलूका बारी, श्याम कुदादा, सोना बुडीउली सहित कई लोग उपस्थित थे।

## आरपीएफ ने रांची रेलवे स्टेशन पर शराब की 18 बोतलों के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**एजेंसी। रांची**



रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची रेलवे स्टेशन पर विशेष अभियान चलाते हुए एक आरोपित को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई रेलवे सुरक्षा बल द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन सतर्क' के तहत की गई। आरपीएफ के उप निरीक्षक सूरज पांडेय ने शनिवार को बताया कि रांची के कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान आरपीएफ पोस्ट रांची और फ्लाइंग टीम द्वारा स्टेशन पर संदिग्ध वस्तुओं के खिलाफ सघन चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान ट्रेन संख्या 18624 (हटिया - इस्लामपुर एक्सप्रेस) के कोच ए-1, सीट संख्या 31 पर एक संदिग्ध व्यक्ति काले रंग के ट्रॉली बैग और पिट्ठू बैग के साथ देखा गया। संदेह होने पर उसे रोककर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपना नाम राजेंद्र सिंह और निवासी पटना (बिहार) बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 18 बोतल शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 14 हजार रुपये बताई गई है। पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया कि उसने यह शराब रांची के रातू क्षेत्र से खरीदी थी और ट्रेन से बिहार ले जाकर अधिक कीमत पर बेचने की योजना बनाई थी। आरपीएफ ने आरोपित को तत्काल हिरासत में लेकर जब्ती की कार्रवाई की और बाद में उसे तथा बरामद सामान को आगे की कार्रवाई के लिए आबकारी विभाग को सौंप दिया।

## रेड क्रॉस की गतिविधियों में निरंतरता जरूरी : उपायुक्त

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**




जिला समाहरणालय स्थित सभागार में शनिवार को भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की जिला इकाई की प्रबंधन समिति की बैठक उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिले के विभिन्न प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ रेड क्रॉस के पदाधिकारी भी मौजूद थे और संगठन की गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने रेड क्रॉस की जिला इकाई के लिए तैयार की जा रही वेबसाइट की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि वेबसाइट के शुरू होते ही उसमें समिति के सभी सदस्यों का विवरण अद्यतन किया जाए और समय-समय पर आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी और तस्वीरें भी नियमित रूप से अपलोड की जाएं, ताकि आम लोगों तक संगठन की गतिविधियों की जानकारी पहुंच सके। उपायुक्त ने रक्तदान शिविरों के नियमित आयोजन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि इससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस की सेवाओं को प्रभावी बनाने के लिए इसकी गतिविधियों में निरंतरता बेहद जरूरी है और इसके लिए व्यापक सदस्यता अभियान चलाया जाना चाहिए। बैठक के दौरान जिला वासियों से अपील की गई कि जो लोग समाज सेवा के इस कार्य से जुड़ना चाहते हैं, वे चाईबासा के मधु बाजार स्थित रेड क्रॉस कार्यालय में संपर्क कर सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में रेड क्रॉस की भूमिका अहम है और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी से संगठन को और मजबूती मिलेगी।

## प्रियंका सवैयां बनीं कप्तान, पश्चिमी सिंहभूम महिला क्रिकेट टीम घोषित



**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**

झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के तत्वावधान में 5 अप्रैल से शुरू होने वाली अंतर जिला सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए पश्चिमी सिंहभूम महिला क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम की कमान प्रियंका सवैयां को सौंपी गई है, जबकि राहुल लकड़ा को कोच नियुक्त किया गया है। घोषित टीम में प्रियंका सवैयां (कप्तान), रश्मि गुड़िया, चाँदमुनी पुरती, जया कुमारी, अनामिका कुमारी, पिंकी तिर्की, अंजलि दास, सीता सिंकु, यशोदा कुमारी, रोज कुल्लु, लक्ष्मी कुमारी, प्रगति यादव, बेबी महतो, मेघा कुमारी नायक एवं दिव्यांशी प्रिया शामिल हैं। चयनित टीम प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रविवार को देवघर के लिए रवाना होगी। टूर्नामेंट में गत वर्ष की उपविजेता पश्चिमी सिंहभूम टीम को ग्रुप-बी में रखा गया है, जहां उसका मुकाबला धनबाद, देवघर, हजारीबाग और सरायकेला-खरसावां से होगा। सभी मैच देवघर के केएन स्टेडियम में खेले जाएंगे। टी-20 प्रारूप में खेले जाने वाले इस प्रतियोगिता में पश्चिमी सिंहभूम का पहला मैच 5 अप्रैल को हजारीबाग के खिलाफ होगा। इसके बाद 6 अप्रैल को सरायकेला-खरसावां, 8 अप्रैल को मेजबान देवघर और 9 अप्रैल को धनबाद के साथ अंतिम लीग मुकाबला खेला जाएगा।

## सरदार पटेल के आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र की एकता व अखंडता को सुदृढ़ करने में सक्रिय भूमिका निभाएंः राज्यपाल

**एजेंसी। रांची**




झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और दूरदर्शी नेतृत्व ने स्वतंत्र भारत की एकता और अखंडता को मजबूत आधार प्रदान किया। वह शनिवार को रांची के आर्यभट्ट सभागार में सरदार पटेल स्मृति समिति द्वारा आयोजित उनकी 150वीं जयंती वर्षगांठ समारोह में बोल रहे थे। राज्यपाल ने सभी से आह्वान किया कि वे सरदार पटेल के आदर्शों को अपने विचार, व्यवहार और कर्तव्यों में आत्मसात करें तथा राष्ट्र की एकता और अखंडता को सुदृढ़ बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि 562 रियासतों के विलय का उनका ऐतिहासिक कार्य भारत निर्माण की दिशा में एक अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और वे हमें राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने तथा एकता की भावना को मजबूत करने की प्रेरणा देते हैं। राज्यपाल ने कहा कि यह अवसर केवल श्रद्धांजलि देने का नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लेने का भी है। उन्होंने वर्तमान समय में एक सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में राष्ट्रीय एकता, सुशासन और समावेशी विकास की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि देश "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" की भावना के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। राज्यपाल ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का उल्लेख करते हुए कहा कि यह विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा भारत की एकता, आत्मविश्वास और गौरव का प्रतीक है, जो नई पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने बताया कि उन्हें विगत वर्ष वहां जाने का अवसर मिला, जो अत्यंत प्रेरणादायक अनुभव रहा। इस अवसर पर रांची की मेयर रोशनी खलखो ने कहा कि सरदार पटेल केवल देश के पहले गृह मंत्री ही नहीं थे, बल्कि उन्होंने देश की प्रशासनिक और संरचनात्मक नींव तैयार की। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे उनके जीवन से प्रेरणा लेकर खुद को उसी दिशा में विकसित करें। वहीं विधायक सीपी सिंह ने कहा कि सरदार पटेल के कार्यों के बारे में देश के हर नागरिक को जानकारी होनी चाहिए और उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें भारत रत्न मिला, लेकिन वे उससे भी बड़ी उपाधि के हकदार हैं। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण कर सरदार पटेल को वह सम्मान दिया गया, जो पहले नहीं मिला। उन्होंने कहा कि "एक भारत-श्रेष्ठ भारत" के सपने को साकार करने की दिशा में देश आगे बढ़ रहा है। साथ ही उन्होंने युवाओं को देश का भविष्य बताते हुए सरदार पटेल के सपनों को साकार करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

## चाईबासा में 5 अप्रैल से अंतर जिला सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता, 15 अप्रैल को फाइनल

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**



झारखंड में महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम पहल के तहत अंतर जिला सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 05 अप्रैल से चाईबासा में होने जा रहा है। झारखण्ड राज्य क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता के सभी ग्रुप-ए मुकाबले चाईबासा स्थित बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। संघ की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार ग्रुप-ए में गत वर्ष की चैंपियन रांची के अलावा सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा और खूँटी की टीमें शामिल हैं। इस ग्रुप के सभी लीग मुकाबलों के साथ-साथ सुपर डिवीजन के तीन मैच और फाइनल भी चाईबासा में ही आयोजित होंगे। टूर्नामेंट टी-20 प्रारूप में खेला जाएगा। उद्घाटन मुकाबला 5 अप्रैल को सुबह 9 बजे लोहरदगा और खूँटी के बीच खेला जाएगा। इसी दिन दोपहर 1 बजे सिमडेगा और गुमला की टीमें आमने-सामने होंगी। इसके बाद 6 से 9 अप्रैल तक रोजाना दो-दो लीग मैच खेले जाएंगे, जिसमें सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ मुकाबला करेंगी।प्रतियोगिता का अगला चरण यानी सुपर डिवीजन के मुकाबले 11 से 13 अप्रैल के बीच आयोजित होंगे, जबकि फाइनल मैच 15 अप्रैल को खेला जाएगा। पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के महासचिव असीम कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों के ठहरने एवं खानपान के साथ-साथ मैदान की तैयारियों का भी विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने बताया कि मैचों में अंपायरिंग की जिम्मेदारी जमशेदपुर के अभिषेक और हेमंत ठाकुर निभाएंगे, जबकि खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर नजर रखने के लिए महिला चयन समिति की अध्यक्ष कविता रॉय पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहेंगी। वहीं, पूर्व रणजी खिलाड़ी और जेएससीए के आजीवन सदस्य तड़ित घोष को लाइजनिंग ऑफिसर बनाया गया है, जो प्रतियोगिता के उद्घाटन की औपचारिकता भी निभाएंगे।

## उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने जिला अदालत का किया निरीक्षण

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**



झारखंड उच्च् न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश चीफ जस्टिस महेश शरद चंद्र सोनक शनिवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले के दौरे पर चाईबासा पहुंचे। उनके साथ झारखंडउच्च्न्यायालयकेन्यायाधीश सत्य प्रकाश सिंह भी मौजूद थे। चाईबासा न्यायालय परिसर पहुंचने पर दोनों का आदिवासी परंपरा के अनुसार ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। दौरे का मुख्य उद्देश्य चाईबासा जिला न्यायालय का निरीक्षण करना और बार भवन के निर्माण कार्य की प्रगति का निरीकृषण करना था। निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने न्यायालय परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और वहां की सुविधाओं को संतोषजनक बताया। इस दौरान रजिस्ट्रार जनरल ने भी न्यायालय परिसर की सराहना करते हुए कहा कि चाईबासा कोर्ट काफी सुसज्जित है। उन्होंने इसके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। निरीक्षण के बाद मुख्य न्यायाधीश ने बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि न्यायाधीश और वकील एक ही व्यवस्था के दो महत्वपूर्ण हिस्से हैं। उन्होंने कहा कि सभी को अपने वरिष्ठों का सम्मान करना चाहिए और कनिष्ठों को सही मार्गदर्शन देकर आगे बढ़ाना चाहिए, ताकि न्यायिक वातावरण और बेहतर बन सके। कार्यक्रम के दौरान बार एसोसिएशन चाईबासा के सचिव अगस्टिन कुल्लू ने मुख्य न्यायाधीश का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर कई अधिवक्ता और न्यायालय के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीगढ़ में नक्सलियों के 'खजाने' का भंडाफोड़, बीजापुर में मिली 11.16 करोड़ की सोने की छड़ें

**बीजापुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में एक माओवादी ठिकाने से 7.2 किलोग्राम सोने की छड़ें बरामद की गईं हैं। इनकी कीमत लगभग 11.16 करोड़ रुपए बताई जा रही है। खूफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने एक वन क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया था। इस दौरान पुलिस को सोने की छड़ें बरामद हुईं। दरअसल सरेंडर करने वाले नक्सलियों ने ही पुलिस को इस बारे में जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि माओवादी रूपेश के आत्मसमर्पण के बाद, उग्रवादी कमांडर पापराव के लिए बड़ी मात्रा में नकदी और सोना बीजापुर भेजा गया था। इसके बाद पुलिस ने ठिकाने का भंडाफोड़ करने से पहले लगभग 10 दिनों तक और माओवादियों से पूछताछ की। पुलिस ने बताया कि सोने की प्रामाणिकता और शुद्धता की जांच की जा रही है। इंस्पेक्टर जनरल (बस्तर रेंज) सुंदरराज पट्टिलिंगम ने सोने की छड़ों पर बने स्विस मार्क का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि ये उस जौहरी की धोखाधड़ी है जिससे सोना खरीदा गया था। उन्होंने कहा, दिलचस्प बात ये है कि इन पर स्विस चिह्न बने हुए हैं। हम अन्य माओवादी कार्यकर्ताओं से इन ईंटों के सोर्स के बारे में पूछताछ कर रहे हैं और जांच जारी रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है।
एक अधिकारी ने बताया कि ऐसे और भी ठिकाने जंगलों में होने की आशंका है और उन्हें ढूंढने में समय लगेगा।

### सड़क पर नमाज अदा करने पर भड़के लोग, हिंदू संगठनों ने जताई कड़ी आपत्ति

**शिमला, एजेंसी।** शिमला जिले के चौपाल उपमंडल के नेरवा में शुक्रवार को सड़क पर नमाज़ पढ़े जाने की घटना के बाद माहौल अचानक गरमा गया। सार्वजनिक स्थान पर नमाज अदा करने को लेकर स्थानीय लोगों और कुछ हिंदू संगठनों ने विरोध जताया। इसके चलते इलाके में कुछ समय के लिए स्थिति संवेदनशील हो गई। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसके बाद यह मामला स्थानीय स्तर के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बन गया है।
जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर नेरवा के मुख्य बाजार की सड़क पर कुछ लोग नमाज अदा कर रहे थे। इसी दौरान वहां मौजूद कुछ स्थानीय निवासियों और व्यापारियों ने आपत्ति जताई। उनका कहना था कि सार्वजनिक सड़क पर इस तरह की गतिविधि से आवाजाही प्रभावित हो रही है। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और नारेबाज़ी शुरू हो गई, जिससे माहौल कुछ समय के लिए गरमाया रहा।
हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंचे घटना की सूचना मिलते ही कुछ हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने सड़क पर धार्मिक गतिविधियों को लेकर प्रशासन के सामने अपनी आपत्ति दर्ज करवाई। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह की गतिविधियां न केवल यातायात को प्रभावित करती हैं बल्कि इससे व्यवस्था बनाए रखने में भी कठिनाई हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से भविष्य में ऐसे मामलों को रोकने के लिए स्पष्ट व्यवस्था करने की मांग की। इस बीच घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें सड़क पर नमाज अदा किए जाने और उसके बाद लोगों के इकट्ठा होने का दृश्य दिखाई दे रहा है। वीडियो सामने आने के बाद इस घटना को लेकर चर्चा और तेज हो गई है। प्रशासन ने लोगों से अपुष्ट जानकारी साझा करने से बचने की अपील की है। पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची स्थिति को देखते हुए नेरवा पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों से बातचीत कर माहौल शांत करवाया। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने और कानून-व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की है। प्रशासन ने भी स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थानों पर ऐसी कोई भी गतिविधि, जिससे यातायात या शांति व्यवस्था प्रभावित होती हो।

# अन्नामलाई को भाजपा ने नहीं बनाया उम्मीदवार?

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपनी रणनीति की बिसात बिछा दी है। पार्टी ने शुक्रवार को अपने हिस्से की सभी 27 सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी, जिसमें केंद्रीय मंत्रियों से लेकर पूर्व राज्यपालों तक को चुनावी मैदान में उतारा गया है। हालांकि इस सूची में पार्टी के मुखर नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई का नाम शामिल था। इस घटना ने सियासी पंडितों को भी चौंका दिया।

भाजपा ने अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में अपने कोटे की सीटों पर पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा ने अवनाशी सीट से पूर्व केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन को मायलापुर, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष



वनथी श्रीनिवासन को उनकी मौजूदा सीट कोयंबटूर उत्तर और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन को सत्तूर सीट से चुनाव मैदान में उतारा है। पार्टी ने सामाजिक समीकरणों को साधते हुए 5 महिलाओं को भी चुनावी टिकट दिया है।

**भाजपा ने अन्नामलाई को क्यों नहीं दिया टिकट?:** पूर्व आईपीएस अधिकारी के. अन्नामलाई को टिकट न मिलना राजनीतिक गलियारों में चर्चा का सबसे बड़ा विषय बना हुआ है। इसको लेकर दो अलग-अलग पक्ष सामने आ रहे हैं। खुद अन्नामलाई ने मीडिया में चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए स्पष्ट किया कि उन्होंने स्वयं चुनाव न लड़ने का निर्णय लिया था। उन्होंने कहा, 'मैंने पहले ही कोर कमेटी को लिखित में सूचित कर दिया था कि मैं किसी भी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव नहीं लड़ूंगा। पार्टी नेतृत्व ने मेरे फैसले का सम्मान किया, इसके लिए मैं आभारी हूं। अब मैं गठबंधन के उम्मीदवारों के लिए प्रचार पर ध्यान केंद्रित करूंगा।'

**गठबंधन का गणित:** दूसरी ओर, सूत्रों और राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन को बचाने के लिए भाजपा को यह कदम उठाना पड़ा। अन्नामलाई की आक्रामक शैली और अन्नाद्रमुक नेतृत्व पर उनकी टिप्पणियों को लेकर सहयोगी दल को कड़ी आपत्ति थी। बताया जा रहा है कि अन्नामलाई कोयंबटूर उत्तर से लड़ना चाहते थे, लेकिन वह सीट वनथी श्रीनिवासन के पास ही रही।

**मोदी का मिशन तमिलनाडु:** भाजपा के लिए तमिलनाडु इस बार बेहद महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद राज्य में कमान संभाल ली है। शनिवार को चेन्नई में वे लगभग 100 प्रमुख पार्टी पदाधिकारियों और जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। इस बैठक का उद्देश्य कार्यकर्ताओं में जोश भरना और जमीनी स्तर पर राजग के पक्ष में माहौल बनाना है।

## कांग्रेस और कम्युनिस्टों ने लोगों को बेवकूफ बनाया, केरल चुनावों पर केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल विधानसभा चुनावों से पहले, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने शुक्रवार को सीपीआईएम के नेतृत्व वाले एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ, दोनों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने जोर देकर कहा कि पहली बार, कांग्रेस और कम्युनिस्ट, दोनों ही आम लोगों के सामने बेनकाब हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन पार्टियों ने लंबे समय तक राज्य के लोगों को बेवकूफ बनाया। केंद्रीय मंत्री ने घोषणा की कि भाजपा और एनडीए ने केरल के भविष्य के लिए एक स्पष्ट नीति पेश की है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस और कम्युनिस्ट, विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम के बारे में जनता को गुमराह कर रहे हैं और झूठी बातें फैला रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने ऐतिहासिक रूप से मुस्लिम समुदाय को केवल एक 'वोट बैंक' के तौर पर



इस्तेमाल किया है। इसके विपरीत, उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा के नेतृत्व में छोटे-छोटे समुदायों को भी समान महत्व दिया जाता है। रिजिजू ने न्यूज एजेंसी एएनआई से कहा, 'इस बार केरल में चुनाव बहुत दिलचस्प है, क्योंकि पहली बार कांग्रेस और कम्युनिस्ट, दोनों ही बेनकाब हो गए हैं।

उन्होंने लंबे समय तक केरल के लोगों को बेवकूफ बनाया है। हर 5 साल में वे सत्ता बदलते हैं, लेकिन लोगों की परवाह नहीं करते।'' उन्होंने आगे कहा, ''पीएम मोदी के नेतृत्व में, हमारे पास केरल के लिए एक ठोस योजना है। भाजपा और एनडीए ने केरल के भविष्य के लिए एक स्पष्ट नीति पेश की है। मैंने देखा है कि कांग्रेस और कम्युनिस्ट लोग स्नष्टक्र के बारे में झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं... पीएम मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले, देश में अल्पसंख्यकों की अनदेखी की जा रही थी। कांग्रेस अल्पसंख्यकों को, खासकर मुस्लिम समुदाय को, अपना वोट बैंक मानती थी। हमारी सरकार में, छोटे-छोटे अल्पसंख्यक समुदायों को भी उचित महत्व दिया जा रहा है। मैं मुस्लिम समुदाय से कहना चाहता हूं कि कांग्रेस उनके समुदाय को सिर्फ़ एक वोट बैंक की तरह इस्तेमाल कर रही है, जो मुसलमानों के लिए नुकसानदायक है। वे किसी एक पार्टी का वोट बैंक क्यों बनें? हम सबके लिए हैं।'

## कभी केजरीवाल की आंखों के तारे रहे राघव चड्ढा कैसे हो गए दूर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के नेताओं के बीच में घमासान मचा हुआ है। राज्यसभा में पार्टी के उपनेता पद से हटाए जाने के बाद सांसद राघव चड्ढा के बयान ने अटकलों के रूप में चल रहे पार्टी के अंदरूनी विवाद को सार्वजनिक कर दिया। राघव के वीडियो वाले बयान पर पलटवार करते हुए कई आप नेताओं ने तीखे आरोप लगाए। पंजाब के मुख्यमंत्री से लेकर आतिशी और सौरभ भारद्वाज तक सभी ने राघव के ऊपर पार्टी लाइन से हटकर बोलने और प्रधानमंत्री से डरने के आरोप लगाए। भले ही, आम आदमी पार्टी द्वारा राघव को उपनेता के पद से हटाए जाने के बाद यह विवाद सामने आया है, लेकिन राजनीतिक गलियों में काफी पहले से सुर्खियां चल रही थी कि स्वाती मालीवाल के बाद राघव चड्ढा भी 'टीम केजरीवाल' से दूरी बना चुके हैं। कभी आम आदमी पार्टी के नेताओं की नई पीढ़ी का चेहरा माने जाने वाले राघव चड्ढा आज अपनी ही पार्टी के नेताओं के निशाना पर हैं। आइए समझते हैं कि आखिर तीन साल पहले अपनी शादी में पंजाब के धन बल के उपयोग का आरोप झेलने वाले राघव चड्ढा और आम आदमी पार्टी के बीच में ऐसा क्या हुआ कि दोनों आमने-सामने आ खड़े हुए हैं।

आम आदमी पार्टी के युवा नेता राघव चड्ढा ने शुरुआत से ही अपनी पहचान एक युवा और नेक्स्ट जेनरेशन आइकॉन के रूप में बनाई। पार्टी नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताते हुए उन्हें राज्यसभा भी भेज दिया। मई 2023 में जब उन्होंने बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा से शादी की, तो आम आदमी पार्टी का पूरा नेतृत्व उन्हें बधाई देने के लिए पहुंचा। यहां तक की इस हाई प्रोफाइल शादी के लिए राघव पर पंजाब के धन बल का गैर जरूरी उपयोग करने के भी आरोप लगे। हालांकि, इसके बाद भी चीजें बिगड़ने लगी। लगातार पार्टी लाइन में रहकर मीडिया के बीच में दिखने वाले राघव धीरे-धीरे लाइम लाइट से पीछे होने लगे। रही सही कसर अगस्त में राज्यसभा समिति नामांकन में नाम आने के बाद उन्हें सदन से सस्पेंड कर दिया गया। इसके बाद वह मीडिया से लगभग गायब हो गए।

## केरल जीतने के लिए पार्टियों ने उतारी टीम महाराष्ट्र!

**मुंबई, एजेंसी।** देश के 5 राज्यों में आगामी दिनों में विधानसभा चुनाव है। केरल में इसी महीने की 9 तारीख को वोटिंग होने वाली है। मुख्य राजनीतिक पार्टियां भाजपा व कांग्रेस का जोरदार प्रचार अभियान चल रहा है। राष्ट्रीय स्तर के नेताओं के साथ ही दोनों ही पार्टियों ने विविध राज्यों से अपने मंत्रियों, विधायकों व कद्दावर नेताओं को केरल में विविध विधानसभा सीटों पर चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है। नागपुर व विदर्भ के कई नेता इस अभियान में अपने उम्मीदवारों के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं। कांग्रेस ने राष्ट्रीय सचिव प्रफुल्ल गुडधे को राष्ट्रीय महासचिव के.सी. वेणुगोपाल और राज्य प्रभारी रमेश चेन्नीथला के गृह जिले अलाप्पुझा (अलेप्पी) के चेरथला और अरूर विधानसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि पूरे जिले में मतदाताओं का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। राहुल गांधी की शनिवार को अलेप्पी में सभा होने जा रही है। इस सभा के आयोजन और प्रचार का समन्वय प्रफुल्ल गुडधे ने किया है।

**ठाकरे संभाल रहे त्रिशूर-** कांग्रेस शहर अध्यक्ष व विधायक विकास ठाकरे को कोच्चि से लगभग 50 किलोमीटर दूर त्रिशूर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी रणनीति की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। इस सीट के चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी वे संभाल रहे हैं। उन्होंने पूर्व विधायकों और पदाधिकारियों की बैठक लेकर बूथ स्तर की स्थिति की समीक्षा की।उन्होंने बताया कि जब स्थानीय कार्यकर्ताओं को पता चला कि वे नागपुर से आए हैं, जहां नितिन गडकरी के खिलाफ चुनाव लड़ा गया था और जहां आरएसएस का मुख्यालय है, तो उनका उत्साह और बढ़ गया। पूर्व मंत्री सुनील केदार ने तिरुवनंतपुरम विधानसभा क्षेत्र में मुरलीधरन के चुनाव अभियान की जिम्मेदारी संभाली है। उन्होंने बताया कि भाजपा अपने ही मुद्दों में उलझी हुई है और गैस, ईंधन संकट तथा अन्य राष्ट्रीय मुद्दों के कारण जनता वास्तविक स्थिति समझ चुकी है। इसलिए केरल में भाजपा का कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और गुजरात के सह-प्रभारी रामकिशन ओझा को केरल में 'स्टेट प्रोग्राम इंचार्ज' बनाया गया है। उन्होंने बड़े नेताओं की सभाओं, दौरों और अन्य कार्यक्रमों का समन्वय किया है।

**भाजपा उम्मीदवारों के लिए 'देवेंद्र' सहित 87 नेता-** भाजपा ने तो केरल में अपनी पूरी ताकत झोंक रखी है। महाराष्ट्र से 87 वरिष्ठ नेता केरल में डेरा डाले हुए हैं। स्वयं मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की धुआंधार सभाएं व प्रचार रैली हो रही है। विदर्भ के अनेक नेता अलग-अलग विस सीटों पर पार्टी उम्मीदवारों के लिए काम कर रहे हैं। नागपुर से भी अनेक विधायक व पदाधिकारियों को अलग-अलग सीटों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। चुनाव प्रचार में जुटे नेताओं ने बताया कि केरल में स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क अभियान और बड़ी सभाओं की शुरुआत कर दी है। विदर्भ के चुनावी प्रबंधन का अनुभव केरल में भाजपा के लिए उपयोगी साबित हो रहा है और कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट ने एक साथ निपटा दिए 61 मुकदमे, 32 साल बाद दंपती को मिला तलाक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने एक साथ देशभर की अदालतों में चल रहे 61 मुकदमों पर रोक लगाते हुए एक दंपती को तलाक की मंजूरी दे दी है। 1994 से चल रहे तलाक के मुकदमे को सुप्रीम कोर्ट ने अंजाम तक पहुंचा दिया। जस्टिस बीवी नागरत्ना और उज्ज्वल भुयान की बेंच ने संविधान के अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल करते हुए लंबे समय से अलग रह रहे पति-पत्नी के तलाक को मंजूरी दे दी। यह केस अवमानना के रूप में सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। हालांकि इसी साल जनवरी-फरवरी में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद इसे अंतिम मोड़ देने का विचार



बनाया। सुप्रीम कोर्ट ने पहले दोनों पक्षों को सुना और फिर उनके बीच बातचीत करवाई। इसके बाद इस निर्णय पर पहुंचा कि आपसी सहमति से तलाक लेने की प्रक्रिया शुरू की जाए। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश जारी करते हुए कहा कि दोनों पक्षों के बीच एलिमनी को लेकर बात फाइनल हो गई है। पति महिला को 1 करोड़ रुपये एकमुश्त देगा। इसके अलावा लोनावाल की प्रॉपर्टी का शेयर पत्नी को देगा।

**बंद कर दिए 61 मुकदमे:** कोर्ट ने आदेश दिया है कि याचिकाकर्ता के खाते में प्रॉपर्टी के शेयर के रूप में 90 लाख रुपये जमा करवाए जाएं। इसके बाद इस मामले में चल रहे सारे विवादों को खत्म माना जाएगा। इसके अलावा दोनों में से कोई भी पार्टी कोई सिविल या फिर क्रिमिनल केस नहीं करेंगी। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने अलग-अलग अदालतों में चल रहे 61 मुकदमों को रद्द कर दिया।

## चाकू की नोक पर महिला से बलात्कार, पीने का पानी मांगने के बहाने घर में घुसा था आरोपी

**हैदराबाद, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश में एक महिला के साथ चाकू की नोक पर रेप किया गया। यह घटना प्रदेश के पलांडू जिला स्थित मछेरला कस्बे की है। महिला की उम्र 30 साल बताई गई है। शुरुआती जांच के मुताबिक वह एक सरकारी कर्मचारी है। गुरुवार दोपहर वह अपने घर पर अकेली थी। इसी दौरान, करीब 3.30 से 4 बजे के बीच एक अनजान शख्स उसके घर में घुसा। बताया जाता है कि उसने पहले पीने के लिए पानी मांगा। पुलिस के मुताबिक जब महिला पानी लेने गई तो पीछे से उसने महिला को उसके ही स्कार्फ से बांध दिया।

**चाकू से डराया:** पुलिस ने आगे बताया कि आरोपी हमलावर ने महिला को पहले तो चाकू से डराया। इसके बाद उसने उसके हाथ बांध दिए और उसका शोषण किया। इतना ही नहीं, घटनास्थल से फरार होने से पहले उसने महिला को और ज्यादा प्रताड़ित किया। पुलिस के मुताबिक घटना का पता उस वक्त जब रिश्तेदार उस महिला से संपर्क नहीं कर पा रहे थे। इसके बाद उन लोगों ने पड़ोसियों से महिला के घर जाने जाकर पता लगाने के लिए कहा। पड़ोसी जब महिला के घर पहुंचे तो पता चला कि वह बेहोश है।

**जांच में जुटी पुलिस:** इसके बाद पीड़िता को आनन-फानन में मछेरला के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद उन्हें विशेष इलाज के लिए नरसाराओपेटा इलाके के अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने बताया महिला की हालत फिलहाल स्थिर है। अभी उसे निगरानी में रखा गया है। शुक्रवार को जांच टीम पीड़िता के घर पहुंची और घटनास्थल से फिंगर प्रिंट लिया। इसके अलावा अन्य सबूत भी जुटाए गए। इसके अलावा स्पेशल टीम तैयार की गई है।

## सीएम योगी ने बच्ची को पहनाया बैग; काशी से स्कूल चलो अभियान लॉन्च

### बोले- एक भी बच्चा छूटे नहीं



**वाराणसी, एजेंसी।** वाराणसी दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारंभ करते हुए शिक्षा और संस्कार पर जोर दिया। उन्होंने शिवपुर स्थित परिषदीय विद्यालय में बच्चों को खुद कंधे पर स्कूल बैग पहनाए, किताबें वितरित कीं और उनसे बातचीत कर उनका उत्साह बढ़ाया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी भी देखी और उनके प्रोजेक्ट्स के बारे में जानकारी ली। दौरे की शुरुआत में मुख्यमंत्री ने काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन किया। उन्होंने मंदिर की चौखट को स्पर्श कर प्रणाम किया और गर्भगृह में आरती कर अर्चना की। इसके बाद वे काशी विश्वनाथ पहुंचे, जहां उन्होंने विधिवत षोडशोपचार पूजन कर बाबा विश्वनाथ की आरती उतारी।

**2017 से पहले स्कूलों की स्थिति का जिक्र किया:** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने 2017 के शुरुआती दौर को याद किया, जब प्रदेश के कई सरकारी स्कूलों की हालत जर्जर थी और छात्र संख्या लगातार घट रही थी। उन्होंने एक स्कूल का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां बच्चों की संख्या 10 से भी कम रह गई थी। इस पर उन्होंने प्रिंसिपल से पूछा था कि समस्या बच्चों में पढ़ने की रुचि की है या शिक्षकों में पढ़ाने की।

'मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि बच्चों को संस्कारित करना और उनकी जिज्ञासा को बढ़ाना है। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाएं, जिससे शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव आए और बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बने। उन्होने कहा कि इस अभियान से एक भी बच्चा छूटने न पाएं।

**पहले ड्रॉप आउट रेट 19% से ज्यादा था**

सीएम योगी ने कहा कि याद करिए, क्या स्थितियां थीं? ड्रॉप आउट रेट 19% से ज्यादा था। तीसरी, चौथी, पांचवीं, छठी के बाद बच्चे स्कूल छोड़ देते थे। हम बोलते थे कि बच्चे हमें दिनभर घूमते क्यों दिखाई पड़ते हैं। हमें नाराजगी व्यक्त करनी पड़ती थी किसी भी रोड से जाओ तो देखो बच्चे दिनभर घूमते मिलते हैं। कोई तालाब में खेल रहा, कोई भैंस के साथ खेल रहा। कोई कीचड़ में खेल रहा। धूल में खेल रहे हैं। हमने पूछा कि स्कूल क्यों नहीं जा रहे। पता चला कि स्कूल दूर हैं। हमने प्रदेशभर से डेटा उपलब्ध कराए।

### स्कूल में टॉयलेट और पेयजल की व्यवस्था नहीं थी

पता चला कि बच्चे स्कूल इसीलिए नहीं जाते थे कि स्कूल में टॉयलेट नहीं थे, पेयजल की व्यवस्था नहीं थी। आज हमें गर्व है कि सभी स्कूलों में बालक-बालिकाओं के लिए अलग टॉयलेट, पेयजल की सुविधा है। ड्रॉप आउट रेट 19% से घटकर 3% पर पहुंच गया है। हमें इसे 0% पर लाना है।

### 15 अप्रैल तक चलेगा 'स्कूल चलो' अभियान

बताया जा रहा है 15 अप्रैल तक 'स्कूल चलो अभियान' की तमाम गतिविधियों और आयोजन के माध्यम से इसका प्रचार प्रसार किया जाएगा। सरकार ने इसके लिए हर स्कूल को 2500 रुपए की धनराशि भी आवंटित की है। इस कार्यक्रम के तहत बच्चों को किताबें, यूनिफॉर्म और बैग भी निशुल्क वितरित किए जाएंगे।

## वैष्णो देवी जाने वाली अमृतसर-कटरा वंदे भारत के रूट में बदलाव

**अमृतसर, एजेंसी।** भारतीय रेलवे बोर्ड ने अमृतसर और श्री माता वैष्णो देवी कटरा के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस के लिए एक नए रूट को आधिकारिक मंजूरी दे दी है। अगस्त 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुरू की गई इस सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन का संचालन उत्तर रेलवे जोन द्वारा किया जा रहा है। रूट में किए गए इस नए बदलाव से न सिर्फ यात्रियों का सफर और सुहाना होगा बल्कि क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी को भी एक नई रफ्तार मिलेगी।



**नया रूट: जालंधर कैंट की जगह अब गुरदासपुर से चलेगी ट्रेन**

ट्रेन नंबर 26405/26406 अमृतसर-कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस अब अपने पुराने रूट जालंधर कैंट की बजाय गुरदासपुर के रास्ते अपनी यात्रा तय करेगी। 23 मार्च को जारी एक आधिकारिक पत्र में रेलवे बोर्ड ने कहा- उत्तर रेलवे के 12 मार्च 2026 के पत्र के संदर्भ में, अमृतसर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस को जालंधर कैंट के बजाय गुरदासपुर के रास्ते डायवर्ट करने के प्रस्ताव को रेलवे बोर्ड अपनी मंजूरी देता है।

**यात्रा का समय और चलने के दिन:** यह प्रीमियम ट्रेन अमृतसर से कटरा तक की अपनी पूरी दूरी महज 5 घंटे में तय करेगी। इसके साथ ही ट्रेन के संचालन के दिनों में भी एक बड़ा बदलाव किया गया है। अब यह ट्रेन शनिवार को छोड़कर सप्ताह के बाकी सभी दिन चलेगी। पहले इस ट्रेन का नॉन-रनिंग डे (जिस दिन ट्रेन नहीं चलती है) मंगलवार हुआ करता था।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### हर हादसे के बाद वही कहानी, आखिर क्यों नहीं रुक रहीं भगदड़ में होती मौतें

सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि भगदड़ की घटनाएं लगभग वैसे ही कारणों से होती हैं, जैसे पहले हो चुकी होती हैं। हर बार जांच, कठोर कार्रवाई करने, सबक सीखने की बातें की जाती हैं, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला ही रहता है।केंद्र और राज्य सरकारों के दावों के बावजूद देश में भगदड़ की घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। बिहार में नालंदा जिले के मघड़ा गांव में मंगलवार को प्राचीन शीतला माता मंदिर में ऐसी ही एक हृदय विदारक घटना में कम से कम आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जिनमें अधिकतर महिलाएं थीं। यह हादसा बताता है कि इस तरह की पहले की घटनाओं से कहीं कोई सबक नहीं लिया गया।प्रारंभिक जांच में इस भगदड़ का कारण मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटना बताया जा रहा है, हालांकि इसकी असली वजह गहन जांच-पड़ताल के बाद ही सामने आ पाएगी। सवाल है कि धार्मिक स्थलों और बड़े आयोजनों में लोगों की भीड़ को व्यवस्थित एवं नियंत्रित करने के लिए शासन एवं प्रशासन की ओर से पुख्ता बंदोबस्त क्यों नहीं किए जाते?सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि भगदड़ की घटनाएं लगभग वैसे ही कारणों से होती हैं, जैसे पहले हो चुकी होती हैं। हर बार जांच, कठोर कार्रवाई करने, सबक सीखने की बातें की जाती हैं, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला ही रहता है। गौरतलब है कि पिछले कुछ माह में भगदड़ की कई बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं। कुंभ में भगदड़ मचने से अनेक लोग मारे गए थे। इसके बाद बंगलुरु में आरसीबी की जीत के जश्न में आयोजित समारोह में भगदड़ से कई लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा पुरी में भगदड़ ने कई लोगों की जान ले ली थी। इससे पहले हाथरस के एक आश्रम में भगदड़ की वजह से बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने की घटना को भी नहीं भूला जा सकता। आखिर ऐसी कितनी घटनाओं के बाद शासन और प्रशासन चेतेगा। कहा जा रहा है कि नालंदा जिले में शीतला माता मंदिर में श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ जमा हो गई, जिससे भगदड़ मच गई। सवाल है कि स्थानीय प्रशासन धार्मिक स्थलों पर लोगों की संभावित भीड़ का अनुमान लगाने में इतना अक्षम क्यों है?क्या इसका कारण उसकी संवेदनहीनता है या फिर संबंधित अधिकारी इस बात से निश्चिंत होते हैं कि कोई भी घटना हो जाए, उनका कुछ नहीं बिगड़ने वाला। अक्सर यह देखा गया है कि इस तरह के मामलों में निचले स्तर के कर्मियों पर तो तात्कालिक कार्रवाई की जाती है, लेकिन संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय नहीं की जाती है।

*राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, नेकपा-एमाले अध्यक्ष केपी शर्मा ओली और कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारियों से यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि नेपाल की जनता देखे कि इन सभी की कमीज, रबी लामिछाने की कमीज से भी गंदी है। इस जांच की शुरुआत विरोध प्रदर्शनों के ठीक अगले दिन नौ सितंबर 2025 को हुई थी। उस दिन हुई तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं के बाद सामने आई तस्वीरों में देउबा, खड़का और प्रचंड के घरों में जले हुए कई नोट दिखाई दिए थे।*

## नेपाल में सत्ता बदली और जांच के घेरे में आए दिग्गज नेता, 'क्लीनअप ऑपरेशन' शुरू

**(पुष्परंजन)**

नेपाल में नई सत्ता के आते ही ऐसा लग रहा है मानो भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की कवायद शुरू हो गई है। इसके तहत तीन पूर्व प्रधानमंत्रियों और दो पूर्व मंत्रियों के खिलाफ कथित धनशोधन मामले को लेकर एक विस्तृत जांच शुरू की गई है। नई सरकार के निर्देश पर जांच में जुटे अधिकारियों को वित्तीय गड़बड़ियां मिली हैं। उन्हें इन नेताओं की संपत्तियों के दस्तावेज में विसंगतियां दिखी हैं। काठमांडो में पुल्चोक स्थित संपत्ति शुद्धिकरण अनुसंधान विभाग (डीएमएलएआइ) की ओर से नेपाल पुलिस के केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीआइबी) की मदद से पूर्व प्रधानमंत्रियों शेर बहादुर देउबा, केपी शर्मा ओली और पुष्पकमल दहाल के साथ ही पूर्व मंत्रियों आरजू राणा देउबा और दीपक खड़का के खिलाफ गहन जांच की जा रही है। मामला अब अदालत में है, सरकार की तरफ से जवाब आने पर सुनवाई शुरू होगी। यह नेपाल में नया राजनीतिक परिदृश्य है। पिछले हफ्ते डीएमएलएआइ ने पुलिस मुख्यालय को एक पत्र भेज कर जांच में सहयोग मांगा था। इस अनुरोध पर कार्रवाई करते हुए नेपाली कांग्रेस के नेता और पूर्व मंत्री दीपक खड़का और नेकपा-एमाले अध्यक्ष व पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को पिछले दिनों उनके निवास से गिरफ्तार कर लिया गया। मामले को विस्तृत जांच के स्तर तक ले जाने से पहले संपत्ति शुद्धिकरण अनुसंधान विभाग ने लगभग छह महीनों तक शुरुआती पूछताछ की थी। दरअसल, यह चर्चा आम थी कि अब सरकार उस पार्टी की है, जिसके मुखिया रबी लामिछाने करोड़ों रुपए के गबन और धनशोधन जैसे गंभीर मामले में जेल में थे। इस तरह की चर्चा किसी भी सरकार को स्वतः कठघरे में खड़ा कर देती है। यह कार्रवाई भी इसकी कवायद लगती है कि देश के उन दिग्गज चेहरों का मुखौटा उतारो, जो बरसों से सत्ता में थे। माना जा रहा है कि नेपाल में नया निजाम अब यह चाह रहा है कि धनशोधन और दूसरे गैरकानूनी कार्यों में कथित रूप से संलिप्त पूर्व मंत्रियों और प्रधानमंत्रियों के कृत्यों का भी पर्दाफाश हो, ताकि कोई यह न कह सके कि सत्ताधारी पक्ष के सर्वोच्च नेता लामिछाने का अतीत दागदार रहा है। नेपाल के पूर्व उपप्रधानमंत्री एवं राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष लामिछाने पर मुख्य रूप से सहकारी संस्थाओं से करोड़ों रुपए के गबन, संगठित अपराध और धनशोधन के गंभीर मामले चल रहे हैं। पूर्व पत्रकार रहे लामिछाने पर आरोप है कि उन्होंने अवैध रूप से सहकारी समितियों का पैसा अपने निजी खाते और गोरखा मीडिया नेटवर्क के खातों में डलवाए थे। पुलिस जांच में पाया गया था कि 16 अरब रुपए लेकर नेपाल से फरार जीबी राई के साथ मिल कर सहकारी घोटालों के पीछे मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक रबी लामिछाने थे। अक्टूबर 2024 में गिरफ्तार होने के बाद से उन पर जिला अदालतों में मामले चल रहे हैं। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, नेकपा-एमाले अध्यक्ष केपी शर्मा ओली और कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारियों से यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि नेपाल की जनता देखे कि इन सभी की कमीज, रबी लामिछाने की कमीज से भी गंदी है। इस जांच की शुरुआत विरोध प्रदर्शनों के ठीक अगले दिन नौ सितंबर 2025 को हुई थी। उस दिन हुई तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं के बाद सामने आई तस्वीरों में देउबा, खड़का और प्रचंड के घरों में जले हुए कई नोट दिखाई दिए थे। पूर्व ऊर्जा मंत्री खड़का को नौ सितंबर की घटनाओं के दौरान उनके घर से बरामद पैसों की जांच के सिलसिले में हिरासत में लिया गया। हालांकि, अधिकारियों ने अन्य आरोपियों के खिलाफ चल रही जांच के बारे में और जानकारी का खुलासा नहीं किया है। पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की पत्नी आरजू राणा देउबा सितंबर में हुए विरोध प्रदर्शनों तक विदेश मंत्री के पद पर थीं। मगर इस समय वह स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों के उपचार के लिए हांगकांग में हैं। देउबा के बेटे जयवीर सिंह देउबा और उनके रिश्तेदार भूषण राणा देश से बाहर हैं।

28 सितंबर, 2025 को विभाग ने ज्वालाखेल स्थित राणा के घर पर छापा मारा और वहां से कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण तथा दस्तावेज जब्त किए। कुछ दिनों बाद उनके रिश्तेदारों के यहां भी छापे मारे गए। नई सरकार की कार्रवाई से लगता है कि देउबा परिवार की मुश्किलें अभी कम नहीं होने वाली हैं। आठ से 13 सितंबर, 2025 को आंदोलन के समय हुए उग्र प्रदर्शन में देशभर में 76 लोगों की जान चली गई थी। जबकि दो हजार से ज्यादा लोग घायल हुए थे। इस तोड़फोड़ और आगजनी में करीब 85 अरब रुपए की सरकारी संपत्ति का नुकसान हुआ था। संसद तक को लाक्षागृह बना दिया गया। अंततः पिछले साल नौ सितंबर को तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और उनके सभी मंत्रियों को इस्तीफा देना पड़ा था। इस पूरे मामले की जांच पर बने कार्की कमीशन की जो रिपोर्ट आई, उसमें लामिछाने को बचाने की कोशिश साफ-साफ दिखती है। नेपाल पुलिस के अधिकारी भी कार्की कमीशन की रिपोर्ट को पूरी तरह से एकतरफा मानते हैं। सबसे गंभीर आरोप यह कि नक्खू जेल में भगदड़ और कैदियों के भागने की वजह लामिछाने थे, जो सहकारी ठगी, संगठित अपराध और धनशोधन के मामले में बंद थे। उस शख्स को जबरदस्ती छुड़ा ले जाने के क्रम में गोलीकांड हुआ, जिसमें दस कैदी मारे गए। कार्की कमीशन कैसे लामिछाने को जिम्मेदारी से मुक्त कर सकता है? वैसे भी जिस पार्टी के बूते बालेंद्र शाह नेपाल के प्रधानमंत्री बने हैं, उसके मुखिया के खिलाफ कार्रवाई की हिमाकत वे कैसे कर सकते हैं? माना जा रहा है कि अभी लामिछाने पर जितने मामले चल रहे हैं, उनसे उन्हें बरी कराने की कोशिश बालेंद्र सरकार कर सकती है। दरअसल, लामिछाने पर आपराधिक मामले नहीं चल रहे होते, तो बालेंद्र शाह को काठमांडो के महापौर पद से सीधे प्रधानमंत्री की सर्वोच्च कुर्सी नसीब नहीं होती। नेपाल में युवाओं के उग्र विरोध प्रदर्शन के दौरान वहां की सेना की भूमिका पर भी सवाल है। कार्की कमीशन की रिपोर्ट में स्पष्ट कहा गया कि सेना ने भीड़ को मुख्य रूप से गृह मंत्रालय की ओर बढ़ने से रोकने की बहुत कम कोशिश की। जबकि मंत्रालय का रास्ता उस इलाके से होकर गुजरता है, जहां सेना की बटालियन है। सत्ता में आ जाने के बाद भी बड़ी चुनौती नेपाल की घरेलू समस्याओं को निपटाना है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने चुनावों से पहले सौ वादों की एक सूची जारी की थी और संकल्प किया था कि सत्ता में आने पर वह इन्हें लागू करेगी, लेकिन ऐसे आरोप लग रहे हैं कि शपथ के बाद ही बालेंद्र सरकार बदले की राजनीति पर उतर आई है। नेपाल में नई सरकार के समक्ष दूसरा मोर्चा है विदेश नीति का। नेपाल को चीन और भारत के साथ अमेरिका से कैसे संतुलन साध कर चलना है, यह एक विकट सवाल है। पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली जाते-जाते लिपुलेख-लिम्पियाधुरा का ऐसा विवाद छोड़ गए हैं।

## भीड़ के फैसले से असुरक्षित होती जा रही है समाज में जिंदगी

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में हाल में मोबाइल चोरी के संदेह में एक किशोर की लाठी-डंडे से पीट कर हत्या कर देने की घटना राज्य की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। एक तरफ सरकार सुशासन की दुहाई देती है, तो दूसरी ओर भीड़तंत्र लोगों की जान लेने पर उतारू रहता है।समाज में शक के आधार पर किसी की हत्या कर देने की प्रवृत्ति जिस तरह बढ़ रही है, वह गंभीर चिंता का विषय है। ऐसी घटनाएं बताती हैं कि लोग अपना विवेक, धैर्य और संवेदना खो रहे हैं। सवाल है कि इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सरकार की ओर से जमीनी स्तर पर कड़े एवं प्रभावी कदम क्यों नहीं उठाए जा रहे हैं?अगर किसी व्यक्ति पर अपराध में संलिप्त होने का संदेह हो, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। अराजक तरीके से किसी व्यक्ति की इस कदर पिटाई करना कि उसकी जान चली जाए, इसका अधिकार भीड़ को किसने दिया है? वाराणसी में हुई घटना बताती है कि जिन लोगों ने किशोर की जान ली, उनमें कानून का कोई खौफ नहीं था। क्या इसी को सुशासन कहा जाएगा? इस घटना से यह बात भी उजागर होती है कि हमारे मानवीय मूल्य और सामाजिक संवेदनशीलता खत्म होती जा रही है।अगर किसी किशोर को सरेआम निर्ममता से पीटा जा रहा था, तो क्यों नहीं आसपास के लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की। कहा जा रहा है कि इस घटना में आरोपी किशोर को घर से बुलाकर ले गए और फिर सड़क पर उसकी बुरी तरह पिटाई की। स्पष्ट है कि उस दौरान आसपास कई लोग मौजूद रहे होंगे, लेकिन सभी तमाशबीन बने रहे।सवाल है कि राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? लोगों की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाली पुलिस जब तक इस तरह के मामलों पर अंकुश लगाने के लिए जिम्मेदार एवं संवेदनशील तरीके से कार्रवाई नहीं करेगी और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं की जाएगी।

## 'हम' से 'मैं' तक का सफर, कैसे बिखर रहा है भारतीय परिवार का ताना-बाना

**(गिरीश पंकज)**

कभी-कभी लगता है कि यह समय पारिवारिक संबंधों के मोहभंग या पतन का है। देश के कोने-कोने से दिल दहला देने वाली खबरें आती रहती हैं। उदाहरण के तौर पर पत्नी ने प्रेमी के साथ मिल कर पति की हत्या कर दी। घटना की हकीकत क्या थी और उससे जुड़े सिरे कहां तक जा रहे थे, उस पर विचार करने के बजाय लोगों ने 'नीला ड्रम' को एक मुहावरा बना दिया। एक अपवाद घटना कैसे सामान्य बना कर पेश कर दी जाती है, यह इसका उदाहरण है। इसी तरह, बेटे द्वारा पिता की हत्या और पत्नी के कहने पर बेटे की ओर से वृद्ध माता-पिता को घर से निकाल देने जैसे मामले भी अक्सर सामने आते रहते हैं।ऐसा लगता है कि नई पीढ़ी के युवाओं में परिवार नाम की संस्था के प्रति कोई रागात्मक रिश्ता बचा ही नहीं। जैसे ही बच्चे कुछ समझने लायक हो जाते हैं, वे इस बात को भूल जाते हैं कि आज अगर वे इस लायक बन सके हैं, तो उसके पीछे उनके माता-पिता का ही योगदान है। युवा अपने हिसाब से जीवन जीने की कोशिश करते हैं और माता-पिता की उपेक्षा करते रहते हैं। माता-पिता अगर बच्चों की बेहतरी के लिए कुछ अंकुश लगाते हैं, तो वे नाराज हो जाते हैं। हिंसा का सहारा भी लेने लगते हैं। स्मार्टफोन से वंचित करने के कारण कई बच्चे और बच्चियों के आत्महत्या कर लेने या फिर अपने परिवार के ही किसी सदस्य की हत्या करने तक की खबरें आती रहती हैं। वहीं संपत्ति को लेकर एक भाई ने दूसरे भाई को मौत के घाट उतार दिया। ऐसे तमाम मामले निरंतर बढ़ते जा रहे हैं। इन्हीं सबको देखकर लगता है कि हमारा वह पारिवारिक सौहार्द कहां खो गया, जिसे हम आज याद करके पश्चाताप करते हैं कि क्यों धीरे-धीरे हम संयुक्त परिवार से एकल परिवार की ओर बढ़ते चले गए। कभी लोग बड़े प्रेम से साथ रहा करते थे। एक छोटा बच्चा दादा-दादी या चाचा-चाची की गोद में खेलते हुए बड़ा हो जाता था। घर के सुख-दुख में सबकी सहभागिता हुआ करती थी, लेकिन अब तो घर के बीच दीवार खड़ी हो जाती है। दो भाई अपनी-अपनी दुनिया में चले जाते हैं, एकदम अनजान बनकर। रक्त के रिश्ते रक्त बहाने पर आमादा हो रहे हैं। ऐसा लगता है कि निर्मम दौर है यह। ऐसा नहीं कि यह सब किसी गांव-कस्बे में ही घटित हो रहा हो। यह बड़े-बड़े महानगरों में भी देखा जा रहा है। संवेदना का ऐसा क्षरण हर कहीं आम होता जा रहा है। महानगर में अप-संस्कृति से ग्रस्त युवा पीढ़ी की अपनी दिशाहीनता है। वह हर गलत कार्य को अपना अधिकार समझकर घर से, समाज से बगावत कर रही है। चाहे सिगरेट, गांजा, हेरोइन या शराब पीने का मामला हो, या उन्मुक्त जीवन जीने की उत्कट इच्छा, इन सबको लेकर उसके अपने तर्क हैं कि यह तो उनकी अपनी आजादी का हिस्सा है। युवा भूल जाते हैं कि इस तरह का जीवन आखिरकार नैतिक पतन की ओर ही ले जाता है। वे इस बात को समझ नहीं पाते और अंकुश लगाने पर हिंसा तक का सहारा लेने लगते हैं। कहीं शारीरिक हिंसा, तो कहीं मानसिक हिंसा। हाल की अनेक घटनाएं इस बात का सबूत हैं कि नई पीढ़ी को अपने माता-पिता सबसे बड़े शत्रु नजर आते हैं या अपने शुभचिंतक सगे-संबंधी। हालांकि कई बार सगे-संबंधी भी ईर्ष्यावश भड़काने का काम करते हैं, लेकिन यह मामला अलग है। संबंधों में आ रही कटुता गहन विमर्श का विषय होना चाहिए। यह आत्ममंथन की बेला भी है कि 'हम कौन थे, क्या हो गए और क्या होंगे अभी'। भारतीय समाज को विश्व में बेहद सम्मान की दृष्टि से देखा जाता रहा है।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6052

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 6 | 9 | | | | | |
| 2 | | | | 8 | | | | 5 |
| | | | 1 | | 6 | 8 | | |
| | 2 | 7 | 4 | | 1 | | 9 | |
| | 1 | | | | | | 4 | |
| | 4 | | 2 | | 8 | 7 | 3 | |
| | | 2 | 8 | | 5 | | | |
| 1 | | | | 3 | | | | 6 |
| | | | | | 9 | 2 | 8 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6051

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 2 | 3 | 1 | 9 | 4 | 8 | 5 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 6 | 3 | 4 | 9 | 7 | 5 | 1 | 2 | 8 |
| 1 | 9 | 7 | 8 | 3 | 2 | 5 | 6 | 4 |
| 2 | 5 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 7 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 1 | 9 | 6 | 4 | 3 | 2 | 5 | 7 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 9 | 3 | 1 |

## वर्ग पहेली 6052

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | | ■ |
| 6 | | | ■ | 7 | | ■ | 8 |
| | ■ | | ■ | | ■ | 9 | |
| 10 | 11 | | ■ | 12 | | | |
| 13 | | ■ | 14 | | ■ | ■ | ■ |
| ■ | 15 | | | ■ | 16 | ■ | 17 |
| 18 | ■ | ■ | 19 | | | 20 | |
| 21 | | | | ■ | 22 | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. इस भारतीय भौतिक वैज्ञानिक ने 12 अगस्त को जन्म लिया था (7)
6. दुर्भाग्य, दुर्दशा, संकट (3)
7. एक प्रकार का फल जो भगवान के भोग निमित्त चढ़ाया जाता है, कदली (2)
9. तिब्बत के बौद्धों के धर्माचार्य, घास खाने ओर पागुर करने वाला एक जंतु जो ऊंट जैसा होता है (2)
10. मुशी, लिखने वाला, लेखक (3)
12. एक प्रकार का मंगल वाद्य, नफीरी (4)
13. एक सर्वनाम जिसका प्रयोग वक्ता ओर श्रोता के अतिरिक्त निकटवर्ती सभी संज्ञाओं या बातों के लिए होता है (2)
14. इस देश को म्यांमार कहा जाता है (2)
15. राजा के लिए प्रयुक्त शब्द (3)
19. यह एक दिवंगत पूर्व में दस्यु रह चुकी थीं (5)
21. उथल-पुथल, भागदौड़, संचलन (4)
22. विविध, एक रिश्ता, मातामह (2)

**ऊपर से नीचे**

1. महाकाय, भीम, गजकाय (5)
2. तारतम्य, रूटीन, विन्यास, करीना (2)
3. स्वार्थ, खुदगर्जी, प्रयोजन (4)
4. भारत का प्रथम अंतरिक्ष यात्री (5)
5. बरछा, बल्लम, नेजा, पाषाणी (2)
8. श्रमादि करके कमाया हुआ धन (3)
9. उपस्थित करना, ले आना, लिवाना (2)
11. तिगुना, तीन बार उतना ही (3)
14. जंगली मेवा (4)
16. निर्मित होना, निर्माण होना, पनपना (3)
17. यह उत्तर भारत में बहने वाली महत्वपूर्ण नदी है इसका पौराणिक नाम परूष्णी है (2)
18. एक प्रशंसासूचक शब्द (2)
20. प्रदत्त करना, प्रदान करना (2)

### वर्ग पहेली 6051 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खु | दी | रा | म | बो | स | ■ | रा |
| द | म | न | शी | ल | ■ | व्यो | म |
| ■ | क | ■ | न | चा | ना | ■ | च |
| ता | ■ | ब | ग | ल | ■ | वा | रि |
| क | न्या | दा | न | ■ | आ | द | त |
| त | य | ■ | ■ | मा | शा | ■ | मा |
| ■ | क | मा | ल | ■ | ती | ज | न |
| क | र्ता | ■ | ब | हु | त | ■ | स |

## आज का राशिफल

### मेष

आज आप रिश्तों और आपसी तालमेल के बीच एक सुंदर संतुलन बनाते हुए पाएंगे। चंद्रदेव के प्रभाव से किसी भी साझा कार्य या साझेदारी को मजबूती देने के लिए आपके पास गजब की स्पष्टता होगी. बस एक बात का ध्यान रखें–बारहवें भाव की भारी ऊर्जा के कारण ज्यादा उत्साह में अपनी शारीरिक सीमाओं को न भूलें, वरना थकान महसूस हो सकती है।

### वृष

आज आपकी आंतरिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा आपको हर मुश्किल से बाहर निकाल लेगी. आप एकांत में रहकर अपने भविष्य की योजनाओं को गहराई से समझने में सफल रहेंगे. जिससे आप पुराने अटके हुए मसलों का हल निकाल लेंगे. बस एक सावधानी–तनाव से बचने के लिए खुद को जरूरत से ज्यादा दुनिया से अलग-थलग न करें।

### मिथुन

आज आपकी इन्टूशन और गहरा अनुभव आपको बिल्कुल सही दिशा दिखाएगा. आप काफी गंभीर और सुलझे हुए महसूस करेंगे, जिससे कठिन आर्थिक मसले भी आप सहजता से निपटा लेंगे. आपकी निष्पक्षता आज शेयर्ड रिसोर्सेज और टैक्स जैसे मामलों में बहुत काम आएगी।

### तुला

आज आपकी सेवा-भाव और अनुशासन की भावना आपको हर कार्यक्षेत्र में आगे रखेगी. आप अपनी दैनिक जिम्मेदारियों को बहुत ही सलीके और बारीकी के साथ निभाएंगे. सबसे अच्छी बात यह है कि आपकी व्यावहारिकता और परफेक्शन ही आज आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगी. हालांकि, स्वभाव में थोड़ा लचीलापन जरूर रखें।

### वृश्चिक

आज आपके संवाद करने के तरीके में गजब का आत्मविश्वास और कूटनीति दिखाई देगी. आपकी बातचीत की कला कठिन से कठिन परिस्थिति को भी सामान्य बना देगी. आपकी सक्रियता आज सामाजिक नेटवर्किंग में नया जोश भर देगी. बस कोशिश करें कि दूसरों को खुश करने के चक्कर में आप अपनी जरूरी प्राथमिकताओं और मर्यादाओं को नजरअंदाज न करें।

### धनु

आज आपकी रचनात्मकता और बात करने का आकर्षक अंदाज आपको भीड़ से पूरी तरह अलग दिखाएगा. आपकी कल्पना शक्ति आज बहुत तेज है, जिससे आप करियर की किसी भी बड़ी चुनौती का बहुत ही क्रिएटिव हल निकाल लेंगे. आपकी बातों का जादू आज सामाजिक दायरे में खूब चलेगा. बस ध्यान रखें कि कार्यस्थल पर अधिकारियों से बहस न करें।

### कर्क

आज का दिन सामाजिक दायरे को बढ़ाने और अपने सपनों को नई उड़ान देने का है. चंद्रदेव का लाभ भाव में होना आपको काफी आशावादी और सक्रिय बनाएगा. आपका सकारात्मक नेटवर्किंग नजरिया आज आपको नए और प्रभावशाली लोगों से जोड़ देगा. बस एक छोटी सी बात–परिवार की छोटी-मोटी बातों पर चिड़चिड़ाएं नहीं, बल्कि धैर्य से काम लें।

### सिंह

आज आप खुद को एक कुशल रणनीतिकार और कूटनीतिक लीडर की तरह महसूस करेंगे. आपका पेशेवर अनुशासन और छवि के प्रति गंभीरता आज आपको कार्यस्थल पर एक नई ऊंचाई देगी. आपकी विश्वसनीयता ही आज आपकी सबसे बड़ी पहचान बनकर उभरेगी. बस काम के दबाव में आकर अपनी भावनाओं और परिवार के साथ बिताने वाले समय को नजरअंदाज न करें।

### कन्या

आज आपकी सोच बहुत व्यापक, दार्शनिक और भविष्य की संभावनाओं को भांपने वाली होगी. नए ज्ञान को सीखने और बौद्धिक विस्तार के लिए आप बहुत उत्साहित रहेंगे. आपकी कूटनीतिक सूझ-बूझ आज किसी भी कानूनी या जटिल मामले को आपके पक्ष में मोड़ सकती है।

### मकर

आज आपकी आर्थिक प्रबंधन की समझ और बारीकियों पर पकड़ आपको दूसरों से काफी आगे रखेगी. आप अपने धन और पारिवारिक सुखों के बीच एक बहुत ही सटीक संतुलन बनाने में कामयाब रहेंगे. अपनी काबिलियत का सही मूल्य आंकने का आज सबसे अच्छा समय है. बस एक बात का ख्याल रखें–साझेदारी या पार्टनर की मांगों के कारण खुद को जरूरत से ज्यादा तनाव में न डालें।

### कुंभ

आज आप अपने व्यक्तिगत आकर्षण और सबको प्रभावित करने वाले हुनर से सबका दिल जीत लेंगे. आप खुद को अभिव्यक्त करने के शिखर पर होंगे और आपके व्यक्तित्व की चमक हर जगह महसूस की जाएगी. आपकी सूझ-बूझ आज करियर की जटिल चुनौतियों को भी आसानी से सुलझा देगी. बस एक सावधानी रखें–अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें और पर्याप्त मात्रा में जल का सेवन करें।

### मीन

आज घर-परिवार की खुशियों के प्रति आपका समर्पण और आध्यात्मिक जुड़ाव आपको गहरी अंदरूनी शांति देगा. परिवार में आज का माहौल बहुत ही सुरक्षित और सुखद रहेगा. बस एक सावधानी रखें–आठवें भाव की राहु-बुध युति के कारण अचानक आने वाली मानसिक उलझनों को खुद पर हावी न होने दें. करियर में आज आप कोई दूरगामी फैसला ले सकते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# पंजाब ने टी-20 में भारत का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा

**● 9वीं बार 200+ चेज किए, चेन्नई ने आईपीएल में 36वीं बार 200 रन बनाए, यह बने रिकॉर्ड्स**

**चेन्नई (एजेंसी)।** आईपीएल के 7वें मैच में पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 5 विकेट से हरा दिया। चेपॉक में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई ने 5 विकेट पर 208 रन बनाए। टीम के लिए आयुष म्हात्रे ने 73 रन की पारी खेली, हालांकि उन्हें दो बार जीवनदान भी मिला। जवाब में पंजाब ने 18.4 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के साथ पंजाब ने टी-20 क्रिकेट में भारत का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ते हुए 9वीं बार 200+ रनचेज किया। वहीं चेन्नई ने इस मैच में 36वीं बार 200+ स्कोर बनाया।

**पंजाब ने 9वीं बार 200+ रनचेज किया–** पंजाब किंग्स ने टी-20 क्रिकेट में भारत का रिकॉर्ड तोड़ दिया। टीम ने 200+ रनचेज के मामले में 9वीं जीत दर्ज की। इससे पहले भारत की टीम ने 8 बार 200+ रनचेज किया था। ऑस्ट्रेलिया ने 7 और मुंबई इंडियंस ने 6 बार यह कारनामा किया है।



### पंजाब किंग्स का दूसरा सबसे बड़ा रनचेज

पंजाब किंग्स ने अपना दूसरा सबसे बड़ा रनचेज किया। टीम ने 210 रन का टारगेट 18.4 ओवर में हासिल किया। टीम का सबसे बड़ा रनचेज 262 रन का है। इसे पंजाब ने 2024 में ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ हासिल किया था।

**चेन्नई ने आईपीएल में सबसे ज्यादा 200+ स्कोर बनाए–** चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल में सबसे ज्यादा 200+ स्कोर बनाने वाली टीम बन गई। टीम ने अब तक 36 बार 200 का आंकड़ा पार किया है। इसके बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 35 बार इस स्कोर तक पहुंची है।

**संजू ने फिर मायूस किया–** दूसरे ओवर में चेन्नई का पहला विकेट गिरा। ओवर की छठी गेंद जेवियर बार्टलेट ने ऑफ स्टंप के बाहर फेंकी। संजू सैमसन ड्राइव खेलने के लिए पीछे हटे, लेकिन गेंद की मूवमेंट को कवर नहीं कर सके और बल्ले का हल्का किनारा लग गया। गेंद सीधे विकेटकीपर प्रभसिमरन सिंह के पास गई, जिन्होंने आसान कैच लपक लिया। संजू 7 रन बनाकर आउट हुए।

### सरफराज ने अर्शदीप पर हैट्रिक चौके लगाए

14वें ओवर में सरफराज खान ने अर्शदीप सिंह पर लगातार तीन चौके जड़ दिए। ओवर की दूसरी गेंद पर सरफराज ने आगे बढ़कर जगह बनाई और मिड-ऑफ के ऊपर से शानदार शॉट खेलते हुए चौका बटोर लिया। अगली गेंद पर अर्शदीप ने शॉर्ट लेंथ डाली। सरफराज ने शॉट खेला और गेंद को विकेटकीपर के ऊपर से बाउंड्री तक पहुंचा दिया। फिर चौथी गेंद पर सरफराज ने शॉर्ट ऑफ लेंथ गेंद को लेट खेलते हुए थर्ड मैन की दिशा में गाइड किया और चौका पूरा किया।

### प्रशांत वीर ने डेब्यू पर चौके से खाता खोला

चेन्नई सुपर किंग्स के अनकैप्ड ऑलराउंडर प्रशांत वीर ने इस मैच से आईपीएल डेब्यू किया। टीम ने उन्हें मेगा ऑक्शन में 14.20 करोड़ रुपए में खरीदा था। 17वें ओवर की तीसरी गेंद पर मार्को यानसन ने ऑफ स्टंप के आसपास शॉर्ट ऑफ लेंथ गेंद डाली। प्रशांत ने शॉट खेला। गेंद तेजी से आई और ग्लव्स का हल्का किनारा लेकर फाइन लेग की दिशा में निकल गई। इसी चौके के साथ प्रशांत ने आईपीएल में अपना खाता खोला।

### प्रियांश ने बाउंड्री से पहले रन बनाए

पंजाब की पारी की शुरुआत प्रियांश आर्या ने लगातार दो बाउंड्री से की। ओवर की पहली गेंद पर खलील अहमद ने इनस्विंगर डाली। प्रियांश ने सीधे बल्ले से नॉन-स्ट्राइकर के पास से चौके के लिए भेज दिया। अगली ही गेंद पर खलील ने शॉर्ट ऑफ लेंथ गेंद डाली। प्रियांश ने जल्दी से लेंथ पहचानी, घूमकर पुल शॉट खेला और गेंद को मिड-विकेट के ऊपर से सिक्स के लिए भेज दिया।

## लंदन में रहने पर ट्रोल हुए विराट कोहली, बोले- मैं ओवरसीज प्लेयर नहीं हूं



**बैंगुलरु (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 में रायल चैलेंजर बेंगुलरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, फैंस मजाक में कह रहे थे कि आरसीबी इस सीजन 5 ओवरसीज खिलाड़ी खिला रही है, क्योंकि कोहली ज्यादातर समय लंदन में रहते हैं। जब इस बारे में उनसे पूछा गया तो कोहली हंसते-हंसते लोटपोट हो गए और मजेदार जवाब दिया। कोहली ने कहा, मुझसे क्यों पूछ रहे हो? ओवरसीज खिलाड़ियों से पूछो। मैं ओवरसीज प्लेयर नहीं हूं। क्या मैं आपको ओवरसीज प्लेयर लगता हूं?

लंदन में रहने को लेकर भी होते हैं ट्रोल विराट कोहली इन दिनों अपने परिवार के साथ लंदन में ज्यादा समय बिताते हैं, जिस कारण सोशल मीडिया पर उन्हें लेकर तरह-तरह की बातें होती रहती हैं। हालांकि कोहली इन बातों को मजाक में लेते नजर आए और इंटरव्यू के दौरान भी उनका हल्का-फुल्का अंदाज देखने को मिला।

**आईफीएल 2026 में शानदार शुरुआत –** विराट कोहली ने आईपीएल 2026 की शुरुआत शानदार अंदाज में की। सनराइज हैदराबाद के खिलाफ पहले मैच में उन्होंने 38 गेंदों में नाबाद 69 रन की शानदार पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 5 चौके और 5 छक्के लगाए और टीम को 202 रन के लक्ष्य तक पहुंचाया। यह आईपीएल इतिहास का सबसे तेज 200+ रन चेज भी रहा, जो 15.4 ओवर में पूरा हुआ।

**कोहली ने बनाए बड़े रिकॉर्ड –** इस पारी के दौरान विराट कोहली ने कई बड़े रिकॉर्ड भी अपने नाम किए। वह टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले एशियाई बल्लेबाज बन गए और उन्होंने शोएब मलिक को पीछे छोड़ दिया। इसके अलावा कोहली आईपीएल इतिहास में रन चेज में 4000 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी भी बन गए। अब उनकी नजर आईपीएल में 9000 रन के आंकड़े पर है।

## हार्दिक पांड्या को वर्ल्ड कप खेलना है तो करना होगा ये काम, सिलेक्टर्स ने कहा गेंदबाजी पर ध्यान दो

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या अभी से वनडे वर्ल्ड कप 2027 की तैयारी में जुट गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पांड्या ने सिलेक्टर्स और टीम मैनेजमेंट को बता दिया है कि वह 2027 वर्ल्ड कप खेलना चाहते हैं। इसके लिए वह पिछले कुछ महीनों से अपनी गेंदबाजी पर खास काम कर रहे हैं। टीम मैनेजमेंट चाहता है कि जरूरत पड़ने पर वह पूरे 10 ओवर गेंदबाजी कर सकें।

**सिलेक्टर्स ने रखी यह बड़ी शर्त –** सिलेक्टर्स और टीम मैनेजमेंट की सबसे बड़ी शर्त यही है कि हार्दिक पांड्या एक दिवसीय में 10 ओवर गेंदबाजी करने के लिए फिट रहें। रिपोर्ट के अनुसार कप्तान हर मैच में उनसे 10 ओवर नहीं कराएगा, लेकिन जरूरत पड़ने पर उन्हें पूरा स्पेल डालना होगा। इसलिए पांड्या अपनी फिटनेस और वर्कलोड मैनेजमेंट पर लगातार काम कर रहे हैं।



**विजय हजारे ट्रॉफी में डाले पूरे 10 ओवर –** इस साल की विजय हजारे ट्राफी में हार्दिक पांड्या ने चंडीगढ़ के खिलाफ मैच में पूरे 10 ओवर गेंदबाजी की थी और 3 विकेट भी लिए थे। इससे उन्होंने संकेत दे दिया कि वह एक दिवसीय फॉर्मेट में लंबा स्पेल डालने के लिए तैयार हैं। इससे पहले उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में नहीं चुना गया था क्योंकि वह 10 ओवर गेंदबाजी के लिए फिट नहीं माने गए थे।

**साउथ अफ्रीका की पिच पर होगी बड़ी भूमिका –** एक दिवसीय वर्ल्ड कप 2027 साउथ अफ्रीका में खेला जाना है, जहां की पिच तेज गेंदबाजों के लिए मददगार होती है। ऐसे में हार्दिक पांड्या टीम के लिए बहुत अहम खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। सिलेक्टर्स उनकी फिटनेस को लेकर सावधानी बरत रहे हैं क्योंकि वह पहले भी चोट के कारण लंबे समय तक टीम से बाहर रहे थे।

**बैकअप के तौर पर इस खिलाड़ी पर नजर –** सिलेक्टर्स हार्दिक पांड्या के बैकअप के तौर पर नितिश कुमार रेडी पर भी नजर रख रहे हैं। उन्होंने भी घरेलू क्रिकेट में अपनी गेंदबाजी वर्कलोड बढ़ाई है। वहीं हार्दिक अपनी गेंदबाजी में इन-स्विंगर और नई वैरायटी पर काम कर रहे हैं और टी20 में नई गेंद से गेंदबाजी भी कर रहे हैं।

**साउथ अफ्रीका में हार्दिक का एक दिवसीय रिकॉर्ड–** हार्दिक पांड्या ने 2018 में साउथ अफ्रीका दौरे पर 6 वनडे मैच खेले थे। इस दौरान उन्होंने 44 ओवर गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लिए थे। उनका इकॉनमी रेट 4.90 रहा था, लेकिन बल्लेबाजी में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और उन्होंने 4 पारियों में सिर्फ 26 रन बनाए थे।

## एसआरएच को झटका, अचानक ऑस्ट्रेलिया लौटे पैट कमिंस



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पेट कमिंस की की चोट ने सनराइज हैदराबाद की चिंता बढ़ा दी है। टीम के कप्तान कमिंस अपनी पीठ की चोट के अंतिम स्कैन के लिए ऑस्ट्रेलिया लौट गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक यह स्कैन पहले से तय था। अब उनके आईपीएल 2026 में आगे खेलने पर अंतिम फैसला मेडिकल रिपोर्ट के बाद लिया जाएगा।

**कम से कम तीन मैच मिस करेंगे –** रिपोर्ट के अनुसार क्रिकेट आस्ट्रेलिया कमिंस की फिटनेस पर अंतिम फैसला करेगा। अगर सब कुछ ठीक रहता है तो वह 17 अप्रैल के आसपास टीम से जुड़ सकते हैं। ऐसे में वह लखनऊ, पंजाब और राजस्थान के खिलाफ होने वाले कम से कम तीन मैच नहीं खेल पाएंगे।

**कमिंस ने पहले ही दिया था फिटनेस अपडेट –** कमिंस ने पहले अपनी चोट को लेकर कहा था, मैं अभी पीठ की चोट से उबर रहा हूं, लेकिन स्थिति पहले से बेहतर है और मैं नेट्स में गेंदबाजी कर रहा हूं। उन्होंने कहा, हमने एक प्लान बनाया है ताकि टूर्नामेंट के बीच तक मैं पूरी तरह फिट होकर मैदान पर वापसी कर सकूं।

**टीम की कप्तानी ईशान किशन संभाल रहे –** कमिंस की गैरमौजूदगी में टीम की कप्तानी ईशान किशन कर रहे हैं, जबकि अभिषेक शर्मा उपकप्तान की भूमिका में हैं। टीम ने सीजन के पहले मैच में हार झेली थी, लेकिन दूसरे मैच में शानदार जीत दर्ज की। ऐसे में टीम संतुलन बनाए रखने की कोशिश कर रही है।

### फ़ीडे कैंडिडेट शतरंज

## सिंदारोव नें नाकामुरा को हारकर लगाई जीत की हैट्रिक

**साइप्रस (एजेंसी)।** फ़ीडे कैंडिडेट शतरंज में उज़्बकेले एक अंक किस्तान के विश्व कप विजेता जावोखीर सिंदारोव नें जीत की हैट्रिक लगाते हुए ख़ुद को बाक़ी सभी खिलाड़ियों के मुक़ाबले सबसे आगे बनाये रखा है । पिछले तीन राउंड में उन्हों क्रमश : खिताब के तीन प्रबल दावेदार भारत के आर प्रज्ञानन्दा , यूएसए के फैबियानो कारुआना और अब हिकारू नाकामुरा को मात देते हुए 4.5 अंकों के साथ ख़ुद



को खिताब की दौड़ में बेहद मजबूत स्थिति में पहुँचा दिया है हालांकि अभी 9 राउंड और खेले जाने बाक़ी है पर पूर्व विश्व चैंपियन गैरी कास्पारोव जैसे खिलाड़ी भी सिंदारोव के इस प्रदर्शन से बेहद प्रभावित नज़र आ रहे है और उन्हें कैंडिडेट जीतने का बड़ा दावेदार मान रहे है ।

अन्य बाज़ियों में आज फैबियानो कारुआना नें पिछली हार से वापसी करते हुए जर्मनी के मैथियास ब्लूबम को पराजित कर दिया और वह 3.5 अंकों के साथ सिंदारोव के ठीक पीछे चल रहे है । भारत के प्रज्ञानन्दा नें आज रूस के आंद्रे एसिपेंको से ड्रा खेला और वह 2.5 अंक बनाकर नीदरलैंड के अनीश गिरी के साथ सयुंक्त तीसरे स्थान पर चल रहे है ।

महिला वर्ग में यूक्रेन की अन्ना मुज़्यचुक , रूस की लग्नों कैटरिना और रूस की अलेक्सेंड्रा गोर्याचकिना 3 अंक बनाकर सयुंक्त बढ़त पर चल रही है

## दो हार के बाद सीएसके के कोच फ्लेमिंग ने मानी गलती, बोले - नीलामी में खिलाड़ी मिस हो गए

**चेन्नई (एजेंसी)।** पंजाब के खिलाफ मैच हारने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स के हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने माना कि आईपीएल 2026 की नीलामी में टीम ने कई गेंदबाजों पर नजर रखी थी, लेकिन वे उन्हें टीम में शामिल नहीं कर पाए। फ्लेमिंग ने कहा, हमने नीलामी के दौरान कई गेंदबाजों पर विचार किया था, लेकिन हम उनमें से कई को नहीं ले पाए। उस समय कुछ गेंदबाज फॉर्म में नहीं थे, लेकिन अब वे अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। भरोसा मानिए, हमने हर विकल्प पर चर्चा की थी, लेकिन आखिर में हम कुछ खिलाड़ियों को मिस कर गए।

**210 रन डिफेंड नहीं कर पाई सीएसके –** पंजाब किंग्स के खिलाफ चेन्नई ने 210 रन का बड़ा स्कोर बनाया था, लेकिन टीम इसे डिफेंड नहीं कर पाई और मैच हार गई। इस हार के बाद टीम की गेंदबाजी पर सवाल उठ रहे हैं और



नीलामी रणनीति भी चर्चा में है।

**'अब टी20 में फिनिशर जैसी कोई चीज नहीं' –** फ्लेमिंग ने कहा कि अब टी20 क्रिकेट में पारंपरिक फिनिशर की भूमिका पहले जैसी नहीं रही। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि अब फिनिशर जैसी कोई चीज रह गई है। अब बल्लेबाज पहली गेंद से ही आक्रामक खेलते हैं। पहले ऐसा होता था कि 16वें ओवर तक पारी बनाते थे और फिर आखिर में तेजी से रन बनाते थे, लेकिन अब हर ओवर में 10-12 रन की जरूरत होती है।

**धोनी और ब्रेविस पर जताया भरोसा –** फ्लेमिंग ने टीम की बल्लेबाजी पर भरोसा जताते हुए कहा कि टीम के पास अभी भी दमदार बल्लेबाज हैं। उन्होंने कहा, 240 रन बनाने के लिए अब पूरी टीम को आक्रामक खेलना पड़ता है और हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं। हमारे पास डेवॉल्ड ब्रेविस हैं और एमएस धोनी जैसे दुनिया के बेहतरीन फिनिशर हैं। टीम के पास पावर है और हम तेज रन गति से बल्लेबाजी कर सकते हैं।

**लगातार हार से दबाव में सीएसके –** पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के लिए यह सीजन अब तक अच्छा नहीं रहा है। टीम अपने शुरुआती दोनों मैच हार चुकी है। अब टीम का अगला मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन रायल चैलेंजर बेंगलुरु से होगा, जहां चेन्नई की टीम जीत के साथ वापसी करना चाहेगी।

## युवराज बोले- धोनी के सच्चाई बताने के बाद लिया रिटायरमेंट

**कप्तान विराट, कोच ने स्पष्ट नहीं किया था कि आगे टीम में लेंगे या नहीं**

**मुंबई (एजेंसी)।** 2011 वर्ल्ड कप के हीरो रहे युवराज सिंह ने एक इंटरव्यू में कहा कि धोनी से पता चला था कि अब चयनकर्ता उनके नाम पर विचार नहीं कर रहे हैं। इसके बाद ही युवराज ने 10 जून 2019 को क्रिकेट के सभी फॉर्मेट सें संन्यास ले लिया था।



स्पोर्ट्स तक से बातचीत में युवराज ने कहा कि 36-37 साल की उम्र में जब वे टीम से अंदर-बाहर हो रहे थे, तब न तो नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए), न ही कप्तान विराट कोहली और न ही कोच रवि शास्त्री ने उनसे सीधे बात की। युवी ने कहा, उस समय मुझे लगा कि मैं बीच में फंस गया हूं। मैंने देश के लिए इतना क्रिकेट खेला, तो कम से कम थोड़ी इज्जत और साफ बात तो बनती थी, लेकिन मुझे कुछ भी साफ नहीं बताया गया।

**धोनी ने फोन पर बताया था सच –** युवराज ने कहा कि उन्हें कहीं से कोई जवाब नहीं मिल रहा था, तब उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी को फोन किया। धोनी उस समय कप्तान नहीं थे, लेकिन वे पूरी स्थिति पर नजर रखे हुए थे।

युवराज के मुताबिक, धोनी ने मुझे सही नजरिया दिया। उन्होंने साफ कहा कि सिलेक्टर्स अब आगे की तरफ देख रहे हैं और मैं उनकी योजनाओं का हिस्सा नहीं हूं। धोनी की इस बात ने मुझे वह स्पष्टता दी जो मैनेजमेंट नहीं दे पा रहा था।

**फिटनेस के नाम पर रिटायरमेंट के लिए दबाव बनाया गया –** युवराज ने यह भी आरोप लगाया कि मैनेजमेंट ने उन्हें संन्यास लेने के लिए मजबूर करने की कोशिश की थी। उनसे कहा गया था कि वे अब फिटनेस टेस्ट (यो-यो टेस्ट) पास नहीं कर पाएंगे, इसलिए उन्हें खेल को अलविदा कह देना चाहिए।इस पर उन्होंने साफ जवाब दिया कि रिटायर होना उनका फैसला होगा, जबकि टीम में खिलाना या नहीं खिलाना मैनेजमेंट का निर्णय है। युवराज पर्सनल टिप्पणियों के चलते कमेंट्री से दूरी बनाए हुए हैं युवराज ने यह भी बताया कि वे अब तक कमेंट्री से दूर क्यों रहे।



# सूर्यवंशी के फैन हुए जोस बटलर

**मिलकर कहा- आप जैसा खिलाड़ी पहले कभी नहीं देखा**

चेन्नई (एजेंसी)। गुजरात टाइटंस के जोस बटलर ने भारतीय युवा सनसनी और राजस्थान रॉयल्स से खेलने वाले वैभव सूर्यवंशी की जमकर तारीफ की है। गुजरात टाइटंस के विकेटकीपर-बल्लेबाज बटलर का मानना है कि यह 15 साल का खिलाड़ी आने वाले दशक में क्रिकेट पर राज कर सकता है। राजस्थान रॉयल्स के कैंप में हुई बातचीत के दौरान बटलर ने सूर्यवंशी के टैलेंट को देखकर हैरानी जताई और खुलकर उनकी प्रशंसा की। राजस्थान ने इसका वीडियो शेयर किया है।

- **दुनिया उसके कदमों में होगी–** बटलर ने सूर्यवंशी के खेल को लेकर कहा, मैंने कहा था कि इसे ज्यादा उत्साहित मत करो, लेकिन सच में यह सबसे बेहतरीन खिलाड़ी है जिसे मैंने देखा है। सोचिए जब यह 21 या 25 साल का होगा, तब दुनिया इसके कदमों में होगी। इसे खेलते देखना शानदार है। अंडर-19 वर्ल्ड कप में तुमने इंग्लैंड का दिल तोड़ दिया था, कमाल है। बटलर की इस तारीफ पर सूर्यवंशी मुस्कुराते नजर आए और दोनों ने गर्मजोशी से हाथ मिलाया।
- **मेहनत जारी रखने की सलाह–** बटलर ने युवा बल्लेबाज को सलाह देते हुए कहा, तुम बहुत अच्छा खेल रहे हो, ऐसे ही जारी रखो। तुम्हारी खेलने की आजादी देखने लायक है। वहीं टीम मैनेजर ने खुलासा किया कि सूर्यवंशी ने कभी बटलर जैसा खिलाड़ी बनने और ट्रॉफी जीतने की इच्छा जताई थी।
- **आईपीएल में धमाकेदार शुरुआत–** वैभव सूर्यवंशी पहले ही आईपीएल इतिहास के सबसे युवा शतकवीर बन चुके हैं। इस सीजन की शुरुआत भी उन्होंने शानदार अंदाज में की, जब चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 17 गेंदों में 52 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई।
- **बटलर की नजरें वापसी पर–** दूसरी ओर, बटलर ने इस सीजन की शुरुआत थोड़ी धीमी की है। पंजाब किंग्स के खिलाफ पहले मैच में उन्होंने 33 गेंदों में 38 रन बनाए।

अब वह अपनी पुरानी टीम राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ फॉर्म में वापसी की कोशिश करेंगे। पिछले सीजन में बटलर ने गुजरात टाइटंस के लिए 13 पारियों में 538 रन बनाए थे, जिसमें उनका औसत लगभग 60 और स्ट्राइक रेट 163 से ज्यादा रहा।

## न्यूज बाइट्स

### सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैंक चेकिंग अभियान जारी

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** औरंगाबाद जिले में सुरक्षा के मद्देनज़र पुलिस प्रशासन द्वारा पूरे जिले में बैंक चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पुलिस टीम ने बैंक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, उनकी कार्यक्षमता तथा बैंक लॉकर की सुरक्षा व्यवस्था की गहन जांच की। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बैंक प्रबंधन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सुरक्षा मानकों को और सुदृढ़ करने पर जोर दिया। साथ ही, बैंक कर्मियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य जिले में आपराधिक घटनाओं की रोकथाम और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### दाउदनगर अनुमंडलीय कारा का औचक निरीक्षण

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल ने दाउदनगर स्थित अनुमंडलीय कारा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जेल अधीक्षक अमित कुमार राय भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के क्रम में सचिव ने कारा के सभी वार्डों का गहन जायजा लिया और बंदियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विशेष रूप से बंदियों की कानूनी स्थिति, जमानत और अधिवक्ताओं से संबंधित पहलुओं पर जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि जो बंदी निजी वकील रखने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से निःशुल्क पैनल अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए उन्होंने कारा प्रशासन को सक्रिय भूमिका निभाने और जरूरतमंद बंदियों तक विधिक सहायता शीघ्र पहुंचाने को कहा। सचिव ने जेल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए नियमित स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए।

### अग्निशमन विभाग ने मॉक ड्रिल कर ग्रामीणों को किया जागरूक

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** औरंगाबाद अग्निशमन विभाग द्वारा शनिवार को जन जागरूकता अभियान के तहत मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को आग से बचाव और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान अग्निशमन कर्मियों ने ग्रामीणों को आग लगने के कारणों, उससे बचाव के उपायों और प्राथमिक स्तर पर आग बुझाने की तकनीकों की जानकारी दी। साथ ही गर्मी के मौसम में विशेष सावधानी बरतने की अपील करते हुए बताया गया कि खाना बनाने का समय सुबह 9 बजे से पहले तथा शाम 6 बजे के बाद रखना अधिक सुरक्षित रहेगा। अभियान के तहत ग्रामीणों के बीच पंपलेट वितरित किए गए और फायर इमरजेंसी नंबर की भी जानकारी दी गई, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त की जा सके।

---

औरंगाबाद में लू से निपटने की तैयारी तेज, डीएम के निर्देश पर हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

# लू, सुखाड़, अग्निकांड और पेयजल संकट से निपटने के लिए प्रत्येक विभाग सतर्क

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**




भीषण गर्मी और संभावित लू को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आपदा प्रबंधन विभाग के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन तैयारी को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में लू, सुखाड़, अग्निकांड और पेयजल संकट जैसी संभावित आपदाओं से निपटने के लिए विभागों को सतर्क रहने और समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि गर्मी के दौरान विशेष रूप से बच्चे, गर्भवती महिलाएं, धात्री महिलाएं और दिहाड़ी मजदूर सबसे अधिक प्रभावित होते हैं, इसलिए इन वर्गों के लिए विशेष व्यवस्था जरूरी है।

पेयजल संकट से निपटने के लिए सभी कार्यपालक पदाधिकारियों से क्षेत्रवार जानकारी ली गई और निर्देश दिया गया कि जहां जरूरत हो वहां टैंकर, वाटर एटीएम और प्याऊ के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाए। शहरी क्षेत्रों, स्लम इलाकों और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही खराब चापाकलों की मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर करने और आवश्यकतानुसार डीप बोरिंग व पाइपलाइन से जलापूर्ति करने को कहा गया। नगर परिषद, औरंगाबाद ने बताया कि शहर में 13 टैंकर उपलब्ध हैं और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त टैंकर किराये पर लिए जाएंगे। गांधी मैदान स्थित निर्माणाधीन आश्रय स्थल को जल्द पूरा करने का भी निर्देश दिया गया। वहीं नगर पंचायत नबीनगर में 33 नल-जल योजनाओं, 12 चापाकलों, 28 प्याऊ, 14 आरओ फिल्टर और टैंकरों के माध्यम से जल आपूर्ति की जा रही है। देव नगर पंचायत में 11 वार्डों के 18 स्थानों पर स्टैंड पोस्ट प्याऊ संचालित हैं और 154 चापाकलों की मरम्मत की जा चुकी है, जबकि बारूण और रफीगंज में भी प्याऊ और टैंकर के जरिए पानी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। पीएचईडी विभाग के अनुसार जिले में 1940 चापाकलों की मरम्मत का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से अब तक 370 की मरम्मत हो चुकी है। उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि सभी खराब चापाकलों को 15 दिनों के भीतर दुरुस्त किया जाए और जहां नल-जल योजना नहीं है, वहां टैंकर से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि अस्पतालों में लू से प्रभावित मरीजों के इलाज के लिए पर्याप्त दवाइयां, ओआरएस, पेयजल, ऑक्सीजन सिलेंडर और चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जिले में कुल 96 बेड तैयार किए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रखंड में 5-5 और सदर अस्पताल में 20 बेड शामिल हैं। साथ ही 8 लाख ओआरएस पैकेट उपलब्ध कराए गए हैं। शिक्षा विभाग को स्कूलों का संचालन सुबह की पाली में करने और छात्रों के लिए पेयजल व ओआरएस की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है, जबकि आईसीडीएस विभाग को आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी यही व्यवस्था लागू करने को कहा गया है।

इसके अलावा पशुपालन एवं मत्स्य विभाग को पशुओं के लिए दवा और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने, मोबाइल वैन के माध्यम से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक स्थलों पर जल संचयन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने और जर्जर तारों को शीघ्र ठीक करने को कहा गया है ताकि शॉर्ट सर्किट से होने वाली घटनाओं को रोका जा सके। श्रम विभाग को निर्देश दिया गया कि भीषण गर्मी के दौरान श्रमिकों के कार्य समय में बदलाव करते हुए सुबह 6 बजे से 11 बजे और शाम 3:30 बजे से 6:30 बजे तक कार्य कराया जाए तथा कार्यस्थलों पर पानी, छाया और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि संभावित लू और अन्य आपदाओं से निपटने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) का सख्ती से पालन करें और आम लोगों को जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाएं। इस दौरान जिले के सभी प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे, जबकि प्रखंड और नगर निकायों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

---

शेरघाटी में तेज रफ्तार वाहन ने मारी थी टक्कर

# औरंगाबाद सदर अस्पताल में बुजुर्ग की मौत

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



औरंगाबाद सदर अस्पताल में सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मारी थी। मृतक उमाशंकर(64) भभुआ के बहपुरा गांव के रहने वाले थे। गयाजी के शेरघाटी थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में किराए के मकान में रहते थे। शाकंभरी मिल्क फैक्ट्री में करते थे। शनिवार सुबह करीब 5 बजे प्रतिदिन की तरह घर से फैक्ट्री जाने के लिए निकले थे। पैदल जा रहे थे, इस दौरान एनएच-19 पर सूर्यमणि होटल के पास एक अनियंत्रित वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थे कि मौके पर ही गिर पड़े। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पहचान के बाद परिजनों को सूचना दी गई।

मृतक के भतीजे विमलेश यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचा। स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज लेकर गए। वहां इलाज में लापरवाही बरती गई। जिसके कारण उनकी स्थिति सुधरने के बजाय बिगड़ती चली गई। बेहतर इलाज के लिए वाराणसी ट्रामा सेंटर ले जा रहे थे। इसी दौरान औरंगाबाद के पास उनकी हालत अचानक बिगड़ने लगी। स्थिति गंभीर होते देख परिजन तत्काल सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां कुछ देर बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस अस्पताल पहुंची। थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। परिजनों ने बताया कि उमाशंकर अपने परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उनके दो छोटे पुत्र और तीन पुत्रियां हैं, जिनमें से केवल एक बेटी की शादी हुई है। दो बेटियों की शादी अभी नहीं हुई है। परिवार की पूरी जिम्मेदारी उन्हीं पर थी। अब उनके असामयिक निधन से परिवार आर्थिक और मानसिक संकट में आ गया है।

---

## नवोदय विद्यालय में कैंसर जागरूकता पर कार्यक्रम

**बारून (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** जवाहर नवोदय विद्यालय, बारून में कैंसर जागरूकता विषय पर एक महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर परअखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ रतन कुमार, अजय कुमार, तपेश्वर सिंह एवं संतोष कुमार भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य रवींद्र कुमार सिंह द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुई। उन्होंने मंच से सभी अतिथियों का परिचय कराया और विशेष रूप से डॉ. सुनील कुमार के साथ अपने विद्यालयीन सहपाठी संबंध का उल्लेख करते हुए खुशी जाहिर की। अपने संबोधन में डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि वे पिछले लगभग 25 वर्षों से कैंसर के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि वे अपनी माता चंद्रकांती देवी के नाम पर एक निःशुल्क कैंसर क्लीनिक संचालित कर रहे हैं, जो नारायणा हॉस्पिटल में प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार और रविवार को मरीजों को मुफ्त परामर्श एवं उपचार सुविधा प्रदान करता है। उन्होंने अपने व्याख्यान में कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों, उससे बचाव के उपायों तथा समय पर जांच की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों एवं उपस्थित शिक्षकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का सरल और संतोषजनक उत्तर भी दिया, जिससे कार्यक्रम और अधिक उपयोगी बन गया।

---

# एनएचएआई के नाम पर 87 लाख की ठगी, आरोपी खुद को महानिदेशक बताकर करता था फर्जीवाड़ा

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**


आरोपी दीपक कुमार सिंह

जिले में नौकरी और ठेका दिलाने के नाम पर बड़े पैमाने पर ठगी का मामला सामने आया है, जिसमें आरोपी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का अधिकारी बनकर लोगों से करीब 87 लाख रुपये ऐंठ लिए। आरोपी खुद को असम में एनएचएआई का महानिदेशक बताता था और इसी झांसे में आकर कई लोगों ने उसे भारी रकम दे दी। मामले को लेकर मुफ्फसिल थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, पीड़ितों में धनाड़ी गांव निवासी दीपक कुमार सिंह समेत कई लोग शामिल हैं, जिन्होंने आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। बताया जा रहा है कि सभी की मुलाकात वर्ष 2024 में जमीन खरीद-बिक्री के सिलसिले में जहानाबाद जिले के विशुनगंज निवासी अतुल कुमार सिद्धार्थ से हुई थी। धीरे-धीरे विश्वास कायम होने पर आरोपी ने लोगों को अपने जाल में फंसा लिया। पीड़ितों का आरोप है कि आरोपी खुद को एनएचएआई का बड़ा अधिकारी बताता था और एडिट की गई तस्वीरें दिखाकर विश्वास दिलाता था। उसने नौकरी दिलाने और ठेका दिलवाने के नाम पर अलग-अलग लोगों से 17 लाख से लेकर 26 लाख रुपये तक वसूले। कुल मिलाकर छह से अधिक लोगों से लगभग 87 लाख रुपये की ठगी की गई। शिकायत के अनुसार, दीपक कुमार सिंह से 26 लाख रुपये बैंक खाते में ट्रांसफर कराए गए, जबकि उनके भाई प्रभात सिंह से 17 लाख रुपये लिए गए। इसके अलावा अन्य कई लोगों से भी बड़ी रकम वसूली गई। जब लंबे समय तक न नौकरी मिली और न ही कोई ठेका, तब पीड़ितों को ठगी का एहसास हुआ। पीड़ितों ने जब आरोपी से पैसे वापस मांगे, तो उसने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। यहां तक कि घर आने पर गोली मार देने की भी धमकी दी गई। आरोप है कि इस पूरे मामले में आरोपी की पत्नी कुमारी सुमन सिद्धार्थ और एक सहयोगी प्रमोद कुमार भी शामिल थे, जो दस्तावेजी कामकाज संभालते थे। दबाव बनाने पर आरोपी ने केवल 2 लाख रुपये लौटाए, लेकिन बाकी रकम देने से इनकार कर दिया। मुफ्फसिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 415, 419, 420, 341, 323, 504 और 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। यह घटना एक बार फिर यह दर्शाती है कि फर्जी सरकारी अधिकारी बनकर ठगी करने वाले गिरोह कितनी आसानी से लोगों को निशाना बना रहे हैं। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि नौकरी या ठेका दिलाने के नाम पर किसी भी व्यक्ति पर बिना जांच-पड़ताल के भरोसा न करें और पैसे का लेन-देन करने से पहले पूरी सत्यता की पुष्टि अवश्य करें।

---

# दर्दनाक हादसा : ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात महिला की हुई मौत

**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया रेल खंड पर रफीगंज स्टेशन के समीप एक दर्दनाक हादसे में एक अज्ञात महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना ओवरब्रिज के पास पोल संख्या 506/10 के निकट हुई, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया है। थाना अध्यक्ष शंभू कुमार के अनुसार, मृत महिला की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार महिला की उम्र लगभग 70 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस द्वारा शव को 48 घंटे तक सुरक्षित रखा जाएगा, ताकि उसकी पहचान कराई जा सके। इसके लिए आसपास के थाना क्षेत्रों में भी सूचना भेजी जा रही है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि यह हादसा था या इसके पीछे कोई अन्य कारण है।

---

# एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की समीक्षा बैठक, 632 पीड़ितों को मिला मुआवजा

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार (निवारण) अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की प्रथम बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिनियम के तहत पीड़ितों को दी जा रही सहायता, मुआवजा वितरण और लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला कल्याण पदाधिकारी ने जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान अधिनियम के अंतर्गत कुल 632 पीड़ितों के बीच 4 करोड़ 79 लाख 85 हजार 600 रुपये की मुआवजा राशि का भुगतान किया जा चुका है। इसके अलावा हत्या से संबंधित 25 मामलों में मृतकों के आश्रितों को मार्च 2026 तक पेंशन का भुगतान भी सुनिश्चित किया गया है। प्रशासन द्वारा यह भी बताया गया कि पीड़ितों को आर्थिक सहायता, पुनर्वास और न्यायिक प्रक्रिया में सहयोग उपलब्ध कराने के लिए लगातार अनुश्रवण किया जा रहा है, ताकि किसी भी पात्र लाभार्थी को सहायता से वंचित न रहना पड़े। बैठक में लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया कि शेष मामलों में मुआवजा भुगतान से संबंधित सभी प्रक्रियाएं पहले से पूरी कर ली जाएं, ताकि विभाग से राशि मिलते ही तत्काल भुगतान किया जा सके। उन्होंने संबंधित विभागों को अधिनियम के प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने और पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने के लिए समन्वित प्रयास करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान सदस्य राजेश्वर पासवान ने विभिन्न थाना कांडों में दर्ज मामलों में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, निष्पक्ष जांच और पीड़ितों को समय पर मुआवजा उपलब्ध कराने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। इस पर संबंधित अधिकारियों ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

उप विकास आयुक्त ने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से समीक्षा करते हुए लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें, ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय और सहायता मिल सके। बैठक में कुटुंबा विधायक ललन राम, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी जय प्रकाश नारायण, कोषागार पदाधिकारी महंथ स्वरूप, जिला कल्याण पदाधिकारी अभिषेक कुमार, विभिन्न विधायकों के प्रतिनिधि, विशेष लोक अभियोजक तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के सदस्य समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# आठ मई को होगा पंडित गंगाधर शास्त्री महोत्सव, जुटेंगे ख्याति प्राप्त ज्योतिषी



**निज संवाददाता | नवीनगर(औरंगाबाद)**

जिले के नवीनगर प्रखंड अंतर्गत ग्राम करहरी में महान शिक्षाविद पंडित गंगाधर शास्त्री के पैतृक आवास पर पंडित गंगाधर शास्त्री महोत्सव आयोजन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अशोक पांडेय ने की, जबकि संचालन सुरेश विद्यार्थी ने किया। बैठक में सदस्यों के बीच विस्तृत विचार-विमर्श के बाद 8 मई 2026 को महोत्सव के आयोजन का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए और कार्यक्रम को भव्य रूप से आयोजित करने की रूपरेखा तैयार की गई। तय किया गया कि महोत्सव के दिन सुबह करहरी ग्राम देवी की षोडशोपचार विधि से विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। महोत्सव के दौरान पंडित गंगाधर शास्त्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी, जिसमें विद्वान उनके योगदान पर प्रकाश डालेंगे। इसके साथ ही देशभर के ख्याति प्राप्त ज्योतिषियों का सम्मेलन, कवि सम्मेलन और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे आयोजन को व्यापक स्वरूप दिया जा सके। कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार करने के लिए एक उपसमिति के गठन का भी निर्णय लिया गया, जिसे आगामी बैठक में अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से समाजसेवी शिक्षक उज्ज्वल रंजन को महोत्सव आयोजन समिति का संगठन सचिव मनोनीत किया गया।

---

# चलती ट्रेन पर चढ़ते समय युवक के दोनों पैर कटे

- **स्थानीय लोगों और रेलवे कर्मियों ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया**
- **रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार**

**निज सं. | रफीगंज (औरंगाबाद)**

गया-डेहरी पैसेंजर ट्रेन पर चढ़ने के दौरान एक युवक के साथ दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें उसके दोनों पैर कट गए। घटना उस समय हुई जब ट्रेन प्लेटफॉर्म पर पहुंच रही थी और युवक चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक का संतुलन अचानक बिगड़ गया और उसका पैर फिसल गया, जिससे वह ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच बने गैप में फंस गया। इसी दौरान ट्रेन की चपेट में आने से उसके दोनों पैर गंभीर रूप से कट गए। घटना के बाद प्लेटफॉर्म पर अफरा-तफरी मच गई। घायल युवक की पहचान नाराइज गांव निवासी संजय ठाकुर के 22 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार के रूप में हुई है।

मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों और रेलवे कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उसे तुरंत रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टर धनंजय कुमार ने प्राथमिक उपचार किया। युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए गया स्थित मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर कर दिया गया है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर राम सुमेर ने बताया कि युवक चलती ट्रेन पर चढ़ने का प्रयास कर रहा था, इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और यह हादसा हो गया। उन्होंने यात्रियों से अपील की है कि चलती ट्रेन में चढ़ने या उतरने की कोशिश न करें, क्योंकि इस तरह की लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है।

